RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 267
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 3 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय हस्तियों का अपमान सहन नहीं होगा
राष्ट्रीय-11

# हरियाणा हिंसा: मुख्यमंत्री ने मांगा अतिरिक्त बल

- सीएम ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के बयान से जताई असहमति, कहा- शोभायात्रा की सूचना पर दोनों पक्षों की बैठक हुई थी और कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से होने का आश्वासन दिया गया था, हिंसा अचानक भड़की
- खट्टर ने मुस्लिम समुदाय के युवाओं से भी गोरक्षा के लिए आगे आने की अपील की

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्य में सांप्रदायिक हिंसा के मद्देनजर बुधवार को केंद्रीय बलों की चार और कंपनी मांगी तथा कहा कि आईआरबी (इंडियन रिजर्व बटालियन) की एक बटालियन भी नूंह में तैनात की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्रीय बलों की 20 कंपनी पहले से ही हरियाणा में तैनात हैं, जिनमें से 14 नूंह में, तीन पलवल में, दो गुरुग्राम में और एक फरीदाबाद में तैनात है। यह पूछे जाने पर कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि नूंह में धार्मिक शोभायात्रा के आयोजकों ने जिला प्रशासन को संभावित भीड़ की सही जानकारी नहीं दी थी, इस पर खट्टर ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, जब शोभायात्रा की सूचना मिली तो एक दिन पहले उपायुक्त ने दोनों पक्षों के साथ बैठक की। प्रशासन को आश्वासन दिया गया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से होगा। लेकिन, अचानक घटनाएं हुईं, जिसकी जांच की जा रही है। मोनू मानेसर के बारे में पूछे जाने पर खट्टर ने कहा कि उस पर राजस्थान पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## मोनू मानेसर को पकड़ने में हरियाणा सरकार राजस्थान पुलिस को हरसंभव मदद देगी



चंडीगढ़ में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।

खट्टर ने कहा कि हरियाणा सरकार मोनू मानेसर को पकड़ने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। गोरक्षक मोनू मानेसर के खिलाफ राजस्थान पुलिस ने दो मुस्लिम युवकों की हत्या के सिलसिले में मामला दर्ज किया था, जिनके झुलसे हुए शव फरवरी में हरियाणा के भिवानी जिले में पाए गए थे। खट्टर ने कहा, राजस्थान पुलिस मोनू मानेसर की तलाश कर रही है। हमारे पास कोई जानकारी नहीं है कि वह अब कहां है। राजस्थान पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। मोनू मानेसर ने वीडियो जारी कर नूंह में बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा में शामिल होने की बात कही थी। विश्व हिंदू परिषद की शोभायात्रा को रोकने की कोशिश को लेकर नूंह में भड़की हिंसा–जो पिछले दो दिनों में गुरुग्राम तक फैल गई– में दो होम गार्ड और एक मौलवी सहित छह लोगों की मौत हो गई है। शांति की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। खट्टर ने कहा कि नूंह में सोमवार को हुई हिंसा के बाद से अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है और 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 90 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

खट्टर ने कहा कि नूंह में गोरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा, वहां (गाय की) तस्करी और गोहत्या होती है। उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस के प्रवर्तन ब्यूरो के 100 जवानों को गायों की रक्षा के लिए तैनात किया जाएगा। खट्टर ने मुस्लिम समुदाय के युवाओं से भी गोरक्षा के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा, ऐसे कई मुस्लिम हैं जो गोरक्षा के लिए आवाज उठाते हैं और इसके लिए काम करते हैं। संपत्ति को नुकसान पहुंचने से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस किसी ने भी सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, उसे इसकी भरपाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पहले ही इस संबंध में एक कानून बनाया (शेष पेज 9)

## कोर्ट ने सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने के आदेश दिए

- शीर्ष अदालत ने नफरती भाषण देने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए, मार्च पर रोक लगाने से इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की सीमा से लगे हरियाणा में सांप्रदायिक हिंसा में छह लोगों की मौत हो जाने के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने तथा नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए। शीर्ष अदालत ने हालांकि विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

नफरती भाषण से माहौल खराब होने का जिक्र करते हुए न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी. भट्टी की पीठ ने संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी अदेश दिया। पीठ ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग को संभालकर रखा जाए। इसने कहा, सुनवाई के दौरान, यह स्वीकार किया गया कि 21 अक्टूबर, 2022 के आदेश में दिए गए निर्देशों का पालन किया जाना है। पीठ ने कहा, हमें उम्मीद और विश्वास है कि पुलिस (शेष पेज 9)

## एसआईटी गठित होगी, मोनू मानेसर की भूमिका की भी जांच होगी: डीजीपी

- मस्जिद के मौलवी की हत्या के आरोप में चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हरियाणा** पुलिस प्रमुख पी के अग्रवाल ने बुधवार को यहां कहा कि राज्य में साम्प्रदायिक हिंसा के मामलों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा और इसमें बजरंग दल के सदस्य मोनू मानेसर की भूमिका की जांच की जा रही है। गुरुग्राम में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डीजीपी ने कहा कि राज्य में हालात काबू में हैं और नूंह में कर्फ्यू में थोड़ी देर के लिए छूट दी गई है।




गुरुग्राम में मंगलवार देर रात उपद्रवियों ने कुछ दुकानों को आग लगा दी।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम पूरी तरह सुरक्षित है और हिंसा की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को नूंह में तैनात किया गया और पुलिस बल को प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया गया है। अग्रवाल ने बताया कि हिंसा के सभी मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई साजिश रची गई है तो उसकी भी जांच की जाएगी और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बजरंग दल के मोनू मानेसर की भूमिका की भी जांच (शेष पेज 9)

## रास सभापति के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव पर विचार

- इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक में जगदीप धनखड़ पर लगाए सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपात के आरोप

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** की ओर से मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा होना अभी बाकी है, नवगठित इंडिया गठबंधन के एक वर्ग ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ भी इसी तरह का अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही है।

सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा में 8 अगस्त को सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को इस पर जवाब देंगे। मणिपुर प्रतिनिधिमंडल और विपक्ष के अन्य वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक में इंडिया गठबंधन के कुछ सदस्यों ने 20 जुलाई से शुरू हुए मौजूदा मानसून सत्र के दौरान उच्च सदन में धनखड़ के सदन संचालन के बारे में चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी अध्यक्षता में हुई कार्यवाही में विपक्षी खेमे के प्रति रवैया बहुत पक्षपातपूर्ण रहा है। इस बैठक में सोनिया गांधी भी मौजूद थीं।

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सभापति के आचरण पर आपत्ति जताई। उन्होंने दावा किया कि पिछले सप्ताह के दौरान उन्हें कई मौकों पर अपमानित किया गया, जब भी वह बोलने का प्रयास करते हैं तो उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया जाता है। राज्यसभा सदस्य और इंडिया गठबंधन (शेष पेज 9)

## राष्ट्रपति से मिला विपक्षी प्रतिनिधिमंडल

- प्रधानमंत्री मोदी के मणिपुर दौरे और संसद में वक्तव्य की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विपक्षी** गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दल के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनसे आग्रह किया कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मणिपुर के मुद्दे पर संसद में वक्तव्य देने के लिए कहें। उन्होंने उनसे यह मांग भी की कि मणिपुर में शांति बहाली के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राज्य का दौरा करना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मुलाकात के बाद बताया कि विपक्षी दलों के नेताओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान उन्हें हरियाणा में दंगों के बारे में भी अवगत कराया। राष्ट्रपति से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में खरगे के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार,



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से विपक्षी गठबंधन के सांसदों ने मणिपुर मामले को लेकर भेंट की

तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और कई अन्य दलों के नेता शामिल थे। इस मुलाकात के बाद राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने संवाददाताओं से कहा, हमने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। वहां घटने वाली घटनाओं, खासकर महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के बारे में उन्हें अवगत कराया।

हम राष्ट्रपति का ध्यान आकर्षित करने के लिए मिले। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री को वहां का दौरा करना चाहिए था। 92 दिन हो गए, उसके बारे में वह कुछ नहीं बोले। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमारी मुख्य मांग यही है कि प्रधानमंत्री वहां जाएं, बात करें। शांति स्थापित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए, वहां के लोगों को राहत देनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा इस मामले में संसद के भीतर बयान दिए (शेष पेज 9)

## अनुच्छेद-370 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आरंभ

- अदालत ने याचिकाकर्ताओं से पूछा- जब संविधान सभा मौजूद नहीं, तो अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की सिफारिश कौन कर सकता है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के पांच अगस्त, 2019 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार से सुनवाई शुरू हो गई। पहले दिन पूर्ववर्ती राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संवैधानिक प्रावधान को खत्म करने के लिए याचिका दायर करने वाले लोगों से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल पूछा कि जब वहां कोई संविधान सभा मौजूद ही नहीं है, तो अनुच्छेद 370 को हटाने की सिफारिश कौन कर सकता है? प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने बुधवार को



अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के पांच अगस्त, 2019 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की है। पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल हैं।

न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं के मुख्य वकील वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से पूछा कि एक प्रावधान (अनुच्छेद 370), जिसका विशेष रूप से संविधान में एक अस्थाई प्रावधान के रूप में उल्लेख किया गया था, वह 1957 में जम्मू कश्मीर संविधान सभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद स्थाई कैसे हो सकता है? (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### जोधा-अकबर, लगान के कला निर्देशक नितिन देसाई अपने स्टूडियो में मृत मिले

**मुंबई।** जोधा अकबर, लगान जैसी फिल्मों और मशहूर टीवी कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति का भव्य सेट तैयार करने वाले जाने माने कला निर्देशक नितिन देसाई (57) बुधवार को मुंबई के निकट कर्जत में अपने स्टूडियो में फंदे से लटके पाए गए। देसाई का स्टूडियो रायगढ़ जिले के उरन इलाके में आता है और वहां के निर्दलीय विधायक महेश बाल्दी ने विधान भवन परिसर में संवाददाताओ से कहा कि कला निर्देशक आर्थिक संकट का सामना कर रहे थे और शायद उन्होने इसी वजह से यह कदम उठाया होगा। देसाई (57) ने कई बॉलीवुड और मराठी फिल्मों के लिए कला निर्देशक और प्रोडक्शन डिजाइनर के रूप में काम किया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि खालापुर पुलिस थाने में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है। विधायक बाल्दी ने अनुमान जताया कि देसाई ने सुबह चार से साढ़े चार बजे के बीच आत्महत्या की होगी। पिछले हफ्ते एक दिवालिया अदालत में दायर दिवालिया याचिका के अनुसार, देसाई की कंपनी एनडी आर्ट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड ने अपने वित्तीय ऋणदाता को 252 करोड़ रुपए का ऋण नही चुकाया था।

## 20 विश्वविद्यालय यूजीसी ने फर्जी घोषित किए

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बुधवार को 20 विश्वविद्यालयों को फर्जी घोषित कर दिया और उन्हें कोई भी डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं दिया है। दिल्ली में ऐसे विश्वविद्यालयों की संख्या आठ है, जो सर्वाधिक है। यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा, आयोग के संज्ञान में यह आया है कि कई संस्थान यूजीसी अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत डिग्री की पेशकश कर रहे हैं।

ऐसे विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई डिग्री की न तो मान्यता होगी और न ही वे उच्च शिक्षा या रोजगार के उद्देश्य से मान्य होंगी। इन विश्वविद्यालयों को कोई भी डिग्री प्रदान करने का अधिकार नहीं दिया गया है। उन्होंने ऐसे संस्थानों की एक सूची जारी करते हुए कहा कि ये विश्वविद्यालय फर्जी हैं। यूजीसी के अनुसार दिल्ली में आठ फर्जी विश्वविद्यालय हैं – आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक एंड फिजिकल हेल्थ साइंसेज, कमर्शियल यूनिवर्सिटी लिमिटेड, दरियागंज, यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी, वोकेशनल यूनिवर्सिटी, एडीआर-सेंट्रिक ज्यूरिडिकल यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टीट्यूशन आफ साइंस एंड इंजीनियरिंग, विश्वकर्मा ओपन यूनिवर्सिटी फार सेल्फ-इम्प्लायमेंट और आध्यात्मिक विश्वविद्यालय।

उत्तर प्रदेश में ऐसे चार विश्वविद्यालय हैं – गांधी हिंदी विद्यापीठ, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ इलेक्ट्रो कॉम्प्लेक्स होम्योपैथी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूनिवर्सिटी (मुक्त विश्वविद्यालय) और भारतीय शिक्षा परिषद। आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में दो-दो ऐसे विश्वविद्यालय हैं। ये हैं आंध्र प्रदेश में क्राइस्ट न्यू टेस्टामेंट डीम्ड यूनिवर्सिटी और बाइबिल ओपन (शेष पेज 9)

## विकास को गति देता है महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण: मोदी

**भाषा।** गांधीनगर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण विकास को गति देता है और उन्हें सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी तरीका महिला नीत विकासात्मक दृष्टिकोण है। जी20 की भारत की अध्यक्षता में गुजरात की राजधानी गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित महिला सशक्तीकरण मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को मोदी ने डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, जब महिलाएं समृद्ध होती हैं, तो दुनिया समृद्ध होती है।

उन्होंने मौजूदा परिदृश्य में महिला उद्यमियों को समान अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य समान अवसर मुहैया कराने वाला मंच बनाने का होना चाहिए जहां महिलाओं द्वारा उपलब्धि हासिल करना सामान्य बात हो जाए। हमें उन बाधाओं को दूर करने पर काम करना चाहिए जो बाजार, वैश्विक मूल्य श्रृंखला तथा



किफायती वित्त तक उनकी पहुंच को रोकती हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण विकास को गति देता है। शिक्षा तक उनकी पहुंच वैश्विक प्रगति को बढ़ावा देती है। उनका नेतृत्व समावेशिता बढ़ाता है और उनकी आवाज सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसका उदाहरण देते हुए कहा, महात्मा गांधी का मशहूर चरखा गंगाबेन नाम की महिला को पास के गांव में मिला था।

उन्होंने कहा, महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी तरीका महिला नीत विकास का दृष्टिकोण है। भारत इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खुद एक प्रेरणादायक मिसाल कायम की है। वह साधारण जनजातीय पृष्ठभूमि से आती हैं, लेकिन अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करती हैं और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े रक्षा बल की पदेन प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि भारत में शुरुआत से ही महिलाओं को वोट देने तथा चुनाव लड़ने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारत में ग्रामीण स्थानीय निकायों में 46 फीसदी यानी कि 14 लाख निर्वाचित प्रतिनिधि महिलाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में 80 फीसदी से अधिक नर्स और दाई (मिडवाइफ) महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान अग्रिम मोर्चे पर काम करने के लिए उनकी उपलब्धियों पर देश को गर्व है। उन्होंने कहा, महिला नीत विकास भारत में हमारे लिए अहम प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत करीब 70 फीसदी कर्ज महिलाओं को दिए गए हैं। इसके तहत छोटे स्तर के उद्यमों को सहयोग देने के लिए 10 लाख रुपए तक का कर्ज दिया जाता है। इसी तरह स्टैंडअप इंडिया (सरकारी कार्यक्रम) के तहत 80 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत अभी तक ग्रामीण महिलाओं को करीब 10 करोड़ रसोई गैस सिलेंडर के कनेक्शन दिए गए हैं।

मोदी ने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रौद्योगिक शिक्षा में महिलाओं की संख्या 2014 के बाद से दोगुनी हुई है और भारत में करीब 43 प्रतिशत स्टेम (एसटीईएम) (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) स्नातक महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत में करीब एक-चौथाई अंतरिक्ष वैज्ञानिक महिलाएं हैं तथा चंद्रयान, गगनयान तथा मंगल मिशन जैसे देश के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की सफलता के पीछे उनकी प्रतिभा और कठिन परिश्रम है। उन्होंने कहा, आज भारत में पुरुषों के मुकाबले अधिक महिलाएं उच्च शिक्षा के लिए पंजीकरण करा रही हैं। नागरिक उड्डयन में सबसे अधिक महिला पायलट (शेष पेज 9)

# नूंह हिंसा में घायल बजरंग दल के संयोजक प्रदीप शर्मा की दिल्ली सफदरजंग में मौत

## मेवात में 116 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी, 26 एफआईआर दर्ज

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम/नूंह

**नूंह** (मेवात) में धार्मिक यात्रा पर हुए हमले में घायल हुए बजरंग दल के संयोजक प्रदीप शर्मा की बुधवार को दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। बीती 31 जुलाई को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की तरफ बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा निकाले जाने के दौरान अराजक लोगों की भीड़ ने हमला बोल दिया था। गुरुग्राम समेत अन्य जिलों से बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता 31 जुलाई को नूंह स्थित मंदिर में जलाभिषेक के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनके काफिले पर कातिलाना हमला हुआ। देखते ही देखते हिंसा आगजनी शुरू हो गई। इसी हिंसा में बजरंग दल के संयोजक प्रदीप शर्मा बुरी तरह से घायल हुए थे। उन्हें उपचार के लिए दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष करते हुए बुधवार को उनकी मौत हो गई। इस सूचना पर संगठनों में रोष व्याप्त हो गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र तंवर के मुताबिक हिंसा के दौरान प्रदीप शर्मा उस समय घायल हुए, जब पुलिस अपनी सुरक्षा में लेकर उन्हें आ रही थी।



नूंह हिंसा में मृतक बजरंग दल संयोजक प्रदीप शर्मा। फाइल फोटो। बादशाहपुर क्षेत्र में रात के समय जलाई गई एक दुकान।

**नूंह में हिंसा करने के 116 आरोपी गिरफ्तार** : नूंह में ब्रजमंडल धार्मिक यात्रा के दौरान हुई हिंसा में अब तक 41 एफआईआर दर्ज की गई हैं। 116 लोग गिरफ्तार किए हैं। इस घटना में लगभग 60 व्यक्ति घायल और 6 लोगों की मौत हुई है। यह पुष्टि नूंह के डीसी प्रशांत पंवार ने की। उन्होंने कहा कि मंगलवार दो अगस्त को कर्फ्यू में ढील दी गई। जिला प्रशासन द्वारा 2 व 3 अगस्त को कर्फयु में ढील देने का निर्णय लिया गया है। दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक दो घंटे के लिए जरूरतों का सामान खरीदने के लिए कहा गया।

उन्होंने मार्किटिंग बोर्ड सहित अन्य जरूरी सामान की दुकानों के मालिकों से कहा कि वे दुकानों पर आने वाले लोगों को व्यवस्थित तरीके से राशन आदि वितरित करें। सुरक्षा के मद्देनजर गांवों में ठीकरी पहरा लगाने के आदेश जारी किए हैं। मेवात में पुलिस बल की 14 कंपनियां तैनात की गई हैं। शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10 ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा 6 स्पेशल ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं।

**गुरुग्राम पुलिस ने दंगाईयों पर दर्ज की 9 एफआईआर** : नूंह से निकलकर गुरुग्राम पहुंची दंगों की आग को लेकर भी पुलिस व प्रशासन पैनी नजर बनाए हुए है। गुरुग्राम में हुए उपद्रव पर पुलिस ने साउथ रेंज में 9 एफआईआर अभी तक दर्ज की हैं। डीसीपी साउथ सिद्धांत जैन का कहना है कि जल्द ही इस मामले में आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी भी की जाएंगी।

वहीं गुरुग्राम एसीपी क्राइम वरुण दहिया के मुताबिक गुरुग्राम में स्थिति सामान्य है। ट्रैफिक पुलिस जनता के लिए तैनात की गई है, ताकि किसी तरह की आम जनता को परेशानी ना हो। वहीं मंगलवार देर रात गुरुग्राम टीकली रोड बादशाहपुर में आगजनी की घटना हुई है। बताया जा रहा है कि कुछ दंगाईयों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस जांच में जुटी है।

**किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल कहा है कि नूंह में हुई दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। नूंह की घटना में 6 लोगों के मारे जाने की सूचना है। मरने वालों में 2 होमगार्ड के जवान और 4 आम नागरिक शामिल हैं।

हरियाणा पुलिस की 30 और 20 पैरामिलिट्री फोर्स की यूनिट केंद्र से भेजी गई है। 14 युनिट नूंह, 3 पलवल, 2 फरीदाबाद और एक गुरूग्राम में भेजी गई। षड्यंत्रकारियों की लगातार पहचान की जा रही है। किसी भी दोषी या षड्यंत्रकारी को बख्शा नहीं जाएगा।

## गुरुग्राम में खुले में पेट्रोल, डीजल व अन्य ज्वलनशील पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध

**गुरुग्राम।** नूंह के बाद गुरुग्राम में हुई हिंसात्मक घटना को लेकर जिलाधीश एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने सभी पेट्रोल पंप आदि पर धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर खुले रूप में पेट्रोल व डीजल सहित अन्य ज्वलनशील पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

जिला में निरंतर सामान्य हो रहे हालातों के मद्देनजर आमजन के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सभी नागरिक सोशल मीडिया पर ऐसी कोई भी सामग्री पोस्ट करने से बचें। जो किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती हो या धार्मिक सद्भाव को खतरा उत्पन्न करती हो। एडवाइजरी में कहा गया है कि आमजन किसी भी अभद्र भाषा का उपयोग करने से बचें और व्यक्तियों को उनके धर्म, जाति या किसी अन्य व्यक्तिगत विशेषताओं के आधार पर चोट पहुंचाने के इरादे से कोई भी वीडियो, फोटो या पोस्ट साझा करने से बचें। ऐसी आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने पर लागू नियमों के अनुसार कानूनी कार्रवाई हो सकती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर झूठी अफवाहें फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी भाईचारे को खराब करने वालों को मिलेगी सजा



**सोहना।** सोहना के विधायक संजय सिंह ने बुधवार को शहर में पहुंच कर व्यापारियों से अमन चैन बनाए रखने की अपील की। उन्होंने ने सुरक्षा को लेकर पूरा आश्वासन भी दिया। अंबेडकर चौक पर हुआ उपद्रव के 48घंटा के बाद सोहना विधायक संजय सिंह शहर में भाईटारा कायम करने के उद्देश्य से पहुंचे। विधायक ने अनाज मंडी में व्यापारियों के बीच बैठकर शहर के हाल चाल जाना। शहरवासियों को उपजे विवाद का जल्द ही समाधान करने का भरोसा दिया। दोषियों को जल्द ही जेल के अंदर भिजवाने की बात कही। विधायक ने व्यापारियों से बाजार खोलने और बिना किसी मन मुटाव के सदभावना से रहने की अपील की। उन्होंने ने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गृहमंत्री अनिल विज ने पुलिस और प्रशासन को आदेश देते हुए विवाद को पैदा करने वाले तक जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि समाज का दुश्मन किसी का हितेषी नहीं होते। अमन चैन और आपसी भाई चारा को खत्म करने वालों की पहचान की जाएगी रही है।

### सांचौली में बना फार्म हाउस से युवक लापता

**सोहना।** सोहना सदर थाना क्षेत्र के गांव सांचौली में बना फार्म हाउस में से 24 वर्षीय युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। युवक रोजका मेव की कंपनी में नौकरी करता था। जिला पलवल निवासी कमलेश ने सदर थाना सोहना पुलिस को अपने छोटे भाई के संदिग्ध हालात में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पलवल निवासी कमलेश ने पुलिस को बताया कि उसका 24 वर्षीय गांव सांचौली के एक फार्म हाउस में रहता था। वह रोजका मेव की कंपनी में नौकरी करता था। 25 जुलाई को लापता हो गया। जिसकी उसने अपने स्तर पर तलाश करने पर कोई सुराग नहीं लगा है।

### सोहना मंडी में सब्जी के साथ -साथ खरीददार भी नहीं पहुंचे



**सोहना।** बुधवार को मंडी में कम मात्रा में सब्जियां आई। जिसके भी खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या भी और दिन की अपेक्षा कम थी। जिसके कारण सोमवार को 300 के भाव बिकने वाला टमाटर 50 रुपये कम बिका। मंगलवार और बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र से सब्जियों की आवक तथा दूसरे शहरों से फलों की आवक नहीं हुई। जिसके कारण सब्जियों में घीयाए तोरईए हरी मिर्चए खीरा व पालक की आवक हुई। दिल्ली की आजादपुर और फरीदाबाद की डबुआ मंडी से आने वाली सब्जियों की गाडी नहीं आई। मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को भी चंद ही फ्ल रेहड़ियां व दुकानों पर रखे दिखाई दिए। जिसमें अनारए केलाए आम ही ज्यादा मात्रा में थे। मार्केट कमेटी बोली सुपरवाइजर राजकुमार ने बताया कि बुधवार को 10फीसदी ही सब्जी की आवक हुई है। बुधवार को सब्जी खरीदने वाले दुकानदार से लेकर ग्राहक कम आए। जिससे आवक कम होने के कारण भी सब्जियों की कीमतें नहीं बढ़ी। टमाटर जहा मंगलवार को 300 रुपये का किलों बिका। वहां बुधवार को टमाटर 250रुपये बिका। टमाटर को भी चंद दुकानदारों ही बिक्री के लिए खरीदा। क्योंकि मंडी भी फुटकर सब्जियां खरीदने वाले ग्राहक बहुत ही कम आए।

### पशुधन बोर्ड के चेयरमैन ने किया बैंक का निरीक्षण



**गुरुग्राम।** हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर व पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने राजीव चौक स्थित पशुपालन विभाग में सीमन बैंक का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सांडो के स्वास्थ्य व उनके रखरखाव के लिए किए गए इंतजामों का भी निरीक्षण किया। सांडों के लिए हरा चारा उगाने वाले खेतों का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। ऐसे में विभाग के सभी अधिकारी लोगों को निरंतर योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ नरेंद्र यादव, सीमन बैंक अधिकारी डॉ रामफल मान, डॉ शैलेंद्र भारती, डॉ रवि ज्योति एवं डॉ राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

## गुरुग्राम में सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पढ़ने के मुद्दे पर समग्र हिंदू सेवा संघ ने जताई आपत्ति


उपायुक्त को भारत के गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते समग्र हिंदू सेवा संघ के सदस्य।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के डीसी के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री को समग्र हिंदू सेवा संघ ने बुधवार को एक ज्ञापन भेजा। इस ज्ञापन में दोषियों के घरों पर बुल्डोजर चलवाने, मृतकों के परिवारों को 5-5 करोड़ रुपये और घायलों को 2-2 करोड़ रुपये देने की मांग के साथ सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पढ़ने वालों पर तुरंत कार्यवाही की मांग की गई है। इसके साथ ही गृह मंत्री से मांग की गई है कि वे हरियाणा सरकार को गुंडा एक्ट बनाने के लिए निर्देश दें। नुकसान की भरपाई ऐसे जेहादी लोगों से वसूली करके करने की बात भी कही है।

समग्र हिंदू संघ के नेताओं संरक्षक महावीर भारद्वाज, नत्थू सिंह सरपंच, ब्रह्मप्रकाश कौशिक, राजीव मित्तल, कुलभूषण भारद्वाज, चेतन शर्मा, नरेश कटारिया, डा. अंजू रावत नेगी, कृष्ण भारद्वाज, रामअवतार शर्मा, रिनू गुप्ता, जितेंद्र, गौरव, कृष्ण शर्मा ने कहा कि ने कहा कि मिनी पाकिस्तान के रूप में विकसित हो रहे मेवात क्षेत्र का स्थायी समाधान करने की दिशा में कठोर कदम उठाए जाएं। समग्र हिन्दू सेवा संघ ने उपायुक्त को बताया है कि 6 दिसंबर 2021 को संयुक्त हिन्दू संघर्ष समिति तथा मुस्लिम इमाम संगठन के बीच जिला प्रशासन की उपस्थिति में आम सहमति बनी थी कि गुरुग्राम में अवैध रूप से की जा रही नमाजों को बंद किया जाता है। इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं आया है। संघ ने आगामी 15 दिनों के अंतराल में सोहना चौक से रेलवे स्टेशन, डाक खाना चौक से सेक्टर 4-7, पटौदी चौक से बसई चौक, सोहना चौक से बस स्टैंड की सड़कों पर अतिक्रमण के रूप में लगने वाली रेहड़ी पटरी पर कब्जे, तथा अवैध दुकानों को तत्काल हटाये जाने की मांग भी की है। संघ ने अपनी एक और मांग में बताया है कि गुरुग्राम में मीट की दुकानों के लाइसेंस भी काफी सीमित है, लेकिन कई हजार दुकानें अवैध रूप से चल रही हैं।

**खुले में नमाज का जल्द होगा विवाद खत्म** : इस दौरान जिला उपायुक्त ने बताया कि गुरुग्राम में अभी 4 जगहों पर सार्वजनिक जगहों पर नमाज पढ़ी जा रही है। कोशिश कि जाएगी कि जल्द ही मस्जिदों, वक्फ बोर्ड कि जमीनों, इबाबत गाह और निजी स्थानों पर ही सार्वजनिक रूप से नमाज को पढ़ी जाये। किसी जगह को लेकर विवाद न हो, यह ध्यान रखा जायेगा।

## फिर हुई शांति कमेटी की बैठक, भाईचारा बनाए रखने पर जोर

### जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**नूंह** में धार्मिक यात्रा पर हुए हमले के बाद जिला में शांति बहाल करने के लिए प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी जिला उपायुक्त प्रशांत पंवार ने अपने कार्यालय में शांति कमेटी की बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि नूंह जिला में वर्षों से लोगों के बीच भाईचारा बना हुआ है, ऐसे में यहां के मौजिज लोग इसे और मजबूत करने में जिला प्रशासन का सहयोग करे। उन्होंने बृजमंडल धार्मिक यात्रा के दौरान हुई हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि मौजिज लोग आम जन जीवन को पुन: पटरी पर लाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में जिला के विभिन्न गांवों के



सरपंचों सहित अन्य मौजिज लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि जिला में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

**6 जिलों के आईपीएस अधिकारी कर रहे मॉनिटरिंग** : डीसी प्रशांत कुमार ने बताया कि 6 जिलों के आईपीएस अधिकारी नूंह जिला की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में गिरफतारियां चल रही हैं और आरोपियों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर पहलु की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित मौजिज लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अफवाहों से दूर रहें।

## सोहना में शांति बहाली के लिए लिए अर्धसैनिक बल तैनात

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**मंगलवार** की शाम से अर्ध सैनिक बल की एक टुकड़ी तैनाती से उपद्रवियों के हौसले पस्त हो गए।बुधवार को पुलिस और अर्ध सैनिक बल की टुकड़ी ने सयुक्त रुप से शहर में शांति मार्च निकाला। सुरक्षा की दृष्टि से शहर में स्थापित धार्मिक स्थलों से लेकर संवेदनशील स्थानों पर पुलिस को तैनात किया गया है।

सोमवार की शाम से शहर में दो समुदाय के बीच पत्थराव और फायरिंग होने से पैदा हुई हिंसात्मक हालात धीरे.धीरे सामान्य करने के लिए पुलिस और प्रशासन भरस्क प्रयास करने में जुटे है। जिसको लेकर मंगलवार आरएफ को भी तैनात कर दिया गया। ताकि हिंसा प्रवृति के लोगों तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम का संदेश पहुंच षकेश पहुंच सके।

**शांति मार्च निकाला :** बुधवार को सुबह 11 बजे पुलिस और अर्धसैनिक


सोहना में बुधवार को शांति मार्च निकालते हुए पुलिस और सैनिक एक ।

बल की टुकड़ी ने मिलकर शहर में शांति मार्च निकाला। जिसकी शुरुआत अंबेडकर चौक से शहर थानाए बस स्टैंड रोड़, नगर परिषद कार्यालय से शहीद भगत सिंह फव्वारा चौकए पुराना बस स्टैंडए सांप की नंगली मोड़ से चूंगी नंबर एक से दोए सामान्य बस स्टैंड से वापस बाईपास चौक पर ही समाज किया।

**चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात** : शहर के सभी धार्मिक स्थलो से लेकर संवेदनध् अति संवेदनशील स्थानों पर पुलिस को तैनात किया हुआ है। जिसमे राजीव गांधी पार्क ए शाही जामा मस्जिद, गुरुद्वारा और शहर के सभी मंदिरों पर 24 घंटा के लिए पुलिस को लगाया हुआ है। इसके अलावा तावडू ए दमदमाए बालूदाएपलवलए इंडरी और नूंह को शहर से जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस को लगाया हुआ है।

**वाहनों से गश्त जारी :** सुरक्षा की कड़ी में अहम योगदान ईवीएमए पीसीआरए एसएचओ मोबाइल गाड़ी के साथ पैदल घूमकर भी पुलिस गश्त कर रही है।

## सोहना की मस्जिद में तोड़फोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** शहर के राजीव गांधी पार्क के साथ लगती जमीन पर बनी मस्जिद पर कुछ युवकों ने तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मस्जिद के इमाम और उसके परिजनों को बाहर निकालते हुए सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। मंगलवार को शहर के वार्ड 19 में बनो शाही जामा मस्जिद पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए अंदर घूस गए। जिनकी संख्या 15-20 के लगभग बताई जा रही है। युवकों ने यहा रखी चारपाईए बिजली के पंखेए प्लास्टिक की कुर्सियों को तोड़ दिया। पास में खड़ी ईको को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। तभी मस्जिद के इमाम मौलाना अबुल कलाम ने पुलिस को 112 पर फोन करके बुलाया। सूचना मिलने के बाद 5 मिनट में पहुंच गई। पुलिस को देख उपद्री वहा से भाग गए। पुलिस ने मस्जिद में रहने वाले परिजनों को साथ लाए बस में बैठाकर ले गए। जिन्हें बाद में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। मस्जिद पर तोड़फोड़ के बाद पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

## दुकानदार नहीं कर रहे हैं अपनी और प्रतिष्ठानों को खोलने का साहस

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोमवार** की शाम से दो समुदाय के लोगों के बीच बना तनाव को लेकर स्थानीय बाजर बूद पड़े है। बुधवार को 10 फीसदी ही दुकानें खुली। जिसमें कच्चा मिल बेचने वाले दुकानदार ज्यादा थे।

नूंह में धार्मिक यात्रा के दौरान धध्की आग का असर से सोहना में भी दो समुदाय के नागरिकों के बीच आपसी टकराव समाप्त नहीं है। बुधवार को 10 फीसदी ही दुकानें खुली। पिछले 48 घंटा से दो समुदाय के लोगों में उपजा विवाद बुधवार को वैसे सामान्य रहा। लेकिन स्थानीय बाजारों में बैठे दुकानदार अपनी दुकानों को खोलने का साहस न कर पा रहे है।

बुधवार को मेडिकल स्टोरए गोवाए पनीरए ब्रेकरीए हलवाई, क्लीनिक, नर्सिंग अस्पताल और दूध की डेरी खुली। चंद किरयाणा सामान के थोक विक्रेताओं ने अपने गादामों पर खोला। पुराने शहर में 95 फीसदी दुकानें बंद रही। जबकि बालूदा मार्ग, दमदमा मार्ग, इंडरी रोड़, पर 40 फीसदी दुकाने खुली, जिससे


सोहना में बंद बाजारों में दुकान।

नागरिकों को खाद्य सामग्री की कमी महसूस नहीं हुई । वैसे बाजार में गुटका, बीड़ी, सिगरेट जैसे सामान की एक दो दिन कमी आने वाली है। दुकानदार रवि ने बताया कि गुटके और बीड़ियां कम होनी शुरू हो गई है। दूसरे बाजारों से सामान की आवक न होने से कमी होने लगी है। जिससे दुकान पर सामान कम होने से पूरा दिन हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठ सकते।

**तनाव कम होने का इंतजार** : प्रशासन की तरफ से व्यापारियों को अपने दुकान और प्रतिष्ठान खुलने के आदेश कर दिए थे। साथ में पूरी सुरक्षा का भी आश्वासन जिला उपायुक्त निशांत यादव द्वारा दिया भी गया था। लेकिन दुकानदार अपनी दुकानों नहीं खोल रहे है। दुकानदार प्रवीण बॉबी ने बताया कि ग्राहक नहीं आ रहा है। यह बाजार ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्राहकों से ही दुकानदारी होती है। हिंसा के कारण गांवों से भी छोटे दुकानदार सामान लेने को नहीं आ रहा है।

**संगठन की दुकाने खोलने की अपील** : शहर व्यापार मंडल संगठन ने मंगलवार को ही सोशल मीडिया पर संदेश छोड़कर बाजारों को खोलने की अपील की। लेकिन दुकानदार हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। जिससे बाजार में 90 फीसदी दुकाने बंद करके बैठे है।

## कार्य स्थल पर स्तनपान के लिए महिलाओं को अनुकूल जगह जरूरी: सुषमा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नाहरपुर** रूपा सर्कल के शिवाजी नगर कॉलोनी में सुपरवाइजर सुषमा द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त 2023 का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम संतान को सक्षम बनाना कामकाजी माता-पिता के लिए बदलाव लाना है।

उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाएं कार्य स्थल से संबंधित चुनौतियों के कारण शिशु को स्तनपान करवाना छोड़ देती हैं। या फिर समय से स्तनपान नहीं करवा पाती। आंकड़े बताते हैं कि जो माता 3 महीने से कम मातृत्व अवकाश पर हैं, वे 3 महीने से अधिक मातृत्व अवकाश लेने वाले माता-पिता की तुलना में शिशु को स्तनपान कम समय तक करवाती हैं। कामकाजी महिलाओं के लिए कार्य स्थल पर धनवान के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि वह स्तनपान के लिए अनुकूल स्थान बना सके।

उन्होंने कहा कि स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य शीघ्र 6 माह तक केवल स्तनपान एवं 2 वर्ष तक स्तनपान जारी रखने के महत्व के बारे में समुदाय में जागरूकता लाना है। घर के सदस्यों पुरुषों समुदाय द्वारा सफल संतान को सुनिश्चित कराने के लिए अपनाए जा सकने वाले जरूरी कदम के बारे में जानकारी प्रदान करना है।


गुरुग्राम के शिवाजी नगर में स्तनपान के प्रति जागरुकता के लिए शपथ दिलाती सुपरवाईजर सुषमा।

## एडब्लूएस और एक्सेल ने देश में जनरेटिव एआई स्टार्टअप्स का सहयोग करने, के लिए एमएल एलिवेट 2023 की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पहली** बार एमएल एलिवेट केवल उन स्टार्टअप्स पर केंद्रित होगा, जो इनोवेटिव जनरेटिव एआई समाधानों का निर्माण कर रहे हैं एमेजॉन वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) और वेंचर कैपिटल फर्म एक्सेल ने छ: हफ्ते के एक्सेलरेटर प्रोग्राम, एमएल एलिवेट 2023 की घोषणा की है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य उन स्टार्टअप्स को मजबूत बनाना है, जो जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) की एप्लीकेशंस का विकास करते हैं। जनरेटिव एआई एप्लीकेशंस डेवलपर्स और इसकी ओर उत्साहित लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक चर्चाओं, कहानियों, इमेज, वीडियो और म्यूज़िक को समझने व उनका निर्माझा करने की क्षमता के लिए आकर्षित करती हैं।

जनरेटिव एआई मशीन लर्निंग (एमएल) मॉडलों द्वारा पॉवर्ड है। ये मॉडल बहुत विशाल हैं, और विशाल डेटा पर पहले से प्रशिक्षित होते हैं, और इन्हें आम तौर से फाउंडेशन मॉडल (एफएम) कहा जाता है। आज एडब्लूएस पर निर्मित एमएल मॉडल सप्लाई चेन में फ्रिक्शन को कम कर ठोस मूल्य प्रदान करते हैं,




डिजिटल अनुभवों को व्यक्तिगत बनाते हैं, और वस्तु एवं सेवाओं को ज्यादा सुलभ व किफायती बनाते हैं।

हाल ही में नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज़ कंपनीज़ (नैसकॉम) ने एक अध्ययन, जनरेटिव एआई स्टार्टअप लैंडस्केप इन इंडिया - ए 2023 पर्सपेक्टिव किया, जिसके अनुसार देश में जनरेटिव एआई स्टार्टअप्स ने जनवरी 2021 से मई 2023 के बीच निजी निवेशों में 475 मिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा एकत्रित किए। एमएल एलिवेट का उद्देश्य जनरेटिव एआई स्टार्टअप्स को सपोर्ट करना, और उन्हें प्रभावशाली एआई मॉडल एवं टूल, बिज़नेस एवं टेक्निकल मेंटरशिप, संकलित संसाधन, एडब्लूएस एक्टिवेट प्रोग्राम और 200,000 अमेरिकी डॉलर तक के एडब्लूएस क्रेडिट उपलब्ध कराना है।

अन्य फायदों में अग्रणी एआई एवं एमएल स्टार्टअप फाउंडर्स की ओर से पीयर सपोर्ट और एमेज़ॉन सेज़मेकर जंपस्टार्ट पर प्रोडक्शन रेडी जनरेटिव एआई एप्लीकेशंस का विस्तार करने का अवसर शामिल है। जो एक मिनिमम वायेबल प्रोडक्ट (एमवीपी) का विकास कर चुके हैं, और अगले 12 से 18 महीनों में फंडिंग प्राप्त करना चाहते हैं। इसके लिए चयनित स्टार्टअप्स को लाईव वर्चुअल मास्टर क्लास प्रदान किए जाएंगे, जिनमें निवेशकों, औद्योगिक नेतृत्वकर्ताओं, और एडब्लूएस विशेषज्ञों की ओर से फायरसाईड चैट और पैनल वार्ताएं शामिल हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 3 अगस्त, 2023



# सभी समुदायों के प्रबुद्धजनों ने शांति बरकरार रखने का दिया भरोसा

### कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सर्वधर्म पीस कमेटी की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** जिला में अमन चैन, शांति व्यवस्था व आपसी सद्भाव बनाये रखने को लेकर डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय जिला स्तरीय सर्व धर्म शांति कमेटी की बैठक हुई। बैठक में हिंदू व मुस्लिम सहित अन्य समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए। बैठक में सभी पक्षों ने अपने अपने क्षेत्रों में शांति और सद्भाव बनाने का आश्वासन दिया है।

डीसी पड़ोसी जिला नूंह प्रकरण के मद्देनजर जिला फरीदाबाद में कानून व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाये रखने के लिए हिंदू व मुस्लिम सहित अन्य सर्व धर्म समाज के लोगों के साथ सीधा संवाद कर जिला में अमन चैन, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोर दिया। डीसी ने कहा कि क्षेत्र में सांप्रदायिक उन्माद को फैलने से रोकने का एक ही उपाय है कि अफवाहों को नजरअंदाज किया जाए।

हमारे समाज में सभी धर्म-संप्रदाय के मानने वाले सदियों से आपसी प्रेम और मेलजोल से रहते चले आए हैं और यही हमारे समाज का मूल स्वभाव है। नफरत और हिंसा के लिए हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। डीसी ने प्रबुद्ध नागरिकों से अफवाहों को अनदेखा करके शांति, भाईचारा प्रेम और सहिष्णुता बनाए रखने की अपील कर प्रशासन और पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने में मदद करने का आह्वान किया।



**जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर है पैनी नजर :** डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। फेक न्यूज और अफवाह फैलाने वाले दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। डीसी ने कहा कि किसी भी तरह की अमर्यादित भाषा, किसी व्यक्ति विशेष, जाति, धर्म संप्रदाय को आहत करने की मंशा से पोस्ट के रूप में कोई भी वीडियो, फोटो या अभिलेख न डालें। अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी प्रकार की भी कोई गलत अफवाह न फैलाएं। अगर कोई भी सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाएगा या फिर किसी के धर्म या जाति पर कोई गलत टिप्पणी करेगा तो उस पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है।

**असामाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को दें :** डीसी ने बैठक में सभी समुदायों के गणमान्य नागरिकों से आह्वान किया गया कि नूंह जिला में जो घटना घटित हुई है, उसके संबंध में आपके पास कोई भी सूचना हो तो तुरंत इसकी जानकारी प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दें, ताकि दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। बैठक में एससीयूटी सोनू भट्ट, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया सहित सभी धर्मों के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने भाग लिया।

# पलवल में आगजनी के बाद धार्मिक स्थल में तोड़फोड़

### दंगाइयों की खैर नहीं, जल्द होंगे सलाखों के पीछे : एसपी लोकेंद्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**नूंह** में हुई हिंसा के बाद पलवल में तीसरे दिन भी इसका असर देखने को मिला। शहर में सुबह से ही काफी तनाव का माहौल रहा। पुलिस की टुकड़ियों ने लगातार गश्त किया। बताया जा रहा है कि उपद्रवियों ने मंगलवार देर रात पलवल शहर स्थित एक धार्मिक स्थल पर हमला कर जमकर तोड़फोड़ की और फिर पेट्रोल बम फेंककर उसे काफी नुकसान पहुंचाया। इस घटना से पूरे इलाके में डर और तनाव की स्थिति है।

पुलिस अधीक्षक पलवल लोकेंद्र सिंह का कहना है कि जिले में शांति बनाए रखें। कानून व्यवस्था बनाने के लिए जिला अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसमें जिला पुलिस के लगभग 800 जवान के साथ-साथ बीएसफ की एक कंपनी, सीआरपीएफ की दो कंपनी, आईआरबी की एक कंपनी और फरीदाबाद पुलिस की एक कंपनी की तैनाती की गई है। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग व फ्लैग मार्च कर रही है और लोगों से कानू व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले मे दंगाइयों के खिलाफ धार्मिक भवनों में तोड़फोड़ एवं सौहार्द को खराब करने संबंधित की गईं आपराधिक गतिविधियों के संबंध में अलग-अलग थानों में 10 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इन वारदातों में शामिल दंगाइयों की पहचान की जा रही है। जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा, जिनके संभावित ठिकानों पर दबीश दी जा रही है। किसी को भी बक्शा नहीं जायेगा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की झूठी खबर, धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली, धर्म जाति, वर्ग विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली, भ्रामक जानकारी फैलाने वाली, जनभावना को आहत करने वाली, लोक शांति भंग करने वाली पोस्ट, फोटो या वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉरवर्ड या शेयर बिल्कुल न करें। ऐसे लोगों पर पुलिस खुफिया तंत्र, मुखबर तंत्र और साइबर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इत्यादि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। साथ ही अपील की है कि आमजन फेक न्यूज/ भ्रामक खबरों/ अफवाह फैलाने वालों के बहकावे में न आएं। कानून को अपने हाथ में नहीं लें। कानून व्यवस्था खराब करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# प्रताड़ना से परेशान युवती ने लगाया फंदा, दो युवकों पर आरोप

**फरीदाबाद।** दो युवकों की प्रताड़ना से परेशान होकर डबुआ कॉलोनी में एक युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका के भाई ने दोनों युवकों के खिलाफ थाने में शिकायत दी है। उधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के भाई ने बताया कि वह डबुआ कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है। उसकी बहन (23 साल) दवा की कंपनी में नौकरी करती थी। कुछ समय पहले उसकी फेसबुक पर राजस्थान के भिवाड़ी निवासी डॉक्टर गजराज से दोस्ती हुई थी।

पांच जुलाई को बहन घर से लापता हो गई। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की और 11 जुलाई को युवती को गोवर्धन से ढूंढ निकाला। युवती ने भाई को बताया कि वह भिवाड़ी में गजराज से मिलने गई थी, उसके बाद गोवर्धन आ गई। आरोप है कि गजराज ने उसकी बहन को कुछ ऐसा कहा, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। 11 जुलाई को डबुआ थाने में गजराज व युवती के परिजनों को बुलाया गया था। युवती परिजनों को साथ थाने गई, लेकिन गजराज नहीं आया। पुलिस ने युवती के कहने पर फरीदाबाद के अंकित नाम के युवक को थाने में बुलाया। अंकित युवती के साथ कंपनी में नौकरी करता है। मृतका के भाई का आरोप है कि अंकित ने बहन को हार्डवेयर चौक से डबुआ कॉलोनी तक कई बार पीटा, जिससे वह घायल हो गई। परिजनों को मामले का पता लगा तो उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया। सोमवार को गुमशुदगी मामले में साइन करने के लिए युवती अपने भाई के साथ थाने में गई थी। दोनों साइन कर घर लौट आए, लेकिन रात में युवती ने फंदा लगा लिया। डबुआ थाना प्रभारी श्रीभगवान का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए गजराज को बुला कर कार्रवाई की थी। दोनों पक्षों का आपसी समझौता होने के बाद मृतका के परिजनों ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने को कहा था। अब जो शिकायत मिलेगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिलाधीश** नेहा सिंह ने नूंह में हुए सांप्रदायिक दंगे और आंदोलन के दृष्टिगत जिला पलवल में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न अधिकारियों को थाना क्षेत्रानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार हथीन थाना क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट बीडीपीओ परमिंदर के साथ एसएचओ हथीन, बहीन थाना क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार श्रवण कुमार के साथ एसएचओ बहीन, उटावड़ थाना क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता दीपेंद्र के साथ एसएचओ उटावड़, शहर थाना क्षेत्र पलवल के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार प्रेम प्रकाश के साथ एसएचओ सिटी, सदर थाना क्षेत्र पलवल के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट बीडीपीओ नरेश कुमार के साथ एसएचओ सदर, कैंप थाना क्षेत्र पलवल के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट लोक निर्माण विभाग क उपमंडल अभियंता अशोक कुमार के साथ एसएचओ कैंप नियुक्त किया गया है। वहीं गदपुरी थानाक्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट पंचायती राज पलवल के कार्यकारी अभियंता गजेंद्र सिंह के साथ एसएचओ गदपुरी, चांदहट थाना क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट सिंचाई विभाग के उपमंडल अभियंता सुभाषचंद्र के साथ एसएचओ चांदहट, होडल थाना क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट तहसीलदार संजीव नागर के साथ एसएचओ होडल, मुंडकटी थाना क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट सिंचाई विभाग के उपमंडल अभियंता लखन सिंह के साथ एसएचओ मुंडकटी, हसनपुर थाना क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट बीडीपीओ प्रवीण कुमार के साथ एसएचओ हसनपुर, थाना ट्रैफिक क्षेत्र के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट जीएम रोडवेज नवनीत सिंह के साथ एसएचओ ट्रैफिक को नियुक्त किया गया है। इस दौरान संबंधित एसडीएम अपने-अपने उपमंडल के ओवरऑल इंचार्ज रहेंगे।

## कार की टक्कर से घायल व्यक्ति की मौत

**पलवल।** मुंडकटी थाना के निकट एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए बाइक व्यक्ति की इलाज के दौरान दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर कार के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन कुमार के अनुसार, मुजेसर फरीदाबाद निवासी प्रेमचंद ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसका छोटा भाई इंद्रजीत हलवाई की दुकान चलाता है। 28 जुलाई को सुबह करीब आठ बजे उसे सूचना मिली कि उसका भाई इंद्रजीत मुंडकटी थाना के पास सड़क हादसे में घायल हो गया है, जोकि जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती है। इसके बाद वह नागरिक अस्पताल पहुंचे, जहां पता चला कि इंद्रजीत की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। अस्पताल में इलाज के दौरान इंद्रजीत ने दम तोड़ दिया। शिकायत में कहा कि उसने घटना स्थल पर जाकर पता किया तो मालूम हुआ कि एक तेज रफ्तार कार ने उसके भाई की बाइक में पीछे से टक्कर मारी थी, जिससे उसका भाई घायल हो गया था।

# एसडीएम शशि वसुंधरा ने मौजिज लोगों से की सामाजिक सौहार्द की अपील



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**इंसानियत** से बडा कोई धर्म नहीं है। समाज के जान-माल व संपत्ति की सुरक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। एसडीएम शशि वसुंधरा जिला सचिवालय स्थित कार्यालय में पलवल के मौजिज व प्रबुद्धजनों के साथ जिला में सौहार्द को बरकरार रखने के उद्देश्य से बैठक करते हुए बोल रहीं थी।

उन्होंने यह बैठक गत दिवस नूंह जिला में हुई सांप्रदायिक हिंसा के मद्देनजर जिला पलवल में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत आयोजित की। इस बैठक में शहर के विभिन्न मौजिज लोग मौजूद रहे। इसके अलावा एसडीएम लक्ष्मी नारायण ने हथीन में तथा एसडीएम रणवीर सिंह ने होडल में संबंधित उपमंडल के मौजिज लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। एसडीएम शशि वसुंधरा ने कहा कि जिला में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना अति आवश्यक है। उन्होंने सभी से शांति और सद्भाव बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में प्रशासन व पुलिस पूरी तरह सतर्कता से कार्य में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा फैलाने वाली अफवाह को रोकना हमारी जिम्मेदारी है। केवल प्रामाणिक सूचना को ही सर्कुलेट किया जाए।

जिला में धारा-144 लगाई हुई है। इन आदेशों की पालना करते हुए एक स्थान पर व्यक्ति एकत्रित न हों। उन्होंने समुदाय के लोगों से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारे का ध्यान देते हुए एंटी सोशल व्यक्तियों की सूचना प्रशासन व पुलिस को दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों पर एक्शन लिया जा सके।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी फेक न्यूज पर विश्वास न करें और ऐसी किसी भी जानकारी को सांझा न किया जाए, जिससे लोगों में अशांति का माहौल बने। जिले में शांति व्यवस्था बनाकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी पलवल जिला प्रशासन व पुलिस विभाग का सहयोग करें। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान करते हुए कहा कि वे किसी प्रकार की गलत अफवाह से उत्तेजित व भ्रमित न हों।

# गुरुनानक अस्पताल में किया जाएगा निशुल्क इलाज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**गुरुनानक** अस्पताल में बेहतर इलाज की ओर बढ़ते कदम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र गुप्ता पहुंचे। अस्पताल के मार्केटिंग हेड विकास कुमार ने बताया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से शुरू किए गए नए विभागों की ओपीडी निशुल्क रखी गई है।

पलवल में पिछले चार दशकों से स्वास्थ्य सेवाओं को दे रहे डॉ. अनूप सिंह द्वारा संचालित मल्टी सुपर स्पेशलिटी गुरुनानक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का इजाफा किया जा रहा है। मरीजों को इलाज की बेहतर सुविधाओं के लिए अब फरीदाबाद या दिल्ली की ओर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के साथ साथ बाल एवं शिशु रोग विभाग का शुभारंभ बुधवार को



सीएमओ का स्वागत करते अस्पताल के डॉक्टर।

आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सीएमओ डॉ. नरेंद्र गुप्ता ने अस्पताल द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए अस्पताल प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि गुरुनानक अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गुरुनानक हस्पताल में आयुष्मान योजना का लाभ भी मरीज अच्छे ढंग से उठा रहे हैं।

गुरु नानक अस्पताल में स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग प्रमुख डॉ. तनु सोनी ने बताया कि एनीमिया और कुपोषण जैसी समस्या कब विकराल रूप ले लेती है, इसका मरीज को पता ही नहीं चलता। इसलिए समय पर लिया गया इलाज महिलाओं की जान सुरक्षित रखने में बेहद कारगर होता है। उन्होंने बताया गुरुनानक अस्पताल में वह 22 अगस्त तक सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक वह ओपीडी में निशुल्क मरीजों को देखेंगीं। इस दौरान मरीजों को लैब जांच में भी 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। गुरु नानक अस्पताल में शुरू किये गए बाल एवं शिशु रोग विभाग के प्रमुख नियोनेटोलॉजी डॉ. बिलाल पाल ने बताया कि अस्पताल में बच्चों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं शुरू की गई हैं।

जिसके तहत 22 अगस्त तक ओपीडी निशुल्क रखी गई है। उन्होंने बताया मरीजों को लैब जांच में भी 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु अरोड़ा ने बताया कि हृदय रोगी को कई बार ऐसे हालत से गुजरना पड़ता है, जब उसके लिये सैकड़ों की कीमत जान पर आफत होती है। ऐसे में मरीजों को पलवल के गुरुनानक अस्पताल में हृदय विभाग में पलवल की पहली कैथ लैब खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ हुआ है। इस लैब में अब तक सैकड़ों मरीज लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने बताया आज की खानपान की खराब शैली के चलते 40 वर्ष की उम्र के बाद अथवा फैमिली हिस्ट्री को देखकर अपना नियमित चेकअप करवाना बेहद जरुरी है।

# कर्मचारियों ने मांगों को लेकर बैठक का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**रसूलपुर** रोड स्थित कार्यालय पर मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा ने की। संचालन जिला सचिव योगेश शर्मा द्वारा किया गया।

इस बैठक में मुख्य तौर पर जींद चेतावनी रैली में लिए गए निर्णयों को लागू करने की समीक्षा व हरियाणा मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन द्वारा जारी हड़ताल और उसमें सरकार की नियत व कर्मचारी आंदोलन पर पड़ने वालों प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के जिला प्रधान रमेशचंद सौरोत, जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा व जिला सचिव योगेश शर्मा ने कहा कि जींद की चेतावनी रैली में कर्मचारियों के उत्साह को देखते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने निर्णय लिए थे कि सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को मांग पत्र सौंपेंगे और प्रदर्शन कर उनके कार्यालय पर जाकर जवाब मांगेंगे।

सभी जनप्रतिनिधियों पार्षद, नगर पार्षद, ब्लॉक समिति सदस्य, सरपंच व पंचों के पास जाकर कर्मचारियों के मुद्दे व सरकार की कार्य नीति पर चर्चा कर उनसे आंदोलन के पक्ष में समर्थन हासिल किया जाएगा। ये कार्यक्रम लगातार सभी जिलों में कर्मचारियों द्वारा उत्साह से चलाए जा रहे हैं। प्रदर्शन कर विधायकों/ प्रतिनिधियों से पूछा जा रहा है कि सरकारी विभागों में निजीकरण की प्रक्रिया को चिराग, आयुष्मान, चिरायु जल जीवन मिशन, बिजली बिल आदि के माध्यम से जन सेवाओं व रोजगार को समाप्त कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिन पहले घर से निकली किशोरी को परिजनों को सौंपा



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी अंखिर और क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए किशोरी को बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा लड़की 30 जुलाई को अपने घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसको परिजनों द्वारा तलाश किया गया था, लेकिन लड़की नहीं मिली। जिसके बाद लड़की की गुमशुदगी की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस चौकी अंखिर में दी गई। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना सुरजकुंड में मामला दर्ज कर लड़की की तलाशी की जा रही थी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए गुमशुदा लड़की को सेक्टर-12 रोज गार्डन से बरामद किया गया है। लड़की से परिजनों के सामने पूछताछ की गई। लड़की ने बताया कि वह घर वालों से किसी बात को लेकर नाराज थी, जिसके कारण वह बिना बताए घर से निकल गई थी। अब अपने परिजनों के साथ जाना चाहती है। किशोरी को सख्त हिदायात देते हुए परिजनों के हवाले किया है। परिजनों द्वारा पुलिस टीम का धन्यवाद किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में दो बछिया की मौत पर एनआईटी थाने में केस

**फरीदाबाद।** सड़क दुर्घटना में दो बछिया के मौत हो गई, जिसमें पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह पांच बजे पुलिस को सूचना मिली कि एनआईटी एरिया में पटेल चौक हनुमान मंदिर के पास दो बछिया के शव पड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रबंधक एसजीएम नगर संदीप तथा एनआईटी थाना प्रबंधक सुनीता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बछिया को हटाकर एक साइड में किया और इसके बाद उन्हें जेसीबी द्वारा रेलवे रोड पर स्थित पशु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उनका पोस्टमार्टम किया गया। डॉक्टर ने बताया कि इन बछिया की मृत्यु किसी वाहन से चोट लगने से हुई है। पुलिस चौकी 21डी प्रभारी द्वारा बछिया के शव को अरावली की पहाड़ियों में दफनाया गया। रघुवर दयाल की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एनआईटी में दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया गया है। यह सामने आया कि कुछ असामाजिक प्रवृति के लोग बछिया को मारने की अफवाह फैलाकर समाज का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से अनुरोध है कि वह किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी प्रकार के भड़काऊ बयान में आकर समाज की शांति को भंग करने की कोशिश न करें, अन्यथा उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में 156 डिपो के स्थान रिक्त, सात अगस्त तक करें आवेदन



**पलवल।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश आर्य ने बताया कि जिला पलवल के अलग-अलग 156 गांवों व शहरों में राशन डिपो के स्थान रिक्त हैं, जिनमें 48 पुरुष व 108 महिलाओं के रिक्त स्थान शामिल हैं। डीएफएससी ने बताया कि सभी आवेदन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि सात अगस्त सुबह 10 बजे तक निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी पलवल, हथीन व होडल/हसनपुर तथा जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय पलवल में संपर्क किया जा सकता है।

### हिंद मजदूर सभा हरियाणा के एसडी त्यागी दोबारा बने प्रदेशाध्यक्ष

**फरीदाबाद।** हिंद मजदूर सभा हरियाणा के प्रांतीय अधिवेशन में सभी जिलों के यूनियनों के श्रमिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उनके साथ राज्य परिवहन कर्मचारियों, संघ के प्रतिनिधियों और भारतीय किसानों के यूनियनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिसमें रोडवेज से अशोक खोकर प्रधान और भारतीय किसान यूनियन से अभिमन्यु कोहंड अपने लोगों के साथ उपस्थित रहे थे। हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू और चंपा वर्मा आदि एक हजार डेलिगेट्स ने भाग लिया तथा श्रमिकों और किसानों का एक मजबूत संगठन बनाकर सरकार की गलत शोषणकारी नीतियों के विरुद्ध वोट की चोट देने वाली कार्रवाई करते हुए एक समता मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा राज्य इकाई का चुनाव कराया गया। जिसमें दोबारा प्रदेश अध्यक्ष एसडी त्यागी को तथा महासचिव सुरेंद्र लाल शर्मा को सर्व सम्मति से चुना गया तथा जसपाल राणा को कोषाध्यक्ष व सुबोध कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। राज्य कमेटी के अन्य पदाधिकारी व सदस्यों को मनोनीत करने अधिकार सर्व सम्मति से प्रदान किया गया।

### खेल फंड जमा नहीं कराने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**फरीदाबाद।** जिले के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों की ओर से खेल फंड जमा नहीं कराने वालों पर प्रदेश सरकार सख्त हो गई है। इस संबंध में कड़ा रुख अपनाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों से ऐसे स्कूलों का ब्योरा मांगा है, जो पिछले पांच साल से खेल फंड जमा नहीं करा रहे हैं। ऐसे स्कूलों की सूची तैयार कर मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया गया है। इनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। 2023-24 के दौरान छात्र संख्या के अनुसार सरकारी, निजी और सहायक प्राप्त स्कूलों से खेल निधि राशि का बैंक ड्राफ्ट बनाकर लाना होगा। इसके साथ ही उसकी जानकारी मुख्यालय को भेजनी होगी।

**15 अगस्त तक खेल फंड जमा करने का निर्देश :** शिक्षा विभाग की ओर से 20 अगस्त से आयोजित खेल प्रतियोगिता के लिए 15 अगस्त तक खेल फंड जमा करने का निर्देश जारी किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अभी तक मात्र 17 स्कूलों ने खेल फंड को जमा कराया है। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से जिले के सभी स्कूल संचालकों को खेल फंड जमा कराने का निर्देश दिया गया है। अगर स्कूल संचालक फंड जमा नहीं कराते हैं, तो स्कूल के बच्चे इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

**20 अगस्त से होंगी खेल प्रतियोगिताएं :** खेल प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तैयार करने को लेकर बुधवार को पंचकूला में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और सहायक खेल अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें आगामी 20 अगस्त से अंडर-14 आयु वर्ग के लड़के व लड़कियों की ब्लॉक, जिला व राज्यस्तरीय व अंडर-17, 19 आयु वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान पिछले वर्ष प्रतियोगिताओं के दौरान आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

### सड़कों, सीएचसी, पीएचसी व आंगनबाडी की होगी मरम्मत



**पलवल।** हरियाणा सरकार की तीन योजनाओं हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़कों, स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित किए जा रहे आंगनबाडी केंद्रों की मरम्मत व निर्माण कार्यों को जिला परिषद द्वारा कराया जाएगा। अब से जिला परिषद की ओर से ही हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़कों के रिपेयर वर्क, स्वास्थ्य विभाग की सीएचसी व पीएचसी का मरम्मत कार्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाडी केंद्रों के सभी रिपेयर व निमार्ण कार्यों को करवाया जाएगा। जिला परिषद के सीईओ जितेंद्र कुमार बुधवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित अपने कार्यालय में एचएसएएमबी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सभी विभाग वाले इस बारे में रिपोर्ट दें, ताकि जल्द से जल्द काम किया जा सके।

# केरल की स्थिति

## अपराधों में बढ़ोत्तरी

**केरल** को 'भगवान का अपना देश' कहा जाता था, पर अब वहां अपराधों में बढ़ोत्तरी हो रही है। केरल में सोने की बढ़ती स्मगलिंग को देखते हुए पूर्व पुलिस प्रमुख बी.वी. कुमार ने हाल में व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य 'सोने का अपना देश' बन गया है। इसके साथ ही यह दक्षिणी राज्य हत्या, बलबा, नशीले पदार्थों तथा यौन व्यापार का गढ़ बन गया है। शुक्रवार को एरनाकुलम जिले के अलुवा कस्बे में एक पांच वर्षीय लड़की की हत्या से स्पष्ट हो गया है कि राज्य में कोई सुरक्षित नहीं है। यह जघन्य अपराध की नवीनतम घटना है। यह घटना माकपा राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन के इस बयान के एक दिन बाद हुई जिसमें उन्होंने पुलिस व नौकरशाही पर भ्रष्टाचार व लापरवाही का आरोप लगाया था। लड़की की जघन्य हत्या बिहार के 29 वर्षीय प्रवासी कामगार अशफाक आलम द्वारा बलात्कार प्रयास का विरोध करने के कारण की गई। लड़की की लाश अलुवा बाजार में 'झाड़ियों से घिरे एकान्त स्थल पर कबाड़ से ढकी पाई गई।' पुलिस के अनुसार, आलम नशाखोर व आदतन अपराधी था। तथ्य यह है कि केरल में ऐसे प्रवासी कामगारों की पहचान की कोई व्यवस्था नहीं है जिनकी संख्या अलुवा के निकट पेरुम्बवूर कस्बे में लाखों का आंकड़ा पार कर चुकी है।

पिछले कुछ दशक में पूर्वी भारत से केरल को प्रवासी कामगारों की आने वाली बाढ़ में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। हालांकि, उनमें से अधिकांश अपने पश्चिम बंगाल से आने का दावा करते हैं, पर सच्चाई यह है कि इन अवैध प्रवासियों में से अधिकांश बांग्लादेशी हैं। केरल में माकपा की 'कामगार समर्थक' सरकार राज्य में किए उनके कामकाज का आभार मानती है। इसका कारण



यह है कि इन प्रवासी कामगारों के बिना राज्य में सामान्य जनजीवन ठप हो जाता क्योंकि स्थानीय कामगार बर्तन साफ करने या रेस्टोरेंटों में खाना बनाने जैसे 'मामूली काम' करने के इच्छुक नहीं है। लेकिन प्रवासी कामगार अपने साथ अनेक बुराइयां लाते हैं जिनमें नशे का दुरुपयोग, तंबाकू का अवैध प्रयोग तथा 'सुपारी' हत्यायें व वेश्यावृत्ति स्कैंडल शामिल हैं। ये 'प्रवासी' अपनी महिला साथियों के साथ केरल पहुंचते हैं तथा पुलिस थानों के निकट वेश्यालय खोल देते हैं। यह कोई अतिरंजित आरोप न होकर सच्चा तथ्य है। उपनगरीय क्षेत्रों में प्रवासी कामगारों की बस्तियां बनने के कारण कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है। यदि राज्य में हत्याओं की बढ़ती संख्या कोई संकेत है तो वह बड़ी परेशानी में घिर गया है। हालांकि, पुलिस को इन कामगारों की गतिविधियों की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है, पर कोई मुद्दा सामने आने पर पुलिस उसे अनदेखा करती है। अनेक पुलिसकर्मी निरुद्देश्य तरीके से काम करते हैं। विडंबना है कि राज्य पुलिस प्रमुख का पद ऐसे लोगों के लिए आरक्षित है जो सत्तारूढ़ दल की धुन पर नाचते हों, भले ही वे नितान्त अक्षम या भ्रष्ट हों। केरल में ऐसे पुलिस प्रमुखों का अभाव रहा है जो जनसंख्या में विश्वास पैदा करने के साथ पुलिसबल में निष्ठा पैदा कर सकें। ये सारी घटनायें ऐसे समय हो रही हैं, जब मुख्यमंत्री पिनारई विजयन के पूर्व प्रमुख सचिव को मनी लांड्रिंग व सोने की स्मगलिंग के आरोप में गिरफ्तार कर जेल में डाला गया है। यदि विपक्षी कांग्रेस तथा मीडिया के एक हिस्से द्वारा लगाए आरोपों पर गौर किया जाए तो उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्य प्रासांगिक लगते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि 'भगवान का अपना देश' कहा जाने वाला केरल आज 'शैतान का अपना स्वर्ग' बन गया है।

# भारत बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। लेकिन मुद्रास्फीति, प्रति व्यक्ति कम आय तथा बेरोजगारी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।



**शिवाजी सरकार**
(लेखिका, नीति विश्लेषक हैं)



भारत के 'दसवें नंबर' की अर्थव्यवस्था से 'तीसरे नंबर' की अर्थव्यवस्था बनना कोई मामूली उपलब्धि नहीं होगी। यह गारंटी ऐसे समय आई है जब सरकार अविश्वास प्रस्ताव, मणिपुर में अराजकता तथा अनेक राज्यों में चुनावों से निपटने की तैयारी कर रही है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के कुछ अनुमानों के अनुसार इसके साथ ही गंभीर मुद्रास्फीति प्रक्रिया से निपटना होगा। उसकी यह कल्पना परवान नहीं चढ़ रही है कि ढांचागत संरचना के विकास पर खर्च से मुद्रास्फीति पर लगाम लगेगी।

रुपये का लगभग 20 देशों में महत्व बढ़ा है। सऊदी अरब ने समान आदान-प्रदान स्वीकार किया है, जबकि फ्रांस ने रूपे कार्ड स्वीकार कर इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। दक्षिण अफ्रीका में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में दुनिया को वि-डालरीकरण की दिशा में ले जाने का प्रयास तेज होगा। हालांकि, अभी डालर का वर्चस्व बना हुआ है, पर ऐसी योजनाओं का उद्देश्य धीरे-धीरे इससे मुक्ति पाना है। डालर की दर में थोड़े परिवर्तन या ब्याज दर बढ़ने से पूंजी का प्रवाह वापस अमेरिकी बाजार की ओर हो जाएगा। यहां तक कि विदेशी निवेशक भी त्वरित लाभ के लिए अमेरिका जाएंगे ओर भारतीय शेयर बाजारों को अलविदा कह सकते हैं। यह मामला ऐसे देश से आगे जाता है जो बड़े आंकड़ों, उच्च गति तथा सभी महान व विशाल चीजों के पीछे दौड़ रहा है। हालांकि, इसकी शानदार चमक के पीछे कम आमदनी वाले वे लोग छिपे हैं जो अधिक किराया होने के कारण मेट्रो ट्रेन का आनन्द नहीं उठा पाते हैं।

उनके लिए इन सारी चीजों का कोई खास अर्थ नहीं है। 'ट्रिकल डाउन' सिद्धान्त का अर्थ, ए से अर्गाली, बी से बवेरिया, सी से चपरासी और डी से ड्राइवर है। इसका अर्थ यह भी है कि अनेक प्रधानमंत्रियों की गारंटियों के बावजूद परिवर्तन बहुत गहराई में नीचे तक नहीं पहुंचे हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन सबमें बिल्कुल अलग हैं क्योंकि वे अपनी 'गारंटियों' की चिन्ता करते हैं। लेकिन ढांचागत संरचना का विकास पुराने ढांचों, जंगलों, जमीनों तथा सड़कों के लिए परिस्थितिकी विनाश पर हुआ है। इसके साथ ही अन्य गतिविधियां मुद्रास्फीति में वृद्धि कर रही हैं।

एसबीआई इकोरैप रिपोर्ट के अनुसार देश की जीडीपी में वर्तमान वित्त वर्ष में 7.1 प्रतिशत वृद्धि दर की आशा है और वह 2029 में लंबी छलांग लगाएगी। उम्मीद है कि वर्तमान वित्त वर्ष से लेकर 2024 की अप्रैल-जून तिमाही तक भारत 8 प्रतिशत वृद्धि दर प्राप्त कर लेगा, हालांकि वर्तमान वित्त वर्ष में यह लगभग 6.5 प्रतिशत ही रह सकती है। इसी प्रकार का अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का दूसरा वृद्धि अनुमान लगाता है। आरबीआई ने भी संकेत किया है कि जीडीपी की वृद्धि दर लगभग 7 प्रतिशत होगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ का भी कहना है कि भारत जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ सकता है, हालांकि अनेक अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि यह उम्मीद बहुत अधिक है।

मंदी के बावजूद इन अर्थव्यवस्थाओं की अंतर्निहित शक्ति भारत से अधिक है। 2014 में 2 ट्रिलियन डालर क साथ भारत का स्थान दुनिया में दसवां था। एक साल बाद यह उछल कर सातवें स्थान पर पहुंच गया, 2017 में यह छठे स्थान पर था और 2021 तक पांचवें स्थान पर पहुंच गया। अब आईएमएफ का अनुमान है कि 2027 तक यह तीसरे नंबर पर आ कर केवल अमेरिका और चीन से ही पीछे रह जाएगा। इसके लिए भारत को 2024 से 2027 तक लगातार 8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। हाल के समय में भारत ने यह गति नहीं प्राप्त की है। अनेक अर्थशास्त्री वर्तमान वृद्धि दर को कम मानते हैं जो कोविड-19 लाकडाउन के दौरान माइनस 23.9 प्रतिशत हो गई थी। अर्थव्यवस्थायें बढ़ती हैं, पर आमतौर से ये लोगों की इच्छा के अनुसार उछाल नहीं मारती हैं। भारत के निर्यात आंकड़े कम बने हुए हैं और इसी प्रकार विश्व बाजार में इसका हिस्सा भी बहुत बढ़ा नहीं है।

अर्थशास्त्रियों व आरबीआई को एक और आयाम की चिन्ता है और वह है मुद्रास्फीति के आंकड़े। यह उसकी 'सहनशक्ति सीमा' से ऊपर बनी हुई है। पिछले साल तक उच्च थोक मुद्रास्फीति आंकड़े उसे झकझोर रहे थे। इससे अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ता है और मूल्यवृद्धि के आंकड़े ऊपर जाते हैं। हालांकि, बड़े आंकड़े महत्वपूर्ण हैं, पर रुपये की वास्तविक शक्ति में वृद्धि नहीं हुई है। हालांकि, जीडीपी में वृद्धि एक महत्वपूर्ण संकेतक है, पर इसे दस सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम प्रति व्यक्ति जीडीपी के आंकड़ों से झटका लगता है। डालर मूल्य के अनुसार देशवासियों की औसत आय 2014 में 1,560 डालर थी। इसी समय एक औसत अमेरिकी की आय 55,084 डालर थी जो औसत भारतीय की आय से 35 गुना अधिक थी। इसी प्रकार जर्मनों की आय एक औसत भारतीय के मुकाबले 31 गुना, ब्रिटेनवासी की 30 गुना तथा जापान, इटली व फ्रांस में रहने वालों की 20 गुना अधिक थी। यहां तक कि एक औसत चीनवासी भी औसत भारतीय की तुलना में पांच गुना अधिक कमाता था। वर्ष 2027 तक एक भारतीय की औसत आय लगभग 3,466 डालर होगी, जबकि एक अमेरिकी नागरिक उस समय 90,896 डालर कमा रहा होगा। इसी प्रकार औसत जर्मन की आय 59,053 डालर, ब्रिटिश की 58,009 डालर, फ्रांसीसी की 49,896 डालर, जापानी की 41,569 डालर तथा इटैलियन की 40,899 डालर होगी। यहां तक कि उस समय एक रूसी की आय 15,752 डालर, चीनी की 18,317 डालर तथा एक गरीब ब्राजीलवासी की आय 11,658 डालर होगी। इस प्रकार भारत राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रगति कर लेगा, पर यह उसके कामगारों की आय में अभिव्यक्त नहीं होगी।

इसका प्रभाव भारतीय रुपये पर भी पड़ा है। कुछ साल से यह 80 रुपये के ऊपर स्थिर था, जबकि जुलाई, 28 में इसके 82.19 पर होने की आशा है। रुपये के अंतरराष्ट्रीय स्तर के दो मुख्य कारण हैं। इसकी घरेलू खरीद क्षमता कम है और इसका प्रभाव इसकी अंतर्निहित कीमत पर पड़ता है। रुपये की स्वीकार्यता बढ़ाने के गहन राजनयिक प्रयासों के बावजूद इसकी अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज दर ऊंची बनी हुई है। जब तक रुपये की घरेलू शक्ति में वृद्धि नहीं होती है, तब तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी स्वीकार्यता में उतार-चढ़ाव आता रहेगा। कोई भी ऐसी मुद्रा नहीं चाहता जिसकी परिवर्तनीयता आसान न हो। रूस ने कभी रुपये को अस्वीकार नहीं किया, पर उसकी कंपनियां डालर और यहां तक कि युवान में भुगतान पर जोर देती रहीं। अमेरिका द्वारा अपनी ब्याज दरें बढ़ा कर 5.25 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत के बीच में लाने से भी समस्या पैदा हुई जो 2001 के बाद सबसे अधिक हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य फौरन बदल गया और पूंजी प्रवाह वापस अमेरिका की ओर मुड़ गया। अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 'वीरता' का कोई स्थान नहीं है, बल्कि इस पर सावधानी से गौर करना होता है। भारत के जीडीपी आंकड़े फ्रांस व ब्रिटेन से अधिक हैं। लेकिन उसकी प्रति व्यक्ति जीडीपी अनेक अस्थिर अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति में है।

इनमें वर्ष 2014 में जिम्बाबवे 1415 डालर, यमन 1580 डालर तथा पाकिस्तान 1415 डालर पर था। कुछ साल बाद 2027 में भारत में प्रति व्यक्ति आय 3466 डालर होने की आशा है, पर यह बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय 3748 डालार, वेस्ट बैंक की 3728 डालर तथा नाइजीरिया की 3288 डालर से पीछे होगा। यह अंगोला की 3458 डालर तथा नाइजीरिया की 3288 डालर से अधिक होगा। यहां तक कि वर्ष 2027 में एक औसत बांग्लादेशी एक औसत भारतीय की तुलना में 282 डालर अधिक कमा रहा होगा।

प्रति व्यक्ति आय के दृष्टिकोण से भारत का स्थान 2014 में 195 देशों में 157 था जो 189 देशों में 138 वें स्थान पर आ जाएगा। सकल जीडीपी रैंकिंग में भी प्रगति इस बात पर निर्भर करेगी कि जर्मनी और जापान अपने चौथे या पांचवें स्थान से फिसलते हैं या नहीं। जापान 2022 में 5 ट्रिलियन डालर से नीचे आया था। लेकिन कुल मिला कर यह भारत से मजबूत अर्थव्यवस्था है। उम्मीद है कि भारत तेजी से प्रगति करेगा। लेकिन समग्र वृद्धि के लिए बेहतर सामाजिक, प्रशासनिक, कार्पोरेट व रोजगार अवसरों की जरूरत होगी। यदि अन्य सभी पैरामीटर सहायक हों तथा लोगों की जीवन स्थितियों में सुधार आए तो तीसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत के लिए सार्थक होगा। समग्र संकेतकों का अर्थ है कि केवल जीडीपी वृद्धि अपने आप में काफी नहीं होगी, यदि देश बाकी सारे पैरामीटर्स पर प्रगति न करे।

# सायबर अपराध का शिकार जम्मू-कश्मीर

> "साइबर अपराध एक बढ़ती हुई चिंता का विषय है, जिसके प्रतिदिन हजारों मामले सामने आते हैं और असंख्य लोग विभिन्न साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं।"

**भारती डोगरा**
(लेखिका, स्वतंत्र स्तम्भकार हैं)



एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में हाल के वर्षों में साइबर अपराध के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। 2021 में, साइबर अपराध के 52,974 मामले दर्ज किए गए, जो 2020 (50,035 मामले) की तुलना में 5त्न से अधिक की वृद्धि और 2019 (44,735 मामले) की तुलना में 15त्न से अधिक की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाते हैं। 2022 में स्थिति और खराब हो गई जब जनवरी 2021 से 30 नवंबर 2022 तक देश में 13.91 लाख साइबर सुरक्षा घटनाएं हुईं, जिनमें मुख्य रूप से वित्तीय धोखाधड़ी शामिल थी। इस अवधि के भीतर, अकेले वित्तीय धोखाधड़ी की कुल 8,84,863 घटनाएं हुईं।

साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए गए विभिन्न तरीकों में से, फ़िशिंग पैसे निकालने की एक प्रचलित और अत्यधिक प्रभावी तकनीक के रूप में उभरी है। फ़िशिंग में आम तौर पर हमलावर संवेदनशील जानकारी साझा करने या धन हस्तांतरित करने के लिए पीड़ित को धोखा देने के लिए ईमेल, सोशल मीडिया या संचार के अन्य रूपों के माध्यम से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति या इकाई का रूप धारण करता है।

जम्मू के निवासी हरजीत (बदला हुआ नाम) हाल ही में एक फ़िशिंग घोटाले के जाल में फंस गए और बिना ओटीपी प्राप्त किए अपने बैंक खाते से 194,000 रुपये की राशि खो दी। एक दोपहर, मुझे एक संदेश मिला जिसमें कहा गया था कि मेरा सिम कार्ड अगले दिन निष्क्रिय कर दिया जाएगा। एक व्यवसायी होने के नाते, मैं काम के लिए अपने फोन पर बहुत अधिक निर्भर हूं, इसलिए मैंने उस संदेश को गंभीरता से लिया। संदेश में नीचे एक संपर्क फ़ोन नंबर दिया गया था। मैंने उस नंबर पर कॉल किया और मुझे एक ऐप डाउनलोड करने का निर्देश दिया गया, जिसका लिंक मुझे व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा गया था। जैसे ही मैंने वह लिंक डाउनलोड किया, मेरा खाता खाली हो गया, हरजीत ने साझा किया। इसी तरह, बारामूला के निवासी गुलाब नबी बट्ट ने कहा, साइबर फ्रॉड का शिकार होने के कारण उन्हें भी काफी नुकसान हुआ



है। कुछ महीने पहले जम्मू के एक जाने-माने स्थानीय समाचार चैनल की रिपोर्ट के जरिए एक चौंकाने वाली घटना सामने आई थी. चैनल के रिपोर्टर के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रहने वाला एक व्यक्ति एक हैकर द्वारा किए गए साइबर अपराध धोखाधड़ी का शिकार हो गया, जिसने एक सामाजिक कार्य में शामिल होने का दावा करने वाली एक महिला का रूप धारण किया था। धोखाधड़ी योजना की शुरुआत बारबरा नाम की एक महिला से प्राप्त एक ईमेल से हुई थी, जिसने जम्मू-कश्मीर में एक अस्पताल बनाने और गरीब व्यक्तियों को सहायता देने की इच्छा व्यक्त की थी। बारबरा ने दावा किया कि इस धर्मार्थ कार्य के लिए उनके पास लगभग तीन लाख डॉलर हैं। समय के साथ कठुआ के शख्स और बहरूपिये के बीच दोस्ती हो गई. कई दिनों के बाद महिला ने उस व्यक्ति को बताया कि वह तीन लाख डॉलर लेकर जम्मू हवाईअड्डे पर पहुंची है। हालाँकि, उसने दावा किया कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने डॉलर जारी करने से पहले डॉलर पर कर के रूप में साढ़े आठ लाख रुपये का भुगतान करने पर जोर दिया। महिला की बात पर भरोसा करते हुए कठुआ के व्यक्ति ने उसके खाते में बताई गई रकम ट्रांसफर कर दी। फंड ट्रांसफर के बाद हैकर ने पीड़ित का नंबर ब्लॉक कर दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, श्रीनगर, संदीप चौधरी ने सूचनात्मक वीडियो जारी करके इस महत्वपूर्ण मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। उनके अनुसार, जहां सायबर अपराधी खुद को बैंक अधिकारी बताकर भोले-भाले ग्रामीणों को धोखा देते हैं, वहीं सेक्स वीडियो के प्रसार के जरिए युवा आसानी से शिकार बन रहे हैं। अगर किसी को ऐसी घटना का अनुभव होता है, तो उन्हें तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके इसकी सूचना देनी चाहिए। ऐसी धोखाधड़ी को छुपाया नहीं जाना चाहिए क्योंकि जो व्यक्ति इसका अनुभव करता है वह पीड़ित है, अपराधी नहीं। इस साइबर धोखाधड़ी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए व्यक्तियों को स्वयं जागरूक होने और सक्रिय रूप से दूसरों को जागरूक करने की आवश्यकता है। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतर्कता आवश्यक है, उन्होंने जोर दिया।

साइबर अपराध एक बढ़ती हुई चिंता का विषय है, जिसके प्रतिदिन हजारों मामले सामने आते हैं और असंख्य लोग विभिन्न प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। इस अपराध को रोकने की कुंजी जागरूकता बढ़ाने में निहित है। कई व्यक्ति जो कंप्यूटर और आधुनिक तकनीक के साथ सहज नहीं हैं, विशेष रूप से शिकार बनने के प्रति संवेदनशील हैं। उन्हें ऐसे अपराधों का शिकार होने से खुद को बचाने के लिए प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर का उपयोग करने के तरीकों के बारे में जानकारी की कमी हो सकती है। साइबर अपराध से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए, खुद को और अन्य लोगों को, जो इन घोटालों से परिचित नहीं हैं, नियमित रूप से सूचित करना और शिक्षित करना महत्वपूर्ण है।

## आप की बात

### पत्थरबाजों का आतंक

**धारा 370** हटने के बाद से अब कश्मीर में पत्थरबाजी की घटनाएं नहीं हो रही हैं। दिल्ली में एक बार अनुकूल माहौल मिलते ही उन्होंने अपनी पत्थरबाजी से आतंक पैदा किया था जिसे पूरे देश की जनता ने देखा था। उत्तर प्रदेश की सरकार ने इन पत्थरबाजों का पूरी तरह सफाया कर दिया है। लेकिन हाल में हरियाणा में पत्थरबाजों ने फिर आतंक पैदा किया। उनकी सहायता के लिए पर्याप्त पत्थर उचित स्थानों पर पंहुचा दिए गए। इसके अलावा कुछ शूटर भी मैदान में उतर आए तथा आग लगाने के लिए गैस सिलिंडरों का इंतजाम कर लिया गया। हरियाणा में पत्थरबाजों, शूटरों तथा सुनियोजित ढंग से गैस सिलिंडरों का प्रयोग कर आग लगाने वाले तत्वों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई जरूरी है। विश्व हिंदू परिषद ने इस सुनियोजित हिंसा के पीछे कुछ राजनेताओं के शामिल होने का आरोप भी लगाया है। हिंदुओं के प्रदर्शन पर इस प्रकार की सुनियोजित हिंसा देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाने तथा येन-केन-प्रकारेण हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार को बदनाम करने का प्रयास है। ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई का उदाहरण योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में पेश कर चुके हैं। इसका अनुसरण किया जाना चाहिए।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

### हरियाणा में हिंसा

**हरियाणा** के नूह में 8 घंटे तक जमकर हिंसा हुई, पुलिसजनों पर निशाना लगाया गया तथा और पुलिस बुलाकर स्थिति संभालने का प्रयास किया गया। नूह की हिंसा कोई अचानक होने वाली हिंसा नहीं है, बल्कि योजनाबद्ध तैयार की गई एक साजिश का हिस्सा ही है। इसमें राष्ट्रविरोधी सभी तत्व और राजनीतिक संरक्षण के सहारे सोची समझी खुराफाती ट्रैक्टर लॉबी शामिल है। इसकी आग आसपास के अन्य प्रदेशों में न फैलने पाए इसके लिए सरकार को सख्ती से काम लेते हुए और जरूरी हो तो अर्धसैनिक बलों को बुलाकर स्थिति को तत्काल नियंत्रण में लेना चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों पर ड्रोन द्वारा लगातार निगरानी की जानी चाहिए। लगता है कि हमारा देश जो कभी सौहार्द्र का प्रतीक था वह आज नफरत का दरिया बनता जा रहा है। देश की 80 प्रतिशत आबादी पर भारी 20 प्रतिशत आताताई तत्व दहशतगर्दी फैलाने में लग गए हैं। ऐसी हिंसा से बचने के लिए राज्यों को अपने गुप्तचर संस्थानों को अधिक सक्रिय, सजग और विस्तृत करना होगा। हर क्षेत्र में कुछ जिम्मेदार लोगों को वहां होने वाली किसी अवांछित गतिविधि की सूचना फौरन देनी होगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### वनों की गुणवत्ता

**राष्ट्रीय** हरित भारत मिशन-जीआईएम, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत आठ मिशनों में से एक है। मिशन के तहत वन-वृक्ष आवरण को बढ़ाने और मौजूदा वन की गुणवत्ता में सुधार के लिए वन और गैर-वन भूमि पर 10 मिलियन हेक्टेयर वृक्षारोपण का लक्ष्य है। राज्यों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं और धन की उपलब्धता के अनुसार अब तक सत्रह राज्यों और एक केंद्र शासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर को जीआईएम के तहत लिया गया है। विकास निगरानी और मूल्यांकन कार्यालय-डीएमईओ तथा नीति आयोग ने योजना के भीतर प्रासंगिकता, प्रभावशीलता, दक्षता, स्थिरता, प्रभाव व समानता जैसे पहलुओं पर हरित भारत के लिए राष्ट्रीय मिशन का मूल्यांकन किया है। उसने वनों व गैर-वन क्षेत्रों की गुणवत्ता बढ़ाने वाली यह योजना जारी रखने की सिफारिश की है। जलवायु परिवर्तन तथा उसके विनाशकारी प्रभावों को रोकने में वृक्षों की उपयोगिता को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया गया है। निर्वनीकरण रोकने, वनीकरण बढ़ाने तथा वनों की गुणवत्ता में और सुधार करने की आवश्यकता स्पष्ट है।

–**रवि रंजन,** नई दिल्ली

### बाघ दिवस

**हर साल** 29 जुलाई को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस भारत में बाघों की आबादी के संरक्षण, सुरक्षा और सुधार के संदर्भ में कुछ सकारात्मक परिणामों के लिए याद किया जाएगा। भारत में दुनिया की लगभग 75 प्रतिशत बाघ आबादी रहती है। आधुनिकीकरण, शहरीकरण, अवैध शिकार व मानव-पशु संघर्ष के कारण इसकी घटती संख्या की रक्षा के लिए 1973 में मिशन प्रोजेक्ट टाइगर शुरू होने के बाद से बाघ का भविष्य वास्तव में उज्ज्वल हो रहा है। देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान और भारत में बाघ की स्थिति के अनुसार, बाघों की आबादी 2018 में 2967 से बढ़कर 2022 में 3682 हो गई है। यह वन अधिकारियों, वन्यजीव निकायों, स्थानीय आबादी, जागरूकता अभियान और सरकारी प्रोत्साहन के ठोस प्रयासों से संभव हुई एक बड़ी उपलब्धि है। भविष्य में यह उपलब्धि बनाए रखने के लिए ढांचागत परियोजनाओं के निर्माण व विस्तार में वन्यजीवों व खासकर बाघों के हितों को ध्यान में रखना जरूरी होगा। दुनिया भर में ऐसे प्रयास जारी हैं।

– **विजय सिंह अधिकारी,** नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# आइकॉनिक बिल्डिंग के तौर पर होनी चाहिए वाराणसी और गोरखपुर के कमिश्नरी कार्यालयों की पहचान



## ● ट्विन बिल्डिंग के रूप में बनाए जाएं दोनों भवन, स्थानीय संस्कृति की दिखाई दे झलक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वाराणसी और गोरखपुर के कमिश्नरी कार्यालयों की पहचान आइकॉनिक बिल्डिंग के तौर पर होनी चाहिए। इसको ध्यान में रखकर दोनों कार्यालयों की डिजाइन बनाएं। दोनों कमिश्नरी के भवनों में स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाई दे। मुख्यमंत्री बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में वाराणसी और गोरखपुर में नए कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट भवन के संबंध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए हमें सभी कार्यालयों को एक जगह पर लाना है। एकीकृत कमिश्नरी कार्यालय का उद्देश्य यह है इससे सभी विभागों की मॉनिटरिंग करने में आसानी होगी। एक छत के नीचे सभी कार्यालयों के होने से जनता को भटकना नहीं पड़ेगा। वाराणसी और गोरखपुर कमिश्नरी कार्यालयों को हमें एक मॉडल के तौर पर प्रस्तुत करना है। इससे जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों भवनों का निर्माण ऐसा हो जो व्यवहारिक लगे। कार्यालयों के लिए उतनी ही जमीन उपयोग में लेंए जितनी आवश्यक हो। गोरखपुर और वाराणसी विकास प्राधिकरण इस बात का ध्यान रखें कि दोनों एकीकृत कार्यालयों में कॉन्फ्रें स हॉल, ओपन ऑफिस, क्यूबिकल ऑफिस और स्टोरेज की व्यवस्था हो। साथ ही इन कार्यालयों में बैंक, जिम, कैफेटेरिया और पार्किंग की भी व्यवस्था रहे।

कार्यालयों के बन जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से गोरखपुर और वाराणसी में सभी कार्यालयों को शिफ्ट करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों शहरों के विकास प्राधिकरण को निर्देश किया कि मण्डलीय कार्यालयों में वाणिज्यिक और सरकारी कार्यालयों को अलग-अलग रखें। उन्होंने कहा कि दोनों ही शहरों में ट्विन बिल्डिंग के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। इसमें एक में सभी सरकारी कार्यालय जबकि दूसरे भवन का वाणिज्यिक उपयोग किया जाए। इसके अलावा नया भवन बनने के बाद जो भी कार्यालय खाली हों उनके शिफ्ट कराए गए कार्यालयों की खाली भूमि को 'मोनेटाइज' कर व्यवसायिक उपयोग में लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा की इस प्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बढ़ाया जाए। वाराणसी में भवन निर्माण और डिजाइन बनाने के लिए आईआईटी बीएचयू का भी सहयोग लिया जाए। अधिवक्ताओं के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था हो। जनता, अधिकारी कर्मचारी और अधिवक्ताओं की गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए और इनके लिए एंट्री एवं एग्जिट की अलग अलग व्यवस्था होनी चाहिए।

# यूपी की प्रत्येक गांव पंचायत में स्थापित होगा 'शिलाफलम'

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शिलाफलम की स्थापना को लेकर योगी सरकार ने दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत** की आजादी के 75 साल (आजादी का अमृत महोत्सव) पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में आयोजित होने जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश में पूरे उत्साह के साथ मनाने की तैयारी की गई है। इसके तहत प्रदेश भर में 9 अगस्त से विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला की शुरुआत होगी, जो 25 अगस्त तक ब्लॉक, नगर निगम, राज्य स्तर पर जारी रहेगी। इन कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत स्तर पर शिलाफ लम की स्थापना भी की जानी है और योगी सरकार ने प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायतों में शिलाफ लम स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। ये भी निर्देश हैं कि कुछ स्थानों पर एक से अधिक शिलाफ लम भी स्थापित किए जा सकते हैं। यह शिलाफ लम एक स्मारक पट्टिका है, जिसे अमृत सरोवरों, जलाशयों व अन्य जलस्रोतों के पास लगाई जानी है। उल्लेखनीय है कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम बीते वर्ष हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तर्ज पर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आयोजित किया जाना है। इसके तहत प्रदेश के हर गांव व शहर की माटी को कलश में भरकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी दिल्ली में संग्रहित किया जाएगा। सीएम योगी ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का कार्यक्रम करार दिया है।

सीएम की मंशा के अनुरूप प्रत्येक जनपदों में इन कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर दी गई है। इसमें शिलाफ लम की स्थापना को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया है। इसके अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक स्मारक पट्टिका अवश्य स्थापित की जाए। इसका साइज 5 फ ीट गुणे 3 फीट होना चाहिए। यदि स्थान अधिक हो तो 5:3 अनुपात में आकार को बढ़ाया जा सकता है। यह पट्टिका अमृत सरोवरों, जलाशयों, जलस्रोतों के पास लगाई जा सकती है। यदि जलस्रोत नहीं हो तो ग्राम पंचायत कार्यालय अथवा विद्यालयों के आसपास स्थापित किया जा सकता है। शिलाफ लम के निर्माण में स्थानीय सामग्री एवं संसाधनों को उपयोग करते हुए मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य निष्पादित किया जा सकता है।

शिलाफलम के डिजाइन में एकेएएम का लोगो, विजन 2047 के लिए प्रधानमंत्री का संदेश, स्थानीय वीरों के नाम और पंचायत का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जाएगा। जहां स्थानीय वीर नहीं हैं या उनके नाम उपलब्ध नहीं है उन स्थानों पर देश के लिए समर्पित जनसामान्य का उपयोग किया जा सकता है। शिलाफलकम की कलाकृति आकृति में एकेएएम लोगो/ एकेएएम 2047 का विजन विचार पंचायत का नाम और तिथि शामिल होनी चाहिए। स्थानीय वीरों का नाम स्थानीय स्तर पर जोड़ा जाएगा। स्थानीय श्वीरों की सूची में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सैन्य कर्मी (सेना, नौसेना, वायु सेना जो ड्यूटी के दौरान देश की सेवा करते हुए शहीद हुए) और राज्य पुलिस बल, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के वो कर्मी जो ड्यूटी के दौरान शहीद हुए, सम्मिलित किए जा सकते हैं। शिलाफ लम में अनिवार्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उक्ति को सम्मिलित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा है कि मातृभूमि के लिए प्रत्येक दिन, प्रत्येक क्षण और जीवन के प्रत्येक कण का जीना, स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके अलावाए शिलाफ लम में जन-जन के नारे भी समाहित किए जा सकते हैं। उदाहरण के तौर पर पहला नारा है, मातृभूमि की स्वतंत्रता और उसके गौरव की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीरों को शत-शत नमन। दूसरा उदाहरण-मातृभूमि की स्वतंत्रता और गौरव की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को शत-शत नमन।

**महिला बीट व हेल्प डेस्क अभियान का दूसरा चरण**

# प्रदेश में 17324 अराजकतत्वों को किया गया चिन्हित, 558 मुकदमे दर्ज

## ● महिलाओं व बालिकाओं के साथ अशिष्ट व्यवहार करने वालों के खिलाफ चल रही कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क अभियान के दूसरे चरण के दौरान प्रदेश में कुल 12904 बीट पुलिस (महिला व पुरूष) कर्मियों द्वारा 17324 अराजक तत्वों को चिन्हित किया गया है। 14533 व्यक्तियों को चेतावनी और उनकी काउंसलिंग की गई। अभियान के दौरान 558 मुकदमे दर्ज किए गए। 167 व्यक्तियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई। 122 के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई प्रचलित है। 1825 व्यक्तियों के खिलाफ शांति भंग की आशंका और 187/ 116 सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। 119 के खिलाफ चालान व जुर्माना की कार्रवाई की गई।

डीजीपी ने दूसरे चरण में 21 जुलाई से 7 अगस्त तक बीट पुलिस के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर छेड़खानी या अन्य अशिष्ट आचरण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विशेष कार्रवाई किए जाने के प्रदेश पुलिस को निर्देश जारी किए थे। डीजीपी ने मुख्य तौर पर सड़कों, बाजारों व अन्य सार्वजनिक महत्ता के स्थानों को महिलाओं के लिए सुगम व सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सार्वजनिक स्थानों पर अराजक तत्वों का चिन्हीकरण करते हुए उन पर उचित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

इस विशिष्ट अभियान के अन्तर्गत थाना क्षेत्र के बीट पुलिस अधिकारियों (पुरुष एवं महिला बीट अधिकारी दोनों) द्वारा सादे कपड़ों में बीट क्षेत्र में महिला सुरक्षा से सम्बन्धित संवेदनशील क्षेत्र/ हॉटस्पाट का भ्रमण तथा डिकाय आपरेशन, सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष बीट पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए, महिलाओं व बालिकाओं के साथ छेड़खानी करने वालों को चिन्हित कर उन्हें चेतावनी व काउन्सलिंग तथा आवश्यकतानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियान के अन्तर्गत क्रमिक रूप से ऐसे अराजक तत्वों जिनके द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर अशिष्ट आचरण किया जाता है उनको चिन्हित करते हुए उचित कार्यवाही की जा रही है। साथ ही ऐसे अपराधी जिन पर पूर्व में छेड़खानी या महिलाओं के प्रति अशिष्ट आचरण किये जाने का आपराधिक इतिहास है उनकी भी बीट पुलिस के माध्यम से चेकिंग व निगरानी की जा रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित इस वृहद अभियान में आम जनमानस में पुलिस की छवि को कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस के प्रति जनता विशेष रूप से महिलाओं के विश्वास को बेहतर करना एवं उन्हें जागरूक करते हुए उन्हे सशक्त बनाना है।

# हरियाणा में हिंसा को देखते हुए यूपी पुलिस को किया गया अलर्ट

## संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** के स्पेशल डीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने पवित्र श्रावण मास, मोहर्रम एवं पड़ोसी राज्य में उत्पन्न हुई कानून-व्यवस्था की स्थिति के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। स्पेशल डीजी ने कहा है कि सावन के महीने में इस बार 8 सोमवार हैं। इसके अलावा मोहर्रम का त्यौहार था इसको लेकर हमारे यहां पहले से ही अलर्ट चल रहा है। इस बीच हमारे पड़ोसी राज्य में कुछ कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा हुई है इसको देखते हुए तत्काल जिले के सभी अधिकारियों को अलर्ट किया गया है।

पर्याप्त संख्या में रिजर्व पुलिस बल हर वक्त तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह लगातार भ्रमण शील रहें और संभ्रांत लोगों से बातचीत करते रहें। स्पेशल डीजी ने कहा है कि कुछ धार्मिक आयोजन भी हैं। जैसे मथुरा में 84 कोसी परिक्रमा है। इसमें कुछ हिस्सा हमारा हरियाणा में भी पड़ता है तो वहां के आईजी को निर्देशित किया गया है, साथ ही एडीजी आगरा को भी मुख्यालय से बताया गया कि वह स मानिटरिंग करें। साथ ही अयोध्या में आने वाले त्योहार पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में अभी भी ताजिए दफनाए जा रहे हैं। उस पर भी लगातार निगाह रखी जा रही। स्पेशल डीजी ने कहा कि आज कुछ संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन की भी बात आई है वहां पर्याप्त पुलिस बल लगा है और जो भी प्रजातांत्रिक तरीका है उसे लागू किया जाएगा और जगह-जगह पर हमारा पुलिस प्रशासन सतर्क है।

उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के संबंध में हम लोगों ने निर्देश दिए हैं।

# नहरों को पूरी क्षमता से चलाते हुए टेल तक पानी पहुंचाया जाएः सीएस

## ● मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के संग की साप्ताहिक समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव ने सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान मानसून सत्र में अधिकांश जनपदों में औसत से कम वर्षा होने के कारण खरीफ की फसल की सिंचाई की गम्भीर समस्या है। नहरों व नदियों में पानी पर्याप्त मात्रा में है। सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए प्रदेश की सभी नहरों को पूरी क्षमता से चलाते हुए टेल तक पानी पहुंचाया जाए। सिंचाई का पानी किसानों के खेत तक पहुंचाने में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस दौरान डीजीपी विजय कुमार भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलाधिकारियों द्वारा समीक्षा कर सभी राजकीय नलकूपों की क्रियाशीलता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि समस्त नहरों की सुरक्षा व सफल संचालन के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ आवश्यक पुलिस बल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वारा नहरों की पेट्रोलिंग करायी जाए। नहर पटरी पर किसी भी तरह की कटिंग व खांदी आदि न होने पाए। जल की किसी भी तरह की बर्बादी पर पूर्णत: अंकुश लगाया जाए। कंट्रोल रूम से टेल पर स्थित ग्राम के प्रधान व किसानों के नम्बर पर सम्पर्क कर टेल तक पानी पहुंचने की जानकारी प्राप्त की जाए।

प्रदेश में अमृत सरोवर की स्थिति की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना के आरंभ से अब तक प्रदेश का देश में प्रथम स्थान रहा है, इसी तरह का प्रदर्शन आगे भी जारी रहना चाहिए। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि नेशनल हेल्थ अथॉरिटी (एनएचए) के अनुसार पात्र परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। कार्ड बनवाने के लिए इनएक्टिव यूजर्स को एक्टिव कराया जाए। आयुष्मान कार्ड से सभी लाभार्थियों को 31 अगस्त 2023 तक संतृप्त कराया जाए। कार्ड बनाने के अभियान का प्रतिदिन अनुश्रवण किया जाए। मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये मुख्य सचिव ने कहा कि यह आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अन्तिम कार्यक्रम है। कार्यक्रम को पूरी भव्यता के साथ संपन्न कराया जाए। पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल रहे। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्यक्रम की समस्त तैयारियां समय से पूरी करा ली जाएं। नार्को-कोर्डिनेशन सेंटर (एन-कॉर्ड) की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि नशे की बढ़ती लत बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। सभी जिलाधिकारियों द्वारा एन-कार्ड की मासिक बैठक अनिवार्य रूप से की जाये। जिन जनपदों में ड्रग डिस्पोजल कमेटी गठित नहीं है, वहां कमेटी का गठन कर लिया जाए। आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सभी मँडल व जनपद स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई के लिए तय समय पर कार्यालय में अवश्य उपलब्ध रहें। पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि थानों से शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। थानाध्यक्षों को सबसे ज्यादा मॉनीटरिंग करनी चाहिए। सभी शिकायतों की जांच अवश्य हो।

थानाध्यक्ष तय करे की जांच सही से हुई है या नहीं, संतुष्ट होने पर ही जांच रिपोर्ट आगे बढ़ाए। भूमि सम्बन्धित विवादों को लेखपालों के सहयोग से निस्तारित कराया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी, डीआईजी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स अब्दुल हमीद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## हरियाणा सरकार यात्रा को सुरक्षा नहीं दे सकती थी तो आयोजन की अनुमति क्यों दी: मायावती

**लखनऊ।** हरियाणा के नूंह में विश्व हिन्दू परिषद की यात्रा के दौरान हुई हिंसा को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने हरियाणा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब राज्य सरकार इस तरह के कार्यक्रमों को सुरक्षा नहीं दे सकती है तो फिर वो ऐसे आयोजनों को इजाजत क्यों देती हैं। उन्होंने मणिपुर और हरियाणा की हिंसा के साथ पिछले दिनों हुई तमाम घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राजनीतिक और संकीर्ण स्वार्थों की पूर्ति के लिए ऐसी चीज़ों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। बुधवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि हरियाणा में हुई हिंसा और फिर इसका आसपास के इलाकों में फैल जाना, इससे साबित होता है कि हरियाणा में भी मणिपुर की तरह कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। वहां की सरकार का खुफिया तंत्र भी निष्क्रिय है, जो चिंताजनक है। हरियाणा सरकार उस यात्रा को सुरक्षा देने में विफल रही, अगर वो इस यात्रा को सुरक्षा नहीं दे सकती तो फिर सरकार द्वारा इसके आयोजन की अनुमति ही क्यों दी जाती है। मायावती ने कहा कि लोगों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा करना सरकार का काम होता है। सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जैसा कि बसपा की सरकार ने चार बार करके दिखाया है। यूपी में हमारी चार बार सरकार रही तो हमने लॉ एंड ऑर्डर को ठीक करके दिखाया है। हरियाणा की सरकार को प्रदेश में सांप्रदायिक सद्भाव और आपसी भाई चारे के लिए कोशिशें करनी चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार को भी आगे आना चाहिए ताकि हालात खराब न हो। मायावती ने कहा कि नूंह हिंसा के बाद अब दिल्ली और यूपी के भी कई हिस्सों में रेड अलर्ट है जो शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सही कदम है। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से अपील करती हूं कि वो शांति व्यवस्था बनाए रखें।

# बरेली में दंगा कराने की साजिश हुईः अखिलेश

## ● सपा ने भाजपा सरकार पर लगाया दंगाइयों को शह देने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार पूरे देश में नफरत की आग फैला रही है। भाजपा अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए सामाजिक सदभाव को बिगाड़ रही है। नफरत की आग फैलाना और समाज को बांटना ही भाजपा का मॉडल है। भाजपा शांति और विकास की दुश्मन है। अखिलेश यादव ने कहा कि मणिपुर से लेकर हरियाणा तक भाजपा शासित राज्य जल रहे हैं। बरेली में दंगा कराने की साजिश हुई। भाजपा सरकार दंगाइयों को शह देती है और कानून व्यवस्था बनाने वाले अधिकारियों को दंडित करती है। उन्होंने देश की जनता खासकर हरियाणा वासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील है। उन्होंने कहा कि जनता किसी भी राजनीतिक साजिश और अफवाहों से सजग और सतर्क रहते हुए अपना भाईचारा बनाए रखें। हरियाणा की हिंसा मणिपुर के बाद डबल इंजन सरकार की नाकामी का एक और उदाहरण है।

सरकार के रूप में भाजपा का इंजन फेल रहा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने जनता से जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता भाजपा से नाराज है। जनता की समस्याओं, किसानों नौजवानों के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए भाजपा पूरे देश को दंगे-फसाद में झोंक रही है। भाजपा सरकार देश की जनता को आपस में लड़ाने में अपना राजनीतिक फायदा देखती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि केन्द्र और प्रदेशों की भाजपा सरकारें हर मोर्चे पर विफल है। इनको आम जनता के दुख दर्द, विकास, रोजगार से कोई मतलब नहीं है। ये सत्ता में बने रहने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। कानून व्यवस्था बनाए रखने में भाजपा सरकारों का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। आज देश बेहद नाजुक दौर से गुजर रहा है। देश की जनता जागरूक रहकर भाजपा के मंसूबों को विफल करेगी।

# वर्ल्ड क्लास रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ेंगे अनाथ, गरीब व श्रमिकों के होनहार बच्चे

## अगस्त अंत तक 18 में से 16 अटल आवासीय विद्यालयों में पठन-पाठन शुरू करने की तैयारी

## ● प्रदेश के सभी 75 जनपदों से अटल आवासीय विद्यालय के लिए बच्चों का हुआ सेलेक्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश के गरीबए अनाथ और श्रमिकों के होनहार बच्चों को बेहतरीन सुविधाओं से युक्त रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ाने की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगी है। प्रदेश के 18 जिलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन होना हैं। इनमें भी 16 जिलों में भवन निर्माण का काम करीब करीब पूरा हो चुका है। इनमें अगस्त महीने के अंत तक कक्षा 6 के लिए पठन-पाठन शुरू करने की तैयारी है। वहीं बाकि बचे 2 विद्यालयों को भी इस साल के अंत तक क्रियाशील किया जा सकता है। 1189.88 करोड़ की लागत से बन रहे इन 18 रेजिडेंशियल स्कूलों में सभी उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त इन स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा दी जाएगी। प्रदेश में 18 स्थानों पर आजमगढ़, बस्ती, लखनऊ, अयोध्या, बुलंदशहर,मेरठ, गोण्डा, गोरखपुर, ललितपुर (झांसी), प्रयागराज, सोनभद्र (मीरजापुर), मुजफ्फ रनगर (सहारनपुर), बांदा, अलीगढ़, आगरा, वाराणसी, कानपुरए बरेली और मुरादाबाद में अटल आवासीय विद्यालय का संचालन होना है। अटल आवासीय विद्यालयों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया को भी करीब करीब पूरा कर लिया गया है। इनमें प्राचार्यों की नियुक्ति 5 अप्रैल तक पूरी हो चुकी है जबकि प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को 22 जून को पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को 26 जून को पूरा कर लिया गया है। वहीं नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए इंटरव्यू प्रक्रिया जारी है, जोकि अंतिम चरण में है। साथ ही सभी स्कूलों के लिए फ र्चीनर, मेस सर्विस, फैकल्टी मैनेजमेंट, यूनिफ ॉर्म और अन्य एसेसिरीज की उपलब्धता को भी जल्द से जल्द पूरी हो जाएगी। ये कार्य भी अंतिम चरण में है। प्रदेश में स्थापित होने जा रहे 18 अटल आवासीय विद्यालयों में जहां मुफ्त हॉस्टल की सुविधा होगी, वहीं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सेंट्रल एकेडमिक टीम की ओर से यूनिक एकेडमिक करिकुलम भी डिजाइन किया गया है। साथ ही कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथेमेटिक्स लैब, सोशल साइंस लैब, अटल थिंकरिंग लैब और एक्सपेरिमेंटल लैब की भी सुविधा यहां होगी। विद्यालय परिसर पूरी तरह से हरियाली से परिपूर्ण होंगे।

> **प्रदेश** के सभी जिलों से बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। हमारा प्रयास है कि अगस्त माह के अंत तक हम 18 में से 16 विद्यालयों में कक्षा 6 में पठन-पाठन का कार्य शुरू करा दें। बाकी बचे दो विद्यालयों में भी इस साल के अंत तक कक्षा 6 में पढ़ाई शुरू होए इसके लिए विभाग तेज गति से कार्य कर रहा है।
>
> **निशा अनंत**
> **महानिदेशक**
> **अटल आवासीय विद्यालय**

# पीपीपी मॉडल पर तीन बस स्टेशनों को विकसित करने के लिए अनुबंध

## ● विकास पर आगे बढ़ी योगी सरकार, बसों में सुरक्षा के भी किए गए प्रबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बस** यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के साथ उनकी यात्रा को सुरक्षित बनाने के प्रति संकल्पित योगी सरकार ने बुधवार को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। पीपीपी मॉडल पर आधुनिक बस स्टेशनों के निर्माण की प्रक्रिया के तहत गाजियाबाद (ओल्ड), गोमती नगर (लखनऊ) एवं सिविल लाइन्स (प्रयागराज) बस स्टेशनों के लिए चयनित विकासकर्ता मैसर्स ओनेक्स लिमिटेड के साथ कन्सेशन अनुबन्ध हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही परिवहन निगम द्वारा अपनी बसों में वैहिकल लोकेशन ट्रैकिंग एवं पैनिक बटन स्थापना के साथ निगम मुख्यालय पर आधुनिक कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर, क्षेत्रीय मुख्यालयों पर रीजनल कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं 100 प्रमुख बस स्टेशनों पर यात्री सूचनाओं के प्रदर्शन के लिए बड़े साइज के एलईडी डिस्प्ले पैनल्स एवं यात्री उदघोषणा तंत्र की स्थापना परियोजना का भी शुभारम्भ किया गया।

परिवहन निगम के सभागार में उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल पर बस स्टेशनों को निर्मित कराया जाना सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा है। विश्वस्तरीय नवीन तकनीकों का प्रयोग करते हुए स्थानीय संस्कृति एवं वास्तुकला की झलक के साथ इन बस स्टेशनों को विकसित किया जाएगा। ओमेक्स लिण् के प्रबन्ध निदेशक मोहित गोयल ने आश्वस्त किया कि सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप आधुनिक बस स्टेशनों का निर्माण एवं विश्वस्तरीय तकनीकों का प्रयोग कर यात्री अनुभवों को बेहतर करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। वैहिकल लोकेशन ट्रैकिंग एवं पैनिक बटन स्थापना पर परिवहन मंत्री ने कहा कि तकनीक के माध्यम से अब यात्रियों को अपने परिजनों की वास्तविक लोकेशन की जानकारी हो सकेगी।

# डीएम ने वन स्टॉप सेन्टर व राजकीय बाल संरक्षण गृह का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने वन स्टॉप सेन्टर एवं राजकीय बाल संरक्षण गृह (बालक) का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाऐं देखी। वन स्टॉप सेन्टर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रशासनिक कक्ष, पुलिस चौकी, कार्यालय कक्ष, महिला शक्ति केन्द्र, प्रशिक्षण कक्ष, पैरामेडिकल कक्ष, पैरालीगल कक्ष, अश्रय गृह, काउन्सलर कक्ष, मनोसमाजिक परामर्श कक्ष आदि का गहनतापूर्ण निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वनस्टॉप परिसर में वृक्षारोपण भी किया। सखी वनस्टॉप सेन्टर के परिसर में गंदगी पाये जाने पर जिलाधिकार ने नाराजगी व्यक्त करते हुये वनस्टॉप सेंटर परिसर में एक सप्ताह के भीतर साफ-सफाई करवाने तथा वृक्षारोपण करवाने हेतु जिला प्रोवेशन अधिकारी गौराव मिश्रा को निर्देशित किया। गौरव मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता, विधिक सहायता, चिकित्सा एवं काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। विभाग द्वारा लगातार पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए कार्य किया जाता है । उन्होने बताया वन स्टॉप सेंटर पर पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत रूप से सहायता-सहयोग, तत्काल आपातकालीन एवं गैर आपत्कालीन सुविधा, चिकित्सा, विधिक सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श आदि सहायता उपलब्ध करायी जाती है। लक्षित समूह के तौर पर हिंसा से पीड़ित महिलाएं जिसमें 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाएं भी सम्मिलित हैं, उन्हें भी सहायता प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि वन स्टॉप सेन्टर का उद्देश्य महिलाओं का सशक्तीकरण करते हुये उनमें सुरक्षा के भाव को उत्पन्न करना है। जिलाधिकारी ने व्यापक रूप से जनजागरूकता अभियान चलाते हुये महिलाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभन्वित कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

# मछरेहटा एसओ के सराहनीय कार्य से 7 साल बाद मिले पिता-पुत्र

**संवाददाता।** सीतापुर

**मछरेहटा** थाना क्षेत्र के हेड कांस्टेबल अबू हादी खान और आरक्षी कुशल चहल क्षेत्र गश्त पर थे, इस दौरान उन्होंने हालूपुर स्थित हनुमान मंदिर पर बैठा एक व्यक्ति नजर आया। पूछताछ में वह व्यक्ति अपने बारे में कुछ भी नहीं बता पा रहा था। यह देख दोनों उसे लेकर थाना पहुंचे और थानाध्यक्ष रामराघव सिंह को मामला बताया इस पर थानाध्यक्ष ने उसके नहाने की व्यवस्था कर कपड़े मंगाए और भोजन कराया, जिसके बाद वह काफी देरतक सोता रहा। सोकर उठने पर थानाध्यक्ष ने जब फिर उससे वही सवाल किए तो उसने अपने नाम प्रभुराम और निवास बिहार के मुजफ्फरनगर जिला अंतर्गत थाना पारू के गांव फतेहाबाद बताया।

पुलिस को यह भी पता चला कि 52 वर्षीय प्रभुराम पुत्र भगेलू 7 साल पहले रोजी रोटी के लिए घर से दिल्ली के चला था, रास्ते में भटक गया, उसके बाद बीमारी से उसकी याददाश्त चली गई। इसके कारण वह इधर-उधर भटकता रहता था।

जानकारी मिलते ही खुश हुए थानाध्यक्ष ने अपने मुजफ्फरनगर स्थित एक जानकार से संपर्क किया, तो पता चला कि फतेहाबाद वहां से 13 किलोमीटर दूर है, इसके बाद उस व्यक्ति ने प्रभुराम के परिजनों को उसके मिलने की सूचना देकर वीडियो काल से बात कराई तो इतने लंबे समय से लापता पति को देखते ही पत्नी फफक कर रो पड़ी, इसके बाद पुलिस की सूचना पर बड़ा बेटा राजू थाना मछरेहटा पहुंचा पिता पुत्र आमने सामने हुए तो आंसूओं की धार फूट पड़ी यही नहीं खुद थानाध्यक्ष राम राघव सिंह भी अपनी आंखें पोछते नजर आए इसके बाद विधिक प्रक्रिया पूरी कर प्रभुराम को उनके बेटे के हवाले कर दिया गया। पुलिस के इस कार्य की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# डीएम ने मतदेय स्थलों के सम्भाजन से सम्बन्धित संशोधन प्रस्ताव पर राजनीतिक दलों के संग बैठक

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बुधवार** को कलेक्ट्रेट में डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने मतदेय स्थलों के सम्भाजन से सम्बन्धित संशोधन प्रस्ताव के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों एवं उप जिलाधिकारी/तहसीलदारों की बैठक की। बैठक में डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं मतदेय स्थलों के सम्भाजन से सम्बन्धित की जाने वाली गतिविधियों, कार्यक्रम के सम्बन्धित सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को प्रति देते हुए अवगत कराया।

सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को सभी तहसीलों से विधानसभावार मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के बाद प्राप्त संशोधन प्रस्ताव, संख्यात्मक संख्या से सम्बन्धित सूचनाओं की प्रति उपलब्ध कराते हुए विस्तृत चर्चा की और उपलब्ध कराये गये संशोधन प्रस्ताव के सम्बन्ध में सभी से यह अनुरोध किया कि यदि प्रस्तुत संशोधन प्रस्ताव में किसी प्रकार का सुझाव अथवा आपत्ति है, तो उसके सम्बन्ध में लिखित रूप में अपना सुझाव/आपत्ति दे सकते हैं।

उक्त के सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये संशोधन प्रस्तावों पर सभी उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सहमति व्यक्त की।

उक्त के अलावा यह भी अनुरोध किया कि उपलब्ध कराये गये संशोधन प्रस्तावों के अतिरिक्त किसी भी मतदेय स्थलों के सम्बन्ध में कोई भी सुझाव अथवा आपत्ति हो तो उसकी लिखित सूचना इस कार्यालय अथवा सम्बन्धित एसडीएम को तीन दिवसों के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए, जिससे मतदेय स्थलों के आलेख्य प्रकाशन 08 अगस्त से पूर्व आयोग के निर्देशानुसार समस्त कार्यवाही/निस्तारण करते हुए आलेख्य प्रकाशन कराया जा सके।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र लखनऊ ने मतदेय स्थलों का सम्भाजन, मतदाता सूची का एकीकरण एवं मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन से सम्बन्धित समय सारणी जारी की।

# नगर पालिका परिषद गोला के विनोद मिश्र हुए सेवानिवृत्त

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ



**नगर** पालिका परिषद सभागार में पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू की अध्यक्षता, अधिशासी अधिकारी जी0लाल की मौजूदगी में नगर पालिका के कर्मचारी विनोद कुमार मिश्र का सेवानिवृत्ति विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया।नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शुक्ला ने विनोद कुमार मिश्र को सेवा निवृत्त होने पर फूल मालाएं पहनाकर, शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह देकर उनके स्वस्थ्य जीवन की ईश्वर से कामना की। पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू ने कहा कि जिस पर मिश्र ने अपने 31 वर्ष के कार्यकाल में जिस प्रकार नगर पालिका में अपनी ईमानदारी निष्ठापूर्वक दी हैं,उसी सेवाभाव से आगे भी सेवा निवृत्त होने के बाद परिवार और समाज को अपनी सेवाएं देते रहें। ऐसी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।ईओ जी0लाल ने कहा कि विनोद कुमार मिश्र ने जिस प्रकार कत्तव्य निष्ठा से अपनी सेवाएं दी है। उसी प्रकार सभी कर्मचारियों को इनसे प्रेरणा लेकर सेवा और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करना चाहिए। संचालन मोहित गिरि ने किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्र, महामंत्री धीरज बाजपेयी, सभासद राजेश वर्मा, राजीव सैनी अल्लू, दानिश राईन, हरिओम वर्मा, नानकचंद वर्मा, कफील अहमद, आनन्नद किशोर भोली गिरि, सुफियान खान शब्बन, शाहिद अंसारी, अनिल गुप्ता, सुरेश जायसवाल, धर्मेद्रं तिवारी, रज्जन खरे, आशीष अवस्थी, रियाजुद्दीन, शोभित कुमार, अनूप दीक्षित, लिपिक अमित श्रीवास्तव, वैभव त्रिपाठी, रामसिंह, अवधेश कुमार, मीरा मिश्रा आदि पालिकाकर्मी मौजूद रहे।

# राजा अजय सिंह परौर की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**अखिल** भारतीय क्षत्रिय महासभा शाहजहांपुर तत्वाधान में बरेली मोड़ स्थित जिला कार्यालय पर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे राजा अजय सिंह परौर की तृतीय पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर भुवनेश्वर सिंह ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरल स्वभाव एवं सहजता से लोगों के दिलों में जगह और स्थान बनाने वाले और दिलों को जीतने वाले राजा साहब को हम सभी कभी नहीं भुला सकते हैं क्षत्रिय समाज उनके किए गए कार्यों का हमेशा ऋणी रहेगा।

विपरीत परिस्थितियों में भी समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए राजा साहब ने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्रज प्रांत के अध्यक्ष जय गोविंद सिंह ने कहा कि राजा अजय सिंह परौर ने क्षत्रिय समाज को अपने कृतित्व एवं व्यक्तित्व से जो मार्ग दिखाया उसी को समाज को संकल्प लेकर उसी मार्ग पर चलना हम सभी की उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस अवसर पर बरेली मंडल के अध्यक्ष एम0पी0 सिंह ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की अद्भुत क्षमता रखने वाले राजा अजय सिंह ने पूरे जिले ही नहीं बल्कि पूरे देश में क्षत्रिय संगठन को एक नई पहचान दी उसी मार्ग पर हम सबको चलना ही उन्हें अच्छी श्रद्धांजलि होगी।

## अभाविप ने आयोजित की साइबर क्राइम संगोष्ठी

**संवाददाता।** सीतापुर

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद सीतापुर नगर इकाई के द्वारा आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में साइबर क्राइम संगोष्ठी एवं सदस्यता अभियान के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। नगर मंत्री अलख श्रीवास्तव, तहसील संयोजक आयुष शुक्ला ने परिषद के इतिहास और साइबर क्राइम पर विचार रखे।

उप प्रधानाचार्य श्रवण कुमार अवस्थी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नगर सह मंत्री शिवा पांडे ने किया। आरएमपी इंटर कॉलेज में भी सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं की सदस्यता की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनिवास सिंह, विभाग प्रमुख मनु शर्मा, अभिषेक बाजपेई, अनुराग मिश्रा, शिवा पाण्डेय, सत्यम वर्मा, पुनीत कुमार, आदित्य शर्मा और विभु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# ज्ञापन देने निकले आरएसी कार्यकर्ताओं को घर के बाहर ही प्रशासन ने रोका

**संवाददाता।** बरेली

**ऑल** इंडिया राजा एक्शन कमेटी की कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अदनान राजा कादरी के नेतृत्व में आज जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास के बाहर ही राष्ट्रपति को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि बरेली सहित पूरे देश में दंगे भड़क रहे हैं सत्ता के नशे में चूर समाज विरोधी तत्व पूरे देश का माहौल खराब करने में लगे हैं । बरेली से लेकर हरियाणा और मणिपुर में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किया जा रहा ह सत्ताधारी राजनीतिक दल पुलिस को कानून व्यवस्था संभालने नहीं दे रहे हैं जिससे पुलिस का मनोबल टूट रहा है और पुलिस का इकबाल भी खत्म हो रहा है आर ए सी ने कहा थाना बारादरी के जोगी नवादा में कुछ हिंसक तत्वों ने जबरन गैर परंपरागत रूप से कावड़ यात्रा निकालने की जिद की जिसके चलते जिला अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी और एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने हिंसक भीड़ को तितर बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया इसका नतीजा ये हुआ की एक ईमानदार कर्मठ और निष्ठावान पुलिस अधिकारी का ट्रांसफर कर दिया गया और भीड़ में ही कुछ तत्वों ने फायरिंग की जिसका वीडियो वायरल हो रहा है दूसरी और हरियाणा के गुरुग्राम में भी एक मस्जिद में घुसकर इमाम की हत्या कर दी गई और मस्जिद में आग लगा दी गई । रजा एक्शन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने राष्ट्रपति से मांग की है कि समाज में जहर फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और सांप्रदायिक दंगों पर तत्काल रोक लगाई जाए और इसमें शामिल तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों ना हो रजा एक्शन कमेटी कार्यकर्ता निर्धारित समय के अनुसार कलेक्ट्रेट ज्ञापन देने जा रहे थे कि जिला प्रशासन ने उनको उनके आवास के बाहर ही रोक करके ज्ञापन ले लिया ताकि कोई अप्रिय घटना घटित ना हो।

# शिष्टमंडल फरीदपुर रवाना, एसएसपी से करेगा मुलाकात

**संवाददाता।** बरेली

**जिला** बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव पीपरथरा में दलित युवक को पेड़ से बांधकर पीटने का मामला सामने आने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रज लाल खाबरी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल फरीदपुर गया और पीड़ित परिवार से मिला और घटना की जानकारी ली। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रज लाल खाबरी से पीड़ित परिवार की बात कराई प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को आशवासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ है परिवार को न्याय दिलाने में पूरी मदद की जायेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि कल दिनांक 3 अगस्त को एक शिष्टमंडल एसएसपी से मुलाकात करेंगा।

उन्होंने कहा कि कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में दलितों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है भाजपा के नेता चुप्पी साधे बैठे हुए हैं सबका साथ सबका विकास सबकी सुरक्षा आज खोखली साबित हो रही है सरे आम किसी को भी पीट दिया जाता है मार दिया जाता है। कांग्रेस पीड़ित परिवार की लड़ाई लड़ेगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसम्भव प्रयास किया जायेगा।मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित परिवार का हाल जानने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद ब्रजलाल खाबरी जी एवं प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित बरेली आ सकते है।युवक की पत्नी ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि मेरे पति को गांव के दबंगों ने पेड़ से बांधकर पीटा। मेरे साथ तीन लोगों ने घर में घुसकर इज्जत लूटी।

## कसमंडा ब्लाक की ग्रामसभाओं में पंचायत भवन का सपना आज भी अधूरा

**सीतापुर।** सीतापुर के कसमंडा ब्लाक की आधा दर्जन ग्रामसभाओं में पंचायत भवन का सपना आज भी अधूरा है। भारी बजट मिलने के बावजूद ब्लाक क्षेत्र की अधना, गढ़ी करौदी, ललवा, उसरी, सधना, कुरसंडा और जूडौरा आदि ग्रामसभाओं में पंचायत भवन नहीं बन सके है। यह हाल तब है जब जिले के प्रभारी मंत्री आलाधिकारियों के बैठक करते हुए पंचायत भवनों की स्थित पर जानकारी प्राप्त कर दिशा निर्देश दे चुके है। जाहिर है प्रभारी मंत्री का दौरा खत्म होते ही उनके आदेशों, निर्देशों को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया गया है। एक और बात मौजूदा वक्त कसमंडा के बीडीओ का प्रभार एक बार फिर से जिला विकास अधिकारी हरीश चंद प्रजापति के हाथों में है, बावजूद इसके पंचायत भवन जैसी शासकीय मंशा धूल फांक रही है।

# ट्रैक्टर ट्राली से दबकर एक व्यक्ति और मवेशी की मौत

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**मंगलवार** की रात मोहम्मदी शाहजहांपुर हाईवे पर ग्राम बरैंचा के पास ट्रॉली सेतेज गति से अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली चलाने के कारण एक व्यक्ति और एक मवेशी की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है। क्षेत्र के ग्राम बरैंचा निवासी धीरेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा कि मंगलवार को रात 11.30 बजे उसके पिता जितेंद्र कुमार मकान के सामने दुकान मे सो रहे थे। तभी जनपद शाहजहांपुर के थाना रामचंद्र मिशन के गांव चौढेरा निवासी रामरहीस ने लापरवाई से तेज गति से ट्रैक्टर ट्राली चलाते हुए पीड़ित के पिता के टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोहे का खोखा जनरेटर टूट गया। वहीं सामने बंधी भैंस के टक्कर लगने से मौत हो गई। आनन फानन में रात को ही पिता को शाहजहांपुर अस्पताल में ले गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जिला पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी गठित,31 सदस्य व 7 विस क्षेत्र अध्यक्षों की नियुक्ति की गई



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से डॉ राजपाल कश्यप प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अनुमोदन से अनिल पटेल जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ बरेली के द्वारा जिला पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी 31 सदस्य व 7 विधानसभा विधानसभा अध्यक्षों की नियुक्ति की गई एवं मनोनयन पत्र वितरण वितरण किया ।समाजवादी पार्टी बरेली के जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पत्र वितरण किया जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप के कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछड़े वर्ग की भागीदारी 60: है यदि पिछड़ा वर्ग संकल्प बंद हो गया तो समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ लोकसभा चुनाव जीतेगी ।अनिल पटेल ने कहा कि बरेली जिले में पिछड़े वर्ग को जोड़ने का काम मजबूती से किया जाएगा इसके लिए पूरे जिले में क्षेत्रवार मीटिंग की तैयारी शुरू कर दी गई है । कमेटी में महासचिव बने प्रताप प्रजापति , उपाध्यक्ष डॉ अशोक यादव , अनिल श्रीवास्तव , हरेंद्र गंगवार , भानु गुर्जर , रोहित कश्यप , चरन सिंह यादव , नमीसरन यादव कोषाध्यक्ष राजकुमार को बनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से में मौजूद रहे जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप , महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी , रामप्रकाश यादव लल्ला , मयंक शुक्ला मोंटी , रविंदर यादव , मनोहर पटेल , नदीम अली ,आरिफकुरैशी , ब्रजेश श्रीवास्तव , हरिओम प्रजापति , हरेंद्र सिंह कनौजिया , टीकाराम कश्यप , गोकरन यादव , मुकेश यादव , नाजिम कुरैशी डॉ बाबर अली चांद आदि लोग मौजूद रहे ।

## विश्व हिंदू परिषद ने अराजकतत्वों के खिलाफ खोला मोर्चा

बरेली। बरेली में बीते दिनों हुए कांवड़ियो पर लाठीचार्ज को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने मोर्चा खोल दिया है विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांवड़ियो पर लाठीचार्ज करना गलत है और उसमें जो लोग घायल हुए हैं यह जिन को बुरी तरह से चोटें आई हैं उनको उनका मुआवजा दिया जाए. विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है की गंदी मानसिकता रखने वाले लोगों ने बीते दिनों का पर्व पर पथराव किया था उसके बाद कांवरियों का रास्ता रोककर उनकी कावर को रोककर खंडित किया गया. जिसके बाद से पुलिस ने हिंदू लोगों पर लाठियां चलाई जिसके बाद से पुलिस ने हिंदू लोगों पर लाठियां चलाई जिसमें उन्हें गंभीर चोटें भी आई हैं हमारे सरकार से यही कहना है जिसके बाद से पुलिस ने हिंदू लोगों पर लाठियां चलाई जिसमें उन्हें गंभीर चोटें भी आई हमारे सरकार से यही कहना है की ऐसी मानसिकता रखने वाले लोगों को ऐसी मानसिकता रखने वाले लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और जो लोग जोगी नवादा झगड़े में घायल हुए हैं और चोटें आई हैं उनको सही मुआवजा दिया जाए। जिन लोगों की मेवात के दंगों में मृत्यु हुई है उनको मुआवजा दिया जाए, और सरकार से अपील है कि धार्मिक स्थानों पर जाने के लिए एक पुलिस प्रशासन के द्वारा उचित सुविधाएं मुहैया कराई जाएं और सुरक्षा की व्यवस्था की जाए।

## दुर्घटना के बाद में सीएचसी पर भिड़े दो पक्ष

बरेली । सड़क दुर्घटना में 2 लोगों के घायल होने के बाद पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए भेजा जहां पहुंचे दोनों पक्षों के लोगों में आपस में मारपीट हो गई पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी ।भमोरा थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मपुरा निवासी बकार और हर्रांम पुर निवासी गोविंद के समर्थकों के बीच भमोरा स्वास्थ्य केंद्र पर जमकर मारपीट हुई बताया जाता है कि वकार और गोविंद दोनों मोटरसाइकिल पर सवार थे और ब्रह्मपूरा मोड़ पर दोनों की मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई जिससे दोनों घायल हो गए दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा घटना की सूचना मिलने पर दोनों के समर्थक भी मौके पर पहुंच गए और यहां पर एक दूसरे से झगड़ा करने लगे देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट शुरू कर दी इस दौरान डॉक्टर होमगार्ड का जवान और सिपाही कमरे के अंदर परीक्षण कर रहे थे उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हम मारपीट कर रहे दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया और कार्रवाई शुरू कर दी

# खीरी में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाया जाएगा मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रमः जिलाधिकारी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**स्वतंत्रता** दिवस पर आयोजित होने वाला %मेरी माटी-मेरा देश% कार्यक्रम खीरी में बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा व मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की कार्ययोजना के सम्बन्ध में बैठक हुई।

डीएम ने मेरी माटी मेरा देश, मिट्टी को नमन, वीरों को वंदन आदि कार्यक्रमों को मनाये जाने की तैयारियों के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारियों, विभागों को यथासमय सभी तैयारियां करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसडीएम, बीडीओ सहित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में जारी शासनादेश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सभी जरूरी व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित की जाय। पंचायत स्तर से नगरीय निकाय स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की रूपरेखा के सम्बन्ध में समय से पहले सभी तैयारियां करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि भारत सरकार ने इस वर्ष मातृभूमि को नमन करते हुए देश की माटी पर ध्यान केन्द्रित किया है।

बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत व नगर निकायों में शिलाफलकम के लिए स्थान चयन, शिलाफलकम निर्माण, युवा स्वयंसेवकों का चयन, कलशों, दियों की व्यवस्था आदि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। कार्यक्रम के तहत अमृत कलश के माध्यम से जिले के हर गांव, हर शहर की मिट्टी को लखनऊ और दिल्ली में आजादी के अमृत वर्ष की स्मृति के साथ संग्रहीत किया जाएगा।

डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने हर घर तिरंगा अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी देते हुए विभागवार तिरंगे का लक्ष्य बताया। डीएम ने सभी विभागों को अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

## जोगी नवादा में बवाल के बाद एक समुदाय के लोगों ने अपने घरों पर मकान बेचने के नोटिस किये चस्पा

**बरेली।** जोगी नवादा में दो बार हुए बवाल के बाद मंगलवार को विशेष समुदाय के लोगों ने अपने घरों पर मकान बेचने के नोटिस चस्पा कर दिए हैं। वहां रहने वाले एक समुदाय के लोगों का कहना है कि उनके साथ उत्पीड़न हो रहा है। बगैर गलती के पुलिस प्रशासन उन पर कार्यवाही




कर रहा है। इसके साथ ही प्रशासन भी उनका साथ नहीं दे रहा है, जिस कारण वह लोग अपने मकान बेचने को मजबूर हैं। आने वाले समय में हालात और बुरे हो सकते हैं। वह नहीं चाहते कि उनके बच्चों की जान खतरे में पड़े। अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए लोगों ने अपने घरों पर हाथ से लिख रखा है। कि वह अपना मकान बेच रहे हैं। थाना बारादरी क्षेत्र की शाहनूरी मस्जिद के अल्वी चौराहे आसपास विशेष समुदाय के दर्जनों घरों के बाहर लोगों ने अपने मकानों पर, यह मकान बिकाऊ है! लिख रखा है।

## 'बाल संरक्षण गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण

**शाहजहांपुर** । जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने राजकीय बाल संरक्षण गृह (बालक) का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था तथा स्वास्थ्य की जांच आदि का गहनता पूर्ण निरीक्षण कर जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बाल संरक्षण गृह में पोधारोपण भी किया। इस दौरान उन्होने बाल संरक्षण गृह में मौजूद बच्चो से वार्ता कर उन्हे मिलने वाली सुविधाओं के विषय में भी जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने राजकीय बाल संरक्षण गृह के अधीक्षक को कड़े निर्देश दिये कि भोजन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो यह सुनिश्चित किया जाये। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की काउसंलिंग करवाकर एक प्रोफाईल तैयार की जाये तथा काउंसलिंग के अनुसार बच्चों आवश्यक सहायता उपलब्ध करायी जाये। उन्होने कहा कि समय-समय पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराया जाये। जिलाधिकारी ने सभी कर्मचारीयों अपने कार्य को सेवा भाव से करने हेतु प्रेरित भी किया।

# डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अपनी हार को पलटने का अभियोग तय

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 2020 के चुनाव में उनकी हार संबंधी परिणाम को पलटने के प्रयास करने के संबंध में संघीय अदालत ने चार आरोप तय किए।

इस साल यह तीसरी बार है जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ आपराधिक अभियोग तय किए गए हैं जो 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर दावेदारी पेश करने की तैयारी कर रहे हैं।

अमेरिका के न्याय विभाग के विशेष अधिवक्ता ने 45 पन्नों का अभियोग पत्र जमा किया था जिसपर ग्रैंड ज्यूरी ने महीनों तक सुनवाई की और ट्रंप के कुछ करीबियों के बयान दर्ज किए ताकि पता लगा सके कि उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के तत्कालीन उम्मीदवार जो बाइडन से मिली हार को पलटने के लिए किस तरह की कोशिश की। बाइडन ने उक्त चुनाव में जीत के बाद जनवरी 2021 में राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी।

ट्रंप (77) के खिलाफ अमेरिका को धोखा देने की साजिश रचने, गवाहों से छेड़छाड़ करने, नागरिकों के अधिकारों के खिलाफ साजिश रचने और आधिकारिक प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश का अभियोग तय किया गया है। ए अभियोग ट्रंप की चुनाव (तीन नवंबर 2020) के ठीक बाद दो महीने से अधिक समय तक उठाए गए कदमों को लेकर हैं। ट्रंप ने 20 जनवरी 2021 को व्हाइट हाउस छोड़ दिया था। अमेरिका के 2020 राष्ट्रपति चुनाव के फैसले को पलटने की नियत से छह जनवरी 2021 को जब संसद बाइडन की जीत की पुष्टि करने वाली थी उस दिन ट्रंप के समर्थकों ने यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पर हमला किया था। अभियोग पत्र में कहा गया, हार के बावजूद प्रतिवादी (ट्रंप) सत्ता में बने रहने को प्रतिबद्ध था। इसलिए तीन नवंबर 2020 को चुनाव के दिन से करीब दो महीने से अधिक समय तक प्रतिवादी ने झूठ फैलाया कि चुनाव के नतीजे फर्जी हैं और वास्तव में उसने



जीत दर्ज की है। ए दावे गलत थे और प्रतिवादी यह जानता था। ट्रंप ने अपने बयान में समर्थकों से कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया गया और उनपर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। ट्रंप ने उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि 2020 के चुनाव के बाद उन्होंने कुछ गलत किया था। राष्ट्रपति चुनाव 2024 के लिए ट्रंप अग्रणी रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं और उन्हें तीन अगस्त को संघीय अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है। डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की ग्रैंड ज्यूरी ऑफ सिटीजन द्वारा जारी अभियोग में छह अज्ञात सह साजिशकार्ताओं का भी उल्लेख है जिनमे से एक रूडी गुलियानी को माना जा रहा है जो ट्रंप की कानूनी टीम में थे। ट्रंप ने इस घटनाक्रम पर एक बयान जारी कर कहा, आप जानते हैं कि मैंने कुछ गलत नहीं किया है। यह दस्तावेज में दर्ज है कि मैंने अमेरिकियों से कहा कि वे शांतिपूर्ण कार्य करें और किसी तरह की हिंसा को हतोत्साहित किया। यह कुछ नहीं बल्कि चुनाव में हस्तक्षेप और कुटिल जो (बाइडन) की आखिरी कोशिश है जो चुनाव में हार रहे हैं।



उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत, बीजिंग के दक्षिण में निवासियों को रबर की नावों से निकाला गया। चीन की राजधानी में पिछले कुछ दिनों में कम से कम 140 वर्षों में सबसे भारी वर्षा दर्ज की गई है। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक छोटा सा शहर झुओझोउ है जो बीजिंग के दक्षिण-पश्चिम की सीमा पर है।

# भारतीय अमेरिकी शोहिनी सिन्हा साल्ट लेक सिटी स्थित एफबीआई फील्ड कार्यालय की प्रमुख होंगी

भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय-अमेरिकी** महिला शोहिनी सिन्हा को अमेरिकी राज्य उटाह के साल्ट लेक सिटी में स्थित एफबीआई फील्ड कार्यालय का प्रभारी स्पेशल एजेंट नामित किया गया है। सिन्हा को आतंकवाद रोधी जांच के क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। हाल ही में सिन्हा वाशिंगटन डीसी स्थित एफबीआई मुख्यालय में निदेशक के कार्यकारी विशेष सहायक के रूप में कार्यरत थीं।

उन्हें एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे द्वारा प्रभारी स्पेशल एजेंट नामित किया गया। रे ने आतंकवाद रोधी जांच के क्षेत्र में सिन्हा के असाधारण कार्य और एजेंसी के भीतर उनके व्यापक अनुभव का उल्लेख किया है।

सोमवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि वर्ष 2001 में एक स्पेशल एजेंट के रूप में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) में शामिल सिन्हा का शानदार केरियर रहा है। उनके सफर की शुरुआत मिल्वौकी फील्ड कार्यालय से शुरू हुई, जहां उन्होंने आतंकवाद रोधी जांच के क्षेत्र में समर्पित प्रयास किए। इसमें कहा गया है कि अपनी बहुमुखी प्रतिभा और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने कई अस्थाई कार्यभार भी संभाले।

वर्ष 2009 में पदोन्नत करके सिन्हा को पर्यवेक्षक स्पेशल एजेंट बनाकर उनका तबादला वाशिंगटन डीसी स्थित आतंकवादरोधी विभाग में कर दिया गया। वर्ष 2012 में सिन्हा ने एक और उपलब्धि हासिल की जब उन्हें कनाडा के ओटावा में सहायक कानूनी अताशे के रूप में पदोन्नत किया गया। वर्ष 2015 में डेट्रायट स्थित फील्ड कार्यालय के फील्ड पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया।

सिन्हा ने 2020 की शुरुआत में साइबर घुसपैठ दस्ते की तरफ एक रणनीतिक कदम बढ़ाया। वहां, उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा और आपराधिक साइबर घुसपैठ, दोनों मामलों को निपटाया और इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित की। उसी साल के अंत में, उन्हें एक और प्रमोशन मिला और उन्हें पोर्टलैंड फील्ड कार्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षा मामले का प्रभारी सहायक स्पेशल एजेंट बना दिया गया। वर्ष 2021 में उन्हें वाशिंगटन डीसी में एफबीआई निदेशक का कार्यकारी विशेष एजेंट नियुक्त किया गया। एफबीआई में शामिल होने से पहले सिन्हा इंडियाना के लाफाएट स्थित एक निजी क्लिनिक में पहले थेरेपिस्ट और बाद में एक प्रशासक के रूप में कार्यरत रहीं।

# पाकिस्तान के शीर्ष न्यायालय में पूर्ण अदालत के गठन का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

**नौ मई की हिंसा**

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें नौ मई को हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार नागरिकों पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाने के खिलाफ दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पूर्ण अदालत का गठन किए जाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पीठ ने पूर्ण अदालत के गठन पर चर्चा की लेकिन इसके खिलाफ फैसला किया। पूर्ण अदालत के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश की अगुवाई वाली छह सदस्ईय पीठ ने मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कई याचिकाकर्ताओं द्वारा ए याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान, पूर्व प्रधान न्यायाधीश जव्वाद एस ख्वाजा और पाकिस्तान श्रम शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (पीआईएलईआर) के कार्यकारी निदेशक करामत अली शामिल थे।

प्रधान न्यायाधीश बंदियाल ने कहा, हमने देखा है कि अतीत में एक पूर्ण अदालत का गठन किया गया था, लेकिन वह ऐसी परिस्थितियों में कायम नहीं रह सकी। न्यायमूर्ति बंदियाल ने कहा कि सितंबर तक वृहद पीठ उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि वृहद पीठ बनाकर मामले की सुनवाई करना असंभव है। न्यायमूर्ति बंदियाल ने कहा, हम अपना काम जारी रखेंगे, चाहे किसी को यह पसंद हो या नहीं। इसके बाद उन्होंने सैन्य अदालतों में नागरिकों के मुकदमे के बारे में मुख्य मामले की सुनवाई शुरू की। भ्रष्टाचार के एक मामले में अर्धसैनिक रेंजर्स द्वारा पीटीआई अध्यक्ष खान की गिरफ्तारी के बाद नौ मई को पाकिस्तान में राष्ट्रव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए थे। पूर्व प्रधानमंत्री खान (70) को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। दंगों के दौरान रावलपिंडी में सैन्य मुख्यालय सहित कई सैन्य प्रतिष्ठान और सरकारी इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं या उनमें आग लगा दी गई थी।

# पोप फ्रांसिस पुर्तगाल की यात्रा पर पहुंचे

**लिस्बन।** कैथोलिक ईसाई धर्म के शीर्ष नेता पोप फ्रांसिस बुधवार को विश्व युवा दिवस की शुरुआत के लिए पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंचे। कोविड-19 महामारी के बाद विश्व युवा दिवस का यह पहला संस्करण है। पोप फ्रांसिस की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब चर्च के पदाधिकारियों द्वारा यौन उत्पीड़न के मामले सामने आए हैं। लिस्बन में आयोजित हो रहे विश्व युवा दिवस में दुनिया भर के करीब 10 लाख युवाओं के शामिल होने की संभावना है और यह कई दिनों तक चलेगा। व्हीलचेयर पर बैठे पोप फ्रांसिस ने पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्केलो रेबोलो डिसूजा से मुलाकात की जो दो बच्चों के साथ आए हैं। पोप के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार से पहले ही लिस्बन पहुंचना शुरू हो गया था। इस बीच स्वास्थ्य अधिकारियों ने गर्मी के मद्देनजर कार्यक्रम में आने वालों से तरल पदार्थ का लगातार सेवन करने की सलाह दी है।

# वैश्विक महिला अधिकारों के लिए अमेरिका की शीर्ष राजनयिक भारत यात्रा पर

भाषा। वाशिंगटन

**महिलाओं** संबंधी वैश्विक मामलों के लिए अमेरिका की राजदूत डॉ. गीता राव गुप्ता जी-20 सम्मेलन में भाग लेने और अपने भारतीय समकक्षों से मुलाकात करने के लिए एक अगस्त से आठ अगस्त तक भारत की यात्रा पर हैं।

भारतीय मूल की राव की इस यात्रा का मकसद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की इस क्षेत्र और दुनियाभर में लैंगिक समानता नीति संबंधी प्राथमिकताओं को सामने लाना और उन्हें आगे बढ़ाना है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की मंगलवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, राव ने गुजरात से यात्रा शुरू की, जहां वह महिलाओं के आर्थिक प्रतिनिधित्व के सशक्तीकरण और प्रगति (जी20 एम्पावर) सम्मेलन में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी।

विज्ञप्ति में बताया गया कि वह महिला सशक्तीकरण पर जी20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भी भाग लेंगी।

भारत की उनकी यात्रा आठ अगस्त को समाप्त होगी और इस दौरान वह मुंबई और बेंगलुरु में रुकेंगी। राव महिलाओं संबंधी वैश्विक मामलों पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय की चौथी राजदूत हैं और वह इस पद पर काबिज होने वाली पहली अश्वेत महिला हैं। वह पांच-छह अगस्त को मुंबई में होंगी, जहां वह निजी क्षेत्र एवं नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण वार्ता करेंगी।

इसके बाद वह बेंगलुरु जाएंगी। उनके साथ दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के लिए अमेरिकी उप सहायक मंत्री नैन्सी इज्जो जैक्सन भी होंगी। राव सात अगस्त को वीकनेक्ट अंतरराष्ट्रीय एशिया प्रशांत सम्मेलन को संबोधित करेंगी।

# सिंगापुर से रवाना हुए क्रूज जहाज से लापता भारतीय महिला की मौत

भाषा। सिंगापुर

**मलेशिया** के उत्तरी द्वीपीय राज्य पेनांग से सिंगापुर जलडमरूमध्य से गुजरते समय एक क्रूज जहाज से गिरकर सोमवार को लापता हुई भारतीय महिला की मौत हो गई है। महिला के एक पुत्र ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी दी।

महिला के पुत्र विवेक साहनी ने स्पेक्ट्रम ऑफ द सीज क्रूज के सीसीटीवी देखने के बाद कहा, फुटेज देखने के बाद हमें दुर्भाग्य से यह पता चला है कि हमारी मां अब नहीं रहीं।

विवेक की मां रीता साहनी और पिता जाकेश साहनी स्पेक्ट्रम ऑफ द सीज पर थे। इससे पहले दंपति के एक अन्य बेटे अपूर्व साहनी ने सोमवार को बताया था कि उसकी मां को तैरना नहीं आता। सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को कहा था कि वह महिला के परिवार के संपर्क में है। यह घटना सोमवार को हुई जब रीता (64) और जाकेश (70) स्पेक्ट्रम ऑफ द सीज पर सवार होकर पेनांग से सिंगापुर वापस जा रहे थे। दंपति की चार दिवसीय क्रूज यात्रा का सोमवार को आखिरी दिन था। महिला क्रूज जहाज से पानी में गिर गई थी।

भारतीय उच्चायोग ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना की खबर मिलने के बाद से वह साहनी परिवार के साथ लगातार संपर्क में है। उच्चायोग ने कहा कि वह संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए सिंगापुर के अधिकारियों के संपर्क में भी है और कानूनी प्रक्रियाओं का सुलभ बनाने की कोशिश कर रहा है।

मिशन ने कहा कि उसने रॉयल कैरेबियन क्रूज कंपनी के भारत मामलों के प्रमुख से भी संपर्क किया है। उच्चायोग ने कहा, हम इस मुश्किल समय में परिवार का पूरा साथ देने को प्रतिबद्ध हैं।

जाकेश सोमवार को जब उठे तो उन्होंने अपनी पत्नी को अपने कमरे से गायब पाया। जाकेश ने क्रूज पर अपनी पत्नी को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहे। बाद में उन्होंने जहाज के चालक दल को सूचित किया, जिन्होंने उन्हें बताया कि जहाज से कुछ सिंगापुर जलडमरूमध्य में गिरा है।

# यूक्रेन खाद्यान्न समझौते में रुकावट से संरा खाद्य कार्यक्रम पर पड़ा असर

एपी। बेरूत

**यूक्रेन** से खाद्यान्न को अफ्रीका, पश्चिम एशिया तथा एशिया के देशों में निर्यात करने के लिए हुए ऐतिहासिक समझौते में रुकावट आने के कारण संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी का काम प्रभावित हो रहा है जिससे संकटग्रस्ट देशों में मदद पहुंचाने में दिक्कतें आ रही हैं।

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल एस ने कहा, अब हमें अनाज के लिए किसी और देश से मदद लेनी होगी। हम नहीं जानते कि बाजार की क्या स्थिति रहती है लेकिन खाद्य पदार्थ की कीमतों में वृद्धि होगी। डब्ल्यूएफपी ने मंगलवार को बजट में कटौती का हवाला देते हुए जॉर्डन में दो शिविरों में रह रहे।,20,000 सीरियाई शरणार्थियों के लिए हर माह दी जाने वाली नकद सहायता राशि को कम करना शुरू कर दिया जिससे शरणार्थी और जॉर्डन के अधिकारी परेशान हैं। एजेंसी ने कहा कि वह जॉर्डन में 50,000 शरणार्थियों को दी जाने वाली मदद में धीरे-धीरे कटौती करेगी। जॉर्डन में सीरियाई शरणार्थियों ने इस खबर पर निराशा जताई है क्योंकि वे अभी नौकरी तथा महंगाई से संघर्ष कर रहे हैं। अम्मान में एक सीरियाई शरणार्थी खदीजा महमूद ने कहा, इस फैसले ने हमारी जिंदगियां बर्बाद कर दी है। हम अपार्टमेंट का किराया, बिजली का बिल, पानी का बिल कैसे चुकाएंगे? हमारी इतनी क्षमता नहीं है। दरअसल, रूस ने काला सागर खाद्यान्न समझौते से कदम पीछे खींच लिए है। यह समझौता खाद्यान्न संकट से निपटने के लिए यूक्रेन से अनाज का सुरक्षित निर्यात सुनिश्चित कर रहा था।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के तीन व्यक्तियों ने संसद के मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ ली

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर** में रहने वाले भारतीय मूल के तीन व्यक्तियों सहित कुल नौ लोगों ने बुधवार को संसद के मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ ली।

इसके अलावा, सीह कियान पेंग ने भी संसद के नए अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। उन्होंने तान चुआन-जिन का स्थान लिया। सिंगापुर की संसद के लिए मनोनीत नौ संसद सदस्यों (एनएमपी) में भारतीय मूल के वकील और सिक्योरिटी एसोसिएशन सिंगापुर के अध्यक्ष राज जोशुआ थॉमस भी शामिल है। यह उनका दूसरा कार्यकाल है। बाकी आठ पहली बार संसद के सदस्य बने हैं।

यहां एनएमपी को ढाई साल के कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाता है। संसद में सामुदायिक विचारों का व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए 1990 में एनएमपी योजना की शुरुआत की गई थी। संसद में अधिकतम नौ एनएमपी नियुक्त किए जा सकते हैं।

सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष और सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के परिषद सदस्य पारेख निमिल रजनीकांत और प्लुरल आर्ट पत्रिका की सह-संस्थापक चंद्रदास उषा रानी ने भी एनएमपी के रूप में शपथ ली।

इसके अलावा, सिंगापुर एंग्लिकन कम्युनिटी सर्विसेज के उपाध्यक्ष और खाद्य-व-पेय पदार्थ फर्म एबीआर होल्डिंग्स के कार्यकारी अध्यक्ष चुआ तियांग चून कीथ, परिधान कंपनी सिंग लून होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क ली कीन फी और डॉयचे बैंक एजी के सहायक उपाध्यक्ष ओंग हुआ हान ने भी संसद के मनोनीत सदस्य रूप में शपथ ली।

# फिलिपीन में पायलट और भारतीय छात्र को ले जा रहा विमान लापता

**मनीला।** फिलिपीन के एक प्रशिक्षक पायलट और एक भारतीय छात्र को ले जा रहा एक छोटा विमान पूर्वोत्तर फिलिपीन में लापता हो गया। नागर विमान अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि खराब मौसम के कारण तलाश अभियान में बाधा आ रही है। फिलिपीन के नागर विमानन प्राधिकरण ने कहा कि सेसना 152 मंगलवार दोपहर के आसपास उत्तरी इलोकोस नॉर्ट प्रांत के लाओग शहर से रवाना हुआ, उसके तीन घंटे बाद कागायन प्रांत के तुगुएगाराओ शहर में उतरने की संभावना थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्राधिकरण ने विमान में सवार दोनों लोगों की पहचान नहीं बताई है। फिलिपीन की वायुसेना और सेना के जवानों के अलावा अन्य सरकारी कर्मियों द्वारा विमान को खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इस काम में मंगलवार को खराब मौसम के कारण बाधा आई। नागरिक विमानन एजेंसी ने कहा कि तट रक्षक बल के एक हेलीकॉप्टर और एक निजी हेलीकॉप्टर को खराब मौसम के कारण बुधवार को बीच उड़ान से लौटना पड़ा।

# इंडियन वर्ल्ड फोरम ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** विभिन्न देशों में बसे भारतीय समुदाय के लिए काम करने वाले एक संगठन ने पाकिस्तान में हिंदुओं और सिखों के उत्पीड़न पर मुस्लिम वर्ल्ड लीग के समक्ष चिंता जताई है। संगठन ने लीग से पाकिस्तानी नेतृत्व के समक्ष इसमें हस्तक्षेप करने की मांग की है, ताकि अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल ईसा को लिखे पत्र में इंडियन वर्ल्ड फोरम (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष पुनीत सिंह चंढोक ने कहा कि पाकिस्तान में हिंदू और सिख लड़कियों का जबरन धर्मांतरण, अपहरण और राज्य प्रायोजित अल्पसंख्यकों की हत्या जैसे अत्याचार हो रहे हैं जो चिंता के विषय हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की जनसांख्यिकी में कमी इंगित करती है कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र का अनुपालन नहीं कर रहा है।

# यूक्रेन के ओडेसा इलाके में रूसी ड्रोन हमले से बदंरगाह पर आग लगी

एपी। कीव

**रूसी** सैनिकों ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देश रोमानिया की सीमा के निकट दक्षिणी यूक्रेन में एक बंदरगाह की अवसंरचना को बीती रात अपने शाहिद ड्रोन से निशाना बनाया। यूक्रेन के महाभियोजक कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उसने बताया कि रूस के ड्रोन हमले से अनाज की ढुलाई करने वाली एलिवेटर क्षतिग्रस्त हो गई और वहां की अवसंरचना में आग लग गई।



यूक्रेन से ओडेसा बंदरगाह के जरिए विश्व बाजार में आनाज के निर्यात की अनुमति दिए जाने के बाद से रूस इस शहर को अपना निशाना बना रहा है।

बताया जाता है कि 17 जुलाई से अबतक रूसी बलों ने ओडेसा बंदरगाह और वैकल्पिक मार्ग के तौर इस्तेमाल किए जा रहे क्षेत्र के नदी पत्तनों पर दर्जनों बार ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया है।

महाभियोजक कार्यालय ने बताया कि रूस ने डेन्यूब नदी क्षेत्र को निशाना बनाया, जो यूक्रेन और रोमानिया की सीमा निर्धारित करता है। कार्यालय ने तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी। यूक्रेन में डेन्यूब सहित तीन बंदरगाहों का इस समय संचालन हो रहा है।

यूक्रेन की सेना के दक्षिणी कमान ने फेसबुक पोस्ट में कहा, दुश्मन का निशाना क्षेत्र के बंदरगाह और औद्योगिक अवसंरचनाएं हैं।

उसने बताया कि हमले की वजह से औद्योगिकी और बंदरगाह अवसंरचना में आग लग गई और अनाज की ढुलाई के लिए लगी एलिवेटर क्षतिग्रस्त हो गई।

यूक्रेन की सेना द्वारा बुधवार सुबह दी गई जानकारी के मुताबिक, उसकी वायुसेना ने बीती रात 23 शाहिद ड्रोन को मार गिराया जो अधिकतर ओडेसा और कीव में हमले को अंजाम देने वाले थे।

कीव नगर प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने बताया कि कीव में भेजे गए सभी 10 ड्रोन नाकाम कर दिए गए। उन्होंने बताया कि गत रात धमाकों की कई आवाजें सुनाई दी।

पोपको के मुताबिक, मार गिराए गए ड्रोन का मलबा राजधानी के तीन जिलों में गिरा, जिससे गैर रिहायशी इमारत को नुकसान पहुंचा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार सुबह अपने टेलीग्राम संदेश में कहा, रूसी आतंकवादियों ने एक बार फिर बंदरगाह, अनाज भंडारण सुविधा और वैश्विक खाद्य सुरक्षा को निशाना बनाया। दुनिया को इसपर जवाब देना चाहिए। उन्होंने पुष्टि की कि कुछ ड्रोन ने दक्षिण यूक्रेन में भारी नुकसान पहुंचाया है। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्संद्र प्रोकुदीन ने बुधवार को बताया कि गत रात किए गए हमले में खेरसान में दो गैर सैनिक घायल हुए हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

नाम परिर्वतन

मैं मेघना महेश्वर दत्त निवासी ४०१ अलंकार अपार्टमेंट, सेक्टर ५६, गुडगाँव हरयाणा १२२०११ ये बयान करती हूँ के मैंने अपना नाम बदल कर मेघाना दत्त रख लिया है।

PD(121)A

# सिंगापुर में भारतीय मूल के मंत्री के वेतन में कटौती की गई

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने भ्रष्टाचार की जांच के संबंध में पिछले महीने गिरफ्तार किए गए भारतीय मूल के परिवहन मंत्री एस ईश्वरन के आधिकारिक कामकाज करने पर बुधवार को रोक लगाने के साथ-साथ उनके वेतन में कटौती कर दी।

ली हाल में हुए घोटालों के बारे में संसद में बोल रहे थे। सिंगापुर को भ्रष्टाचार-मुक्त और स्थिर राजनीति के लिए जाना जाता है।

ली ने 61 वर्षीय ईश्वरन से संबद्ध भ्रष्टाचार की जांच और दो संसद सदस्यों (सांसदों), पूर्व स्पीकर तान चुआन-जिन और चेंग ली हुई के विवाहेत्तेर संबंध को लेकर दिए गए इस्तीफे पर बयान दे रहे थे।

ली ने कहा कि अगली सूचना तक ईश्वरन का वेतन घटाकर 6,300 अमेरिकी डॉलर प्रति माह कर दिया गया है। लोक सेवा प्रभाग के अनुसार, 2023 तक, एक मंत्री के मासिक वेतन करीब 41,000 अमेरिकी डॉलर है, जो सालाना करीब 820,000 अमेरिकी डॉलर होता है।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे अल्पसंख्यक तमिलों के साथ सुलह के लिए 13वें संशोधन पर आगे बढ़ेंगे


भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने देश के अल्पसंख्यक तमिल समुदाय के साथ अपने सुलह प्रयासों के तहत 13वें संशोधन के पूर्ण कार्यान्वयन को लेकर निरंतर आगे बढ़ने की योजना बनाई है। राष्ट्रपति अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

श्रीलंका में अल्पसंख्यक तमिल समुदाय 13वें संशोधन को लागू करने की मांग कर रहा है जिसमें तमिल समुदाय को सत्ता के हस्तांतरण का प्रावधान है। संविधान का 13वां संशोधन (13ए) 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद लाया गया था। इसके तहत उत्तरी और पूर्वी प्रांतों के अस्थाई विलय के साथ सत्ता हासिल करने वाली इकाई के रूप में नौ प्रांतों का सृजन किया गया।

राष्ट्रपति के अधिकारियों ने कहा कि विक्रमसिंघे अगले सप्ताह संसद को संबोधित करेंगे जब संसद का नियमित सत्र फिर से बुलाया जाएगा।

एक अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति



प्रांतीय परिषदों को दी जा सकने वाली सभी शक्तियों के साथ इसे लागू करने की अपनी योजना की रूपरेखा तैयार करेंगे। पिछले महीने एक सर्वदलीय बैठक के दौरान विक्रमसिंघे ने कहा था कि पुलिस के अधिकार को छोड़कर सभी शक्तियां परिषदों को दी जा सकती हैं। राष्ट्रपति 13ए के पूर्ण कार्यान्वयन पर विभिन्न राजनीतिक दलों से प्राप्त सभी प्रस्तावों को भी संसद में प्रस्तुत करेंगे। मुख्य तमिल पार्टी – तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) – वार्ता में रोके गए प्रांतीय परिषद चुनाव को कराने पर अड़ी थी।

टीएनए ने पिछली श्रीलंकाई सरकार के बयानों का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि (तमिलों को) पूर्ण अधिकार दिए जाएंगे। चुनाव सुधारों के कदम के बाद 2018 से नौ प्रांतों के चुनाव रुके हुए हैं।

# ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति ने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री को पद से हटाया

**ट्यूनिस** (ट्यूनीशिया)। ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति ने देश की प्रधानमंत्री को पद से हटा दिया है, जो अरब लीग के सदस्य देशों में पहली महिला प्रधानमंत्री थीं। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी संक्षिप्त बयान में रौजा बौदेंत रमजाने को बर्खास्त करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

**PUBLIC NOTICE**

Be it inform to the general public Notice at large that the following D.D.A original documents. i.e.
1. Allocation letter of flat
2. Possession letter of flat
3. Possession letter of car garage
4. Demand letter of flat
5. Demand letter of car garage
6. Electric & water NOC of flat
In respect of Flat no. 162 , Second & Third floor, SFS flats ,along with car garage no.162 , Mandakini Enclave, Alaknanda, Kalkaji ,New Delhi-110019 vide D.D.A file no.35(289)81 SFS issued by D.D.A have been lost at Kalkaji Main Market ND-19 whoever find the above said documents may kindly return to: Deputy Director LAB (H) SFS , 3rd floor D-block, D D A office. INA ND-23 or Nalini Anand w/o late Shri Suresh Chandra Anand R/o- 162 2nd & 3rd floor Mandakini Enclave Alaknanda Kalkaji , New Delhi 110019

# बर्खास्त मंत्री गुढ़ा ने लाल डायरी के तीन पन्ने जारी किए

**जयपुर।** राजस्थान के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने कथित लाल डायरी के तीन पन्ने बुधवार को सार्वजनिक किए। उन्होंने दावा किया कि इन पन्नों में कुछ कांग्रेस नेताओं के दो नंबर के लेनदेन का विवरण है और उन्होंने इनके हवाले से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के चुनाव में भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले सप्ताह गुढ़ा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि ऐसी कोई लाल डायरी मौजूद नहीं है और यह कपोल कल्पित है। गुढ़ा ने दावा किया था कि उन्होंने इसे 2020 में आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के आवास से गहलोत के निर्देश पर सुरक्षित निकाला था।

गुढ़ा ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तीन पन्नों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत और आरसीए सचिव भवानी समोता और अन्य के बीच वित्तीय लेनदेन का विवरण है। वैभव गहलोत वर्तमान में आरसीए के अध्यक्ष हैं। गुढ़ा ने आरोप लगाया कि मैं तथ्यों के आधार पर बोल रहा हूं कि आरसीए चुनाव में वोट खरीदे गए। कथित डायरी के एक पन्ने में यह आरोप लगाया गया है कि भवानी सामोता लोगों का पैसा नहीं दे रहे हैं और उन्होंने ज्यादातर लोगों से किया हुआ वादा पूरा नहीं किया।

गुढ़ा ने कहा कि डायरी की लिखावट का मिलान अशोक गहलोत के करीबी राठौड़ की लिखावट से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डायरी के कुछ पन्ने गायब हैं, लेकिन जो पन्ने उनके पास हैं, उन्हें वह जारी करेंगे। राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मुद्दे पर विधानसभा में अपनी ही पार्टी की सरकार को घेरने के बाद मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए गए गुढ़ा लगातार गहलोत पर निशाना साध रहे हैं। इस लाल डायरी के होने का दावा किए जाने के बाद, भाजपा

**● आरसीए चुनाव में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया**

ने इस मुद्दे को लेकर गहलोत सरकार पर निशाना साधा था, यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान इसका जिक्र किया था। विधानसभा में 24 जुलाई को सदन में गुढ़ा द्वारा लाल डायरी का मुद्दा उठाने की कोशिश के बाद सदन में असहज दृश्य सामने आए थे और उन्हें विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था।

यह पूछे जाने पर कि उन्होंने डायरी की सामग्री की जांच के लिए पुलिस में शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई, गुढ़ा ने कहा, "मैं डायरी को सदन में रखना चाहता था और ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग से जांच कराने की मांग कर रहा था, लेकिन बोलने की अनुमति नहीं दी गई। गुढ़ा के इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने कहा, लाल डायरी के पन्नों ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के राजकुमार वैभव गहलोत जी के काले कारनामों को उजागर कर दिया है। अब पूरी डायरी की सच्चाई का इंतजार है? मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी, जनता आपसे सच्चाई जानना चाहती है। लाल डायरी कोई कपोल कल्पित नहीं है। जब गुढ़ा से इस आरोप के बारे में पूछा गया कि वह सरकार को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, मैं सरकार को ब्लैकमेल नहीं कर रहा हूं बल्कि यह सरकार है जो मुझे ब्लैकमेल कर रही है।

उन्होंने कहा, मुझ पर मामले दर्ज किए जा रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा द्वारा मुझे माफी मांगने को कहा जा रहा है। मुझ पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि कि उन्होंने ऐसी कौन सी गलती की है जिसके लिए उनसे माफी मांगने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सिर्फ इतना कहा था कि जो सदस्य सदन में मणिपुर हिंसा का मुद्दा उठा रहे हैं, उन्हें पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर रंधावा और कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा उनकी (गहलोत की) जेब में हैं। अगर मुझे जेल हुई तो यह इस सरकार का अंत होगा।

उन्होंने कहा कि वह अपनी रणनीति के तहत एक-एक कर डायरी के पन्ने जारी कर रहे हैं क्योंकि सरकार द्वारा उनके खिलाफ एक के बाद एक मामले दर्ज किए गए हैं। उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र से विधायक गुढ़ा 2018 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। वह बाद में कांग्रेस में चले गए। उन्होंने ने कहा कि अगर उन्हें जेल हुई तो डायरी का विवरण उनके वफादारों द्वारा सार्वजनिक किया जाएगा। मंत्रिमंडल से हटाए जाने से पहले गुढ़ा सैनिक कल्याण (स्वतंत्र प्रभार), होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा, पंचायती राज और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री थे।


नई दिल्ली में शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और सपा सांसद जया बच्चन व डिम्पल यादव संसद भवन परिसर में

# केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन संगठनों में 1.14 लाख पद रिक्त

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और दिल्ली पुलिस जैसे केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले संगठनों में 1,14,245 पद खाली पड़े हैं। मिश्रा ने कहा कि 2023 में, लगभग 31,879 पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए गए हैं और इनमें से 1,126 पद भरे गए हैं।

उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय और उसके अधीन आने वाले सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, असम राइफल्स और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा दिल्ली पुलिस जैसे संगठनों में वर्तमान में लगभग 1,14,245 पद खाली हैं।

उन्होंने बताया कि रिक्त पदों में से 3,075 पद समूह ए, 15,861 पद समूह बी और 95,309 पद समूह सी के हैं। इनमें 16,356 पद अनुसूचित जाति, 8,759 पद अनुसूचित जनजाति, 21,974 पद अन्य पिछड़ा वर्ग और 7,394 पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा 59,762 पद सामान्य वर्ग के हैं। मंत्री ने कहा कि रिक्त पदों पर भर्ती एक सतत प्रक्रिया है और रिक्ति उत्पन्न होने पर पदों को भरने के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए जाते हैं और भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियुक्ति पत्र जारी किए जाते हैं। मिश्रा ने कहा कि मंत्रालय नियमित रूप से भर्ती की प्रगति की समीक्षा करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरा जाए।

# भगवान गणेश पर टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगेंगे शमशीर

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने बुधवार को स्पष्ट किया कि विधानसभा अध्यक्ष ए एन शमसीर एक हिंदू देवता के बारे में अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगेंगे। शमसीर के बयान को लेकर राज्य में राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया है। माकपा के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने यहां पार्टी मुख्यालय एकेजी सेंटर में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शमसीर के बयान के संबंध में किसी माफी या सुधार जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, "शमसीर ने जो कहा वह पूरी तरह सही है।

हाल ही में एर्णाकुलम जिले के एक स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान, शमसीर ने कथित तौर पर केंद्र पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उपलब्धियों के बजाय बच्चों को हिंदू मिथक सिखाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि भगवान गणेश एक मिथक हैं और इस मान्यता का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। भाजपा और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) जैसे दक्षिणपंथी संगठनों ने यह कहते हुए शमसीर के खिलाफ पहले ही एक अभियान शुरू कर दिया है कि वे भगवान गणेश और पौराणिक पुष्पक विमानम के बारे में विधानसभाध्यक्ष की टिप्पणी से व्यथित हैं। सत्तारूढ़ माकपा ने शनिवार को शमसीर की कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर संघ परिवार द्वारा उनके खिलाफ चलाए गए अभियान की कड़ी निंदा की थी।

माकपा ने यहां एक बयान में कहा था कि मिथकों और मान्यताओं की गलत व्याख्या करने और उन्हें वैज्ञानिक विचारों के रूप में चित्रित करने से केवल समाज की प्रगति पिछड़ेगी और विज्ञान के विकास में बाधा आएगी। इस बीच नायर समुदाय के एक संगठन ने बुधवार को केरल विधानसभा अध्यक्ष की टिप्पणी के खिलाफ आस्था बचाओ दिवस मनाया। बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु और प्रभावशाली नायर समुदाय के एक संगठन के सदस्यों ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष ए एन शमसीर की हिंदू देवता के बारे में हालिया टिप्पणी के विरोध स्वरूप पूरे केरल में भगवान गणेश के मंदिरों में पूजा-अर्चना की।

विभिन्न जिलों में विशेष प्रार्थनाएं की गईं क्योंकि नायर सर्विस सोसाइटी (एनएसएस) ने समुदाय के सदस्यों से शमशीर की टिप्पणी के खिलाफ आज "आस्था बचाओ दिवस" मनाने का आग्रह किया था। नायर समुदाय के एक प्रभावशाली संगठन एनएसएस ने आरोप लगाया कि शमसीर की इस विवादास्पद टिप्पणी से हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है कि भगवान गणेश एक मिथक थे और इस विश्वास का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। एनएसएस महासचिव जी सुकुमारन नायर ने कोट्टायम जिले के चंगनास्सेरी में एक मंदिर में प्रार्थना की। नायर ने बाद में पत्रकारों से कहा कि संगठन भगवान गणेश के खिलाफ शमसीर के बयान को "हिंदू विरोधी" के तौर पर देख रहा है और उन्हें विधानसभा अध्यक्ष पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, इससे हिंदू समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं।

## उच्च शिक्षण संस्थानों में 2016-21 के बीच मुस्लिम छात्रों के नामांकन में 1.83 लाख की वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने बुधवार को कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में मुस्लिम छात्रों का नामांकन 2016-17 में 17.39 लाख से बढ़कर 2020-21 में 19.22 लाख हो गया। मुस्लिम समुदाय के शिक्षकों की संख्या भी 2016-17 में 67,215 से बढ़कर 2020-21 में 86,314 हो गई। मंत्री ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण, 2020-21 के आंकड़े साझा किए। उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई), 2020-21 के अनुसार मुस्लिम छात्रों का नामांकन 2016-17 में 17.39 लाख से बढ़कर 2020-21 में 19.22 लाख हो गया है। मुस्लिम समुदाय के शिक्षकों की संख्या 2016-17 में 67,215 से बढ़कर 2020-21 में 86,314 हो गई है। सरकार ने कहा, सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से अल्पसंख्यक छात्रों को प्रोत्साहित कर रही है।

## क्विक न्यूज

### रेलवे में राजपत्रित, अराजपत्रित संवर्ग के 2,63,913 पद रिक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि भारतीय रेलवे में अभी राजपत्रित और अराजपत्रित संवर्ग के 2,63,913 पद रिक्त है तथा रिक्तियो को भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। लोकसभा में कनिमोई, एम सेल्वराज, कौशलेन्द्र कुमार, पी आर नटराजन और हिबी ईडेन के प्रश्न के लिखित उत्तर मे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। सदस्यों ने पूछा था कि क्या सरकार को भारतीय रेल मे कर्मचारियो की भारी कमी की जानकारी है? उन्होने रिक्त पदो का ब्यौरा भी मांगा था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लोकसभा में पेश आंकड़ों के अनुसार, रेलवे में एक जुलाई 2023 की स्थिति के अनुसार राजपत्रित संवर्ग के 2,680 पद और अराजपत्रित संवर्ग के 2,61,233 पद रिक्त है। हाल ही मे लगभग 2.37 करोड़ उम्मीदवारो की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित करके 1,39,050 उम्मीदवारों को पैनलबद्ध करने के लिए एक वृहद भर्ती प्रक्रिया पूरी की है। वैष्णव ने बताया कि एक अप्रैल 2022 से 30 जून 2023 की अवधि के दौरान ग्रुप सी के विभिन्न पदो के तहत 1,36,773 उम्मीदवारो को पैनलबद्ध किया गया है, जिसमे संरक्षा श्रेणी के 1,11,728 पद शामिल है। भारतीय रेल में पदो का रिक्त होना और उन्हे भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है जो इसके आकार, स्थानिक वितरण और परिचालन की महत्ता पर निर्भर करता है। रिक्त पदो को मुख्यतः परिचालन संबंधी जरूरतो के अनुसार भर्ती एजेंसियो को रेलवे द्वारा मांगपत्र देकर भरा जाता है।

### बदरीनाथ को बौद्ध मठ बताने वाले मौर्य के खिलाफ शिकायत दर्ज

**देहरादून।** हरिद्वार के संत स्वामी अच्युतानंद तीर्थ ने बदरीनाथ मंदिर को मूल रूप से बौद्ध मठ बताने वाले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। हरिद्वार कोतवाली में मंगलवार को दर्ज कराई अपनी शिकायत में तीर्थ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री मौर्य के इस प्रकार के बयान से हिदु आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होने यह भी कहा, इस बयान से व्यक्तिगत रूप से मै भी काफी आहत हुआ हूं। संत ने मौर्य पर बिना किसी साक्ष्य एवं आधार के हिदुओं की धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होने हिसा फैलाने की भावना और साजिश के तहत उक्त बयान दिया है। जगदगुरू राजराजेश्वराश्रम महाराज ने भी बदरीनाथ को बौद्ध मठ बताए जाने के मौर्य के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लगता है कि उनका दिमाग खराब हो गया है। मौर्य को सत्ता लोलुप राजनीतिज्ञ बताते हुए शंकराचार्य ने कहा कि उनकी बेतुकी टिप्पणी का उददेश्य मुस्लिम तुष्टीकरण है। पिछले बृहस्पतिवार को लखनऊमें मौर्य ने कहा था कि बदरीनाथ मंदिर आठवी शताब्दी तक बौद्ध मठ था जिसे आदि शंकराचार्य ने हिदु मंदिर मे परिवर्तित कर दिया था। मौर्य के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया था और कहा था कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र भू बैकुंठ श्री बदरीनाथ धाम पर समाजवादी पार्टी नेता की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। धामी ने कहा था कि महागठबंधन के एक सदस्य के रूप में समाजवादी पार्टी के एक नेता का यह बयान कांग्रेस और उसके सहयोगियो की देश एवं धर्म विरोधी सोच को दर्शाता है तथा इन दलो के अंदर सिमी और पीएफआइ की विचारधारा के वर्चस्व को भी प्रकट करता है। उत्तराखंड के धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा था कि सनातन धर्म की जानकारी न होने के कारण मौर्य उलजलूल बयानबाजी कर केवल खबरो मे बने रहना चाहते है।

### भारत के लोग सुपरमून की अद्भुत घटना के गवाह बने

**कोलकाता।** भारत के लोग दुनिया के अन्य लोगो के साथ इस महीने में पहले दुर्लभ सुपरमून के गवाह बने। इस महीने दो बार सुपरमून की घटना देखने को मिलेगी। एम.पी. बिड़ला तारामंडल के पूर्व निदेशक देबीप्रसाद दुआरी ने यह जानकारी दी। घटना के बारे मे बताते हुए खगोल वैज्ञानिक दुआरी ने कहा कि चंद्रमा 27.3 दिनो मे एक बार दीर्घवृत्ताकार कक्षा मे पृथ्वी के चारो ओर चक्कर लगाता है। परिणामस्वरूप, अपनी कक्षा में किसी बिंदु पर यह पृथ्वी से सबसे दूर होगा। दूर के बिंदु को अपोजी कहा जाता है और किसी अन्य समय मे पृथ्वी के सबसे निकट होने की स्थिति को पेरिगी कहा जाता है। जब पेरिगी के समय चांद धरती के सबसे निकट होता है तब उस पूर्णिमा को सुपरमून कहते है क्योंकि उसका आकार सामान्य से बड़ा दिखता है। आखिरी बार एक ही महीने मे दो सुपरमून 2018 मे देखे गए थे और ऐसी अगली घटना 2037 मे देखी जाएगी। सुपरमून दोबारा इस महीने के अंत मे 30 अगस्त को दिखाई देगा। दुआरी ने कहा कि पिछली बार अगस्त 2018 मे सुपरमून की खगोलीय घटना देखने को मिली थी और इस तरह की अगली आकाशीय घटना 2037 मे देखने को मिलेगी। यह उत्साहजनक है क्योंकि संयोग से चंद्रयान-3 का मॉड्यूल चंद्रमा की कक्षा की ओर रुख करेगा। चंद्रयान-3 के 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरने का कार्यक्रम है। दुआरी ने कहा, चंद्रमा अंडाकार कक्षा मे घूमते हुए 27.3 दिन मे पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है। इसका नतीजा है कि कक्षा मे एक समय आता है जब वह पृथ्वी से सबसे दूर होता है और उस बिंदु को अपोजी कहते है और जब वह सबसे नजदीक आता है तो उस बिंदु को पेरिजी कहते है। उन्होने कहा, जब पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पेरिजी के नजदीक होता या पृथ्वी के करीब होता है तो उसे हम सुपरमून कहते हैं। दुआरी ने कहा कि सुपरमून सामान्य से सात प्रतिशत बड़ा और 16 प्रतिशत चमकीला दिखता है।

## प्रति व्यक्ति आय 2014-15 की तुलना में 35.12% बढ़कर 98,374 रुपए हुई

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि भारत की प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय स्थिर मूल्यों पर वर्ष 2014-15 की तुलना में 35.12 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2022-23 में 98,374 रूपए हो गई। लोकसभा में कल्याण बनर्जी के प्रश्न के लिखित उत्तर में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने यह जानकारी दी। बनर्जी ने जानना चाहा था कि क्या भारत की प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय में वर्ष 2014-15 की तुलना में 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा, जी, हां। 31 मई 2023 को प्रकाशित नवीनतम अनंतिम अनुमान के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय स्थिर मूल्यों पर वर्ष 2014-15 में 72,805 रुपए से 35.12 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2022-23 में 98,374 रुपए हो गई। एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार ने प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय को दोगुना करने की कोई योजना नहीं बनाई थी।

# राष्ट्रीय हस्तियों का अपमान सहन नहीं होगा: देवेन्द्र फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय हस्तियों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हिंदुत्व विचारक वी.डी. सावरकर का "अपमान" करने को लेकर कांग्रेस के मुखपत्र के खिलाफ कार्वाई की घोषणा की। कांग्रेस विधायकों ने बुधवार को महात्मा गांधी के बारे में कथित विवादास्पद टिप्पणी को लेकर दक्षिणपंथी कार्यकर्ता संभाजी भिडे के खिलाफ कार्वाई की मांग की। फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि भिडे के खिलाफ अमरावती में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस उनकी आवाज के नमूने लेगी। महाराष्ट्र के गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा, अमरावती पुलिस ने संभाजी भिडे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राष्ट्रीय हस्तियों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



पुलिस ने कहा कि पिछले हफ्ते एक भाषण के दौरान महात्मा गांधी के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर श्री शिव प्रतिष्ठान हिंदुस्तान संगठन के संस्थापक भिडे के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। भिडे को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

फडणवीस ने कहा, भिडे ने (अपने संगठन के) एक कार्यकर्ता को द कुरान एंड द फकीर किताब का विवादास्पद हिस्सा पढ़ने को कहा। उस बैठक की कोई रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है, इसलिए पुलिस (भिडे की) आवाज के नमूने लेगी। उन्होंने कहा कि भिडे हिंदुत्व के लिए काम करते हैं लेकिन महात्मा गांधी के बारे में टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फडणवीस ने कहा, इसी तरह, वी.डी. सावरकर के बारे में आपत्तिजनक लेखन को लेकर कांग्रेस के मुखपत्र शिदोरी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और मामला दर्ज किया जाएगा। महात्मा गांधी पर भिडे की टिप्पणी का मुद्दा विधानसभा में कांग्रेस विधायक पृथ्वीराज चव्हाण ने उठाया और निंदा प्रस्ताव स्वीकार करने की मांग की। लेकिन विधानसभाध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने इस मांग को खारिज कर दिया।

कांग्रेस की एक अन्य विधायक यशोमती ठाकुर ने सदन को बताया कि भिडे के समर्थकों ने उन्हें (उनकी गिरफ्तारी की मांग के लिए) धमकी दी। फडणवीस ने कहा, मैं यशोमती ठाकुर को पूरी सुरक्षा का आश्वासन देता हूं। जिस व्यक्ति ने उन्हें धमकी दी है उसका पता लगाया जाएगा।

चव्हाण ने कहा कि उन्हें भी इस मुद्दे पर धमकी मिली है और उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और जमानत दे दी गई। विधान परिषद में कांग्रेस के सदस्य अशोक जगताप ने भिडे की टिप्पणी की निंदा की और इस मामले पर चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा कि भिडे ने पहले भी विवादास्पद टिप्पणी की थी और सवाल किया कि उन्हें अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया है। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी ने कहा कि एक तरफ सरकार सोशल मीडिया पर औरंगजेब का स्टेटस रखने के लिए कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, लेकिन दूसरी तरफ, औरंगाबाद में मुगल सम्राट की कब्र पर जाने के लिए वंचित बहुजन अघाडी (वीबीए) नेता प्रकाश आंबेडकर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### दूसरे धर्म में शादी के लिए महिलाओं को धोखा देने के मामलों से निपटने के वास्ते एसओपी तैयार की जाएगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य में पुलिस को उन मामलों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को कहा जाएगा, जिनमें फर्जी पहचान के जरिए महिलाओं को अपने धर्म से बाहर शादी करने के लिए धोखा दिया जाता है। फडणवीस ने औरंगाबाद जिले में असामाजिक तत्वों द्वारा बहकाई जा रही हिंदू लड़कियों पर राज्य विधानसभा में चर्चा के दौरान कहा कि इस मुद्दे पर सभी पुलिस थानों को संवेदनशील किया जाएगा और यदि उपयुक्त कार्वाई नहीं की गई तो संबंधित अधिकारियों को कार्वाई का सामना करना पड़ेगा। कुछ विधायकों का आरोप है कि असामाजिक तत्वों द्वारा हिंदू लड़कियों को बहकाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक एसओपी तैयार करने को कहेंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई वयस्क महिला अपने धर्म से बाहर शादी करती है, तो कानून तब तक कुछ नहीं कर सकता जब तक कि उसे किसी पुरुष द्वारा फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके धोखा न दिया गया हो। फडणवीस ने कहा कि जैसा कि एक विधायक ने दावा किया है, फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके महिलाओं को नशीला पदार्थ देने और शादी का प्रलोभन देने के मामलों की जांच की जाएगी।

# हथियार चलाने के आरोप में राष्ट्रीय बजरंग दल के दो सदस्य गिरफ्तार

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** के दरांग जिले में कथित तौर पर हथियार चलाने का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के आरोप में बुधवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। दरांग के पुलिस अधीक्षक प्रकाश सोनोवाल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि संगठन के दो सदस्यों बिजय घोष और गोपाल बोरो को मंगलदोई स्थित महर्षि विद्या मंदिर स्कूल परिसर में हथियार प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हमारी जांच जारी है और स्कूल में अवैध हथियार प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने में संलिप्त अन्य लोगों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। सोनोवाल ने बताया कि मंगलवार को स्कूल के प्रधानाचार्य हिमंत पाएंग और स्कूल के प्रशासक रतन दास को हथियार प्रशिक्षण में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया, पाएंग और दास को जमानत पर रिहा किया गया है। हम संगठन के अन्य सदस्यों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हाल में हथियार प्रशिक्षण



नूंह हिंसा के विरोध में वीकानेर में प्रदर्शन करते बजरंग दल के कार्यकर्ता

शिविर का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें युवक पिस्तौल और बंदूक चलाने का प्रशिक्षण लेते हुए देखे जा सकते थे। वीडियो सामने आने के बाद पूरे राज्य में इसकी आलोचना हुई और नाराजगी व्यक्त की गई। राष्ट्रीय बजरंग दल ने दावा किया कि महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित चार दिवसीय शिविर में 350 युवकों ने कला, राजनीति और अध्यात्म का पाठ पढ़ने के अलावा हथियार चलाने और युद्ध कला (मार्शल आर्ट) का प्रशिक्षण लिया।

दरांग जिला पुलिस ने सोमवार को ट्वीट कर बताया था कि मामले में मंगलदोई पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा- 153ए (विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देना) और धारा-34 (कई व्यक्तियों द्वारा समान मंशा से आपराधिक कृत्य करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इस बीच, रायजोर दल के अध्यक्ष एवं विधायक अखिल गोगोई ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या प्रशिक्षण शिविर राज्य में सांप्रदायिक दंगे करने की तैयारी थी। उन्होंने कहा, क्या 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कोई अशांति होगी? गृह विभाग जो आपके (मुख्यमंत्री के) अधीन है और असम पुलिस ने राज्य के लोगों को चिंतित कर दिया है।

असम विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता देबब्रत सैकिया ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिविर के आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई और जिला प्रशासन की भूमिका की जांच की मांग की। माकपा के असम राज्य सचिव सुप्रकाश तालुकदार ने कहा, राज्य में शांति और सौहार्द्र को खतरा चिंता का विषय है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री के आने के बाद से ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं जो अकसर विपक्षी पार्टियों के विरोध प्रदर्शन को रोकने की कोशिश करते हैं लेकिन राष्ट्रीय बजरंग दल की ऐसी सांप्रदायिक गतिविधियों पर चुप्पी साध लेते हैं। असम के जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और जरूरी कदम उठा रही है। राज्य के कृषि मंत्री अतुल बोरा ने कहा कि यह घटना चिंता का विषय है और कानून अपना काम करेगा। राज्य के पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरूआ ने कहा कि शिविर में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा, इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

# जनजातीय छात्रों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

**बलरामपुर।** थारू जनजाति के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक प्रतिभा की कमी नहीं है। महाराणा प्रताप ग्रामोदय इंटर कॉलेज, इमिलिया कोडार में राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद, भारत सरकार तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी (इस्कॉस) के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय बच्चों के लिए वैज्ञानिक गतिविधियां संबंधी दो दिवसीय कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कैमरा, बिजली का मोटर, टेलिस्कोप, पेरिस्कोप, कैडलिस्कोप, गुरुत्वाकर्षण, टेलीफोन, धैर्य परीक्षण, अनंत प्रतिबिंब संबंधी मॉडल बनाए और उनकी व्याख्या की। विज्ञान प्रश्नोत्तरी और निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी इन विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में कृष्ण कुमार राणा, संजू, महिमा, दुर्गेश, अजीत, महेश कुमार, और रमन को पुरस्कृत किया गया। मॉडल प्रतियोगिता में संतोष, अनीश राणा, नीरज, रीना, पवन, नकुल, शमशेर,राम, संदीप और संजू को पुरस्कृत किया गया। जल ही जीवन है, विषय पर निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने स्थानीय समस्याओं को उठाते हुए पानी के


विज्ञान संबंधी मॉडल के साथ जनजातीय समाज के विद्यार्थी

महत्व को समझाया। शनि कुमार, आशीष कुमार, महेंद्र, पवन, इतेश और रवि को श्रेष्ठ निबंध लेखन के लिए पुरस्कृत किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रताप कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रख्यात विज्ञान संचारक डॉ. वीपी सिंह ने सभी बच्चों से पढ़ाई में और अच्छा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहाकि विज्ञान कठिन विषय नहीं है। इसे खेल-खेल में भी सीखा और समझा जा सकता है। वहीं कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रताप कुमार पांडे ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं। इन्हें निरंतर आयोजित होते रहना चाहिए। कार्यक्रम में विजय बहादुर वर्मा, संतोष त्रिपाठी, शैलेष मौर्य, रेखा त्रिपाठी, संतोष कुमार तिवारी ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# भारत ने वेस्टइंडीज से श्रृंखला जीती

**भाषा।** तारोबा



**भारत** ने तीसरे और आखिरी एक दिवसीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 200 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली लेकिन विश्व कप से पहले टीम संयोजन को लेकर कई सवाल अभी अनसुलझे रह गए हैं।

कप्तान रोहित शर्मा और सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली ने एक बार फिर बाहर रहकर विश्व कप के लिए संभावित खिलाड़ियों को मौका दिया लेकिन सारे प्रयोग कर लेने के बाद भी टीम संयोजन बनता नहीं दिख रहा।

अभी तक खामोश रहा शुभमन गिल का बल्ला आखिरकार बोला और उन्होंने 92 गेंद में 85 रन बनाए। इसके साथ ही ईशान किशन (63 गेंद में 77 रन) के साथ 143 रन की साझेदारी भी की। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पांच विकेट पर 351 रन बनाए। संजू सैमसन ने 41 गेंद में 51 रन बनाकर मध्यक्रम के लिए अपना दावा पुख्ता किया। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 52 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से नाबाद 70 रन बनाए। जवाब में कैरेबियाई टीम 35.3 ओवर में 151 रन पर आउट हो गई। मुकेश कुमार ने सात ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज के लिए गुडाकेश मोती ने नाबाद 39 और अलजारी जोसेफ ने 26 रन बनाए और नौवें विकेट के लिए 55 रन जोड़े।

शार्दुल ठाकुर ने 6.3 ओवर में 37 रन देकर चार विकेट लिए। जयदेव उनादकट को एक और कुलदीप यादव को दो विकेट मिले।

इसके बावजूद एशिया कप और विश्व कप से पहले कई प्रश्न अनुत्तरित रह गए हैं। मसलन ईशान का प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन अगर केएल राहुल फिट होते हैं तो फिर उनका बल्लेबाजी क्रम क्या होगा। ईशान के लिए रोहित शर्मा अपना बल्लेबाजी क्रम छोड़ेंगे, इसकी संभावना कम ही है।

अगर ईशान को मध्यक्रम में उतारा जाता है तो क्या यह सही होगा। श्रेयस अय्यर अगर फिट नहीं होते हैं तो सैमसन चौथे नंबर पर उतर सकते हैं। लेकिन पूरा समय होने के बावजूद वह कल बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। सूर्यकुमार यादव भी 35 रन बनाकर आउट हो गए और टी20 वाला फॉर्म वनडे में दिखाने में नाकाम रहे। श्रेयस और राहुल दोनों के फिट होने पर उनके लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल हो जाएगा। गेंदबाजी में भी युजवेंद्र चहल को एक भी मैच में मौका नहीं दिया गया। अब विश्व कप से पहले भारत को सिर्फ नौ मैच (अगर टीम एशिया कप फाइनल में पहुंचती है) खेलने हैं। रविंद्र जडेजा स्पिनर के तौर पर पहली पसंद हैं जिससे अक्षर पटेल के लिए जगह नहीं बनती। वहीं जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और शार्दुल के रहते मुकेश कुमार के लिए जगह बना पाना मुश्किल होगा।

## पाक को भारत में विश्व कप के लिए सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल की स्वीकृति का इंतजार

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को 50 ओवर के विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम को भेजने की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है लेकिन इससे पहले एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत का दौरा करेगा और अपनी स्वीकृति देगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने समीक्षा करने और विश्व कप में भारत के प्रतिनिधित्व पर फैसला करने के लिए एक समिति का गठन किया है। समिति विदेशी मंत्री बिलावल भुट्टो की अध्यक्षता गुरुवार को पहली बार बैठक करेगी। पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ भी बैठक में हिस्सा लेंगे। समिति के करीबी एक सूत्र ने बताया, समिति के सिफारिश करने की उम्मीद है कि एक शीर्ष स्तरीय सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के विश्व कप मुकाबलों के सभी आयोजन स्थलों का दौरा करने भारत जाएगा और सुरक्षा तथा अन्य इंतजामों की समीक्षा करेगा। इस 14 सदस्यीय समिति में विभिन्न मंत्रियों और सलाहकारों को जगह मिली है। इसमें विदेश मंत्री के अलावा गृह मंत्री, कानून मंत्री, अंतर प्रांतीय समन्वयक मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, कश्मीर मामलों के सलाहकार, विदेश सचिव के अलावा खुफिया एजेंसियों और अन्य संवेदनशील विभाग के प्रतिनिधि शामिल है। सैद्धांतिक रूप से पाकिस्तान के भारत में खेलने को लेकर कोई आपत्ति नहीं है।

# लारा ने गिल व किशन से कहा, तीसरी एकादश भी उतार सकता है भारत

**भाषा।** तारोबा (त्रिनिदाद)



**भारतीय** क्रिकेट में युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि देश की सीनियर पुरुष टीम इस समय दो नहीं बल्कि तीसरी एकादश भी उतार सकती है।

महान बल्लेबाजों में शामिल लारा शुभमन गिल और इशान किशन के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। भारत ने गिल और इशान के अर्धशतक से मंगलवार को निर्णायक तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज को 200 रन से हराया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर डाले गए वीडियो में लारा ने भारतीय क्रिकेटरों से बात करते हुए कहा, भारत मेरे लिए दूसरे घर की तरह है। मैंने हमेशा से भारत में युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सामने आते हुए देखा है। उन्होंने कहा, यहां भारतीय टीम के साथ मौजूदा प्रतिभावान खिलाड़ियों को देखकर और इस समय उनके पास जितनी सारी टीम हैं उन्हें देखकर लगता है कि वे दूसरी एकादश चुन सकते हैं और यहां तक कि तीसरी एकादश भी। भारत ने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की गैरमौजूदगी में तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच जीता।

लारा ने इशान को वेस्टइंडीज के युवा क्रिकेटरों को सलाह देने को कहा। वेस्टइंडीज की टीम के प्रदर्शन में पिछले कुछ समय में लगातार गिरावट आई है। किशन ने कहा कि वेस्टइंडीज के युवा खिलाड़ियों के पास जब लारा जैसा कोई है तो उन्हें मदद के लिए किसी और की तरफ देखने की जरूरत नहीं है। किशन ने कहा, मुझे लगता है कि जब बात इस खेल की आती है तो भूख सबसे महत्वपूर्ण चीज है। आप टीम, अपने लिए, अपने परिवार के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं, यहां वेस्टइंडीज में इतने सारे शानदार खिलाड़ी हैं जिनसे वे हमेशा बात कर सकते हैं, आपके जैसे लोग। उन्होंने कहा, वे आपके (लारा के) पास आ सकते हैं और इसके बारे में इस खूबसूरत अकादमी में बात कर सकते हैं, आपके अनुभवों और सभी चीजों से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। इन छोटी चीजों से युवाओं को मदद मिलेगी। गिल ने कहा कि लारा की प्रवाहमय बल्लेबाजी से उन्हें काफी प्रेरित किया। उन्होंने कहा, उनके बारे में मेरी सारी यादें गेंदबाजों के खिलाफ शॉट खेलने और उन्हें निशाना बनाने की हैं, विशेषकर लाल गेंद के क्रिकेट में। लारा ने कहा कि वह इन दो युवा खिलाड़ियों को स्टेडियम या अपने नाम पर बनी अकादमी में देखकर बेहद खुश हैं।

बातचीत के दौरान इशान ने कहा कि एक बार उन्हें इंस्टाग्राम पर लारा का संदेश मिला था जिससे वह स्तब्ध थे क्योंकि वह उनके दर्जे के खिलाड़ी से ऐसी उम्मीद नहीं कर रहे थे।

## कगातलाना के अंत में किए गए गोल से दक्षिण अफ्रीका नॉकआउट दौर में

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** दक्षिण अफ्रीका ने थेम्बी कगातलाना के अंत में किए गए गोल की मदद से बुधवार को यहां इटली पर 3-2 की जीत से महिला विश्व कप के नॉकआउट दौर में प्रवेश किया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार विश्व कप के अंतिम 16 में जगह बनाई। हिल्डा मगाइया ने 67वें मिनट में किए गए गोल से दक्षिण अफ्रीका को 2-। से बढ़त दिलाई। इससे पहले आरियाना कारुसो ने 11वें मिनट में इटली को बढ़त दिलाई थी। बेनेडेटा ओरसी के 32वें मिनट में आत्मघाती गोल दागकर दक्षिण अफ्रीका को बराबरी पर ला दिया। कारुसो ने इटली केलिए 74वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर किया। कगातलाना ने 90्2वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को नॉकआउट पहुंचा दिया, वही आठवी रैंकिंग की इटली महज ड्रा से भी अगले दौर में पहुंच सकती थी। दक्षिण अफ्रीका अब रविवार को राउंड 16 मैच में नीदरलैंड से खेलेगा। स्वीडन ग्रुप जी में अर्जेंटीना को 2-0 से हराकर शीर्ष पर रहा और अब उसका सामना गत चैम्पियन अमेरिका से होगा।

## स्वीडन ग्रुप जी में शीर्ष पर रहा, राउंड 16 में अमेरिका से होगा सामना

**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड)।** रेबेका ब्लोमक्विस्ट के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत स्वीडन ने बुधवार को यहां महिला विश्व कप मैच मे अर्जेंटीना पर 2-0 की जीत से राउंड 16 में प्रवेश किया जिसमें उसका सामना अमेरिका से होगा। अर्जेंटीना टूर्नामेंट से बाहर हो गया। दोनो टीमे पहले हाफ मे गोल करने का कोई अच्छा मौका नही बना सकी लेकिन ब्लोमक्विस्ट ने 66वे मिनट मे हेडर गोल से अपनी टीम को आगे कर दिया। फिर एलिन रुबेनसन ने 90वे मिनट मे पेनल्टी से गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया।

## ब्राजील का निराशाजनक अभियान खत्म, विश्वकप के नॉकआउट में पहुंचा जमैका

**मेलबर्न (आस्ट्रेलिया)।** ब्राजील बुधवार को यहां जमैका से गोलरहित ड्रा के कारण 1995 के बाद पहली बार फीफा महिला विश्व कप के नॉकआउट चरण मे पहुंचने में असफल रही जिससे उसका निराशाजनक अभियान समाप्त हुआ। वही जमैका ने अंक बांटने से पहली बार फीफा विश्व कप के प्री क्वार्टरफाइनल मे प्रवेश किया जिसने 2019 मे इस महासमर मे पदार्पण किया था। ब्राजील और फ्रांस दोनो से निचली रैंकिंग पर काबिज जमैका ने टूर्नामेंट से पहले के आर्थिक सकंट से जूझने के बावजूद अगले दौर मे प्रवेश किया जिसकी संभावना बहुत कम लग रही थी। अब जमैका का सामना एडीलेड मे अगले हफ्ते ग्रुप एच की विजेता टीम से होगा।

## भारत ने निशानेबाजी में रजत, एथलेटिक्स में कांस्य जीता

**चेंगदू।** भारतीय निशानेबाजों इलावेनिल वलारिवान और दिव्यांश सिंह पंवार ने बुधवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय खेलों की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि भवानी यादव भगवती ने महिला लंबी कूद में कांस्य पदक जीता। इलावेनिल और दिव्यांश को स्वर्ण पदक के मुकाबले में यू झेंग और बुहान सोग की चीन की जोड़ी के खिलाफ 13-17 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी क्वालिफिकेशन चरण एक में कुल 635.3 अंक के साथ शीर्ष पर रही थी। चीन की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी 629.7 अंक के साथ छठे स्थान पर थी। इलावेनिल और दिव्यांश की जोड़ी क्वालिफिकेशन चरण दो में भी कुल 421.3 अंक के साथ शीर्ष पर रही। चीन की जोड़ी 420.7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही।

# हम युवाओं को मौके दे रहे हैं : हार्दिक पंड्या

**भाषा।** तारोबा



**स्टार** हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे में आराम इसलिए दिया गया ताकि विश्व कप से पहले युवा खिलाड़ियों को मौके मिल सकें। भारत ने तीन मैचो की श्रृंखला 2-1 से जीती।

हार्दिक ने तीसरा वनडे 200 रन से जीतने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, विराट और रोहित टीम का अभिन्न अंग हैं। वैसे रूतुराज और अक्षर को भी मौका देना जरूरी था क्योंकि वे इतने साल से खेल रहे हैं। उन्हें पता हैं कि इस तरह की परिस्थितियों में कैसे खेलना है। उन्होंने कहा, इसका मकसद युवाओं को मौका देना था ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अगर हमें किसी को परखना है तो उसका मौका दिया जाए।

पहले दो मैच में नाकाम रहने के बाद हार्दिक ने तीसरे मैच में 52 गेंद में नाबाद 70 रन बनाए और उन्होंने इसके लिए कोहली को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैने विराट से दो दिन पहले काफी उपयोगी चर्चा की। उसने मुझे सलाह दी। वह मुझे इतने साल से खेलते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रीज पर कुछ समय बिताओ और 50 ओवरों का मैच खेलने की आदत डालो। उसने महत्वपूर्ण सलाह दी जो मेरे दिमाग में रही। हार्दिक ने कहा, मैं मौके के इंतजार में ही था और एक बार लय हासिल करने के बाद मैने अच्छी पारी खेली। दूसरा वनडे हारने के बाद भारत पर वेस्टइंडीज में 17 साल बाद श्रृंखला हारने का खतरा मंडराने लगा था लेकिन हरफनमौला खेल से भारत ने तीसरा वनडे जीता।

## हार्दिक ने वेस्टइंडीज बोर्ड को लताड़ा

**तारोबा।** भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने यहां दौरे पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड को इन मसलों का हल निकालने पर गौर करना चाहिए। रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में हार्दिक की कप्तानी में भारत ने तीसरा वनडे 200 रन से जीतकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। हार्दिक ने मैच के बाद कहा, यह सबसे खूबसूरत मैदानों में से एक है। लेकिन अगली बार जब हम यहां आए तो चीजें बेहतर हो सकती है। यात्रा से लेकर हर चीज के प्रबंधन तक। पिछले साल भी कुछ परेशानियां हुई थी। उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट को इस पर गौर करके यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जब कोई टीम दौरे पर आती है तो उसे लक्जरी नहीं चाहिए होती है, बल्कि मूलभूत जरूरतों का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इसके अलावा हमने यहां खेलने का पूरा मजा लिया। इससे पहले भारतीय टीम की त्रिनिदाद से बारबडोस की देर रात की फ्लाइट करीब चार घंटे देरी से रवाना हुई जिससे श्रृंखला के पहले मैच से पूर्व खिलाड़ियों की नींद पूरी नहीं हुई। उन्होंने बीसीसीआई से इसे लेकर नाराजगी जताई थी।

## डियानी की हैट्रिक, फ्रांस ने पनामा को 6-3 से हराया

**सिडनी।** कादिदियातू डियानी की हैट्रिक की बदौलत फ्रांस ने बुधवार को यहां पनामा पर 6-3 की जीत से महिला विश्व कप के नॉकआउट दौर में प्रवेश किया।

दुनिया की पांचवें नंबर की टीम ने शुरुआती झटके से उबरते हुए ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। जमैका ने ब्राजील से गोलरहित ड्रा खेला जिससे वह दूसरे स्थान पर है।

मार्टा कॉक्स ने दूसरे ही मिनट में गोल कर पनामा को बढ़त दिला दी। माएले लाकरार 21वें मिनट में फ्रांस को बराबरी दिलाई। डियानी ने 28वें, 37वें और 52वें मिनट में गोल कर हैट्रिक लगाई। फ्रांस के लिए लिया लि गारेक और विकी बेचो ने अन्य दो गोल किए। पनामा की ओर से योमिरा पिनजोन और लिनेथ सेडेनो ने एक एक गोल दागे। फ्रांस ने जमैका से शुरुआती मैच में गोलरहित ड्रा खेला था। लेकिन उसने ब्राजील और 52वीं रैंकिंग की पनामा पर जीत से ग्रुप में पहला स्थान प्राप्त किया।

# इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के अंक कटे, धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**भाषा।** दुबई



**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को कहा कि उसने हाल में संपन्न एशेज श्रृंखला के दौरान धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों के अंक काटे हैं और दोनों पर मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी विज्ञप्ति में कहा कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पर निर्धारित समय में प्रत्एक ओवर कम फेंकने के लिए एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक का जुर्माना और मैच फीस काटी गई है। पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला 2-2 से बराबर रही।

आईसीसी ने कहा, संशोधित नियमों के तहत उन पर निर्धारित समय में प्रत्एक ओवर कम फेंकने के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना और एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक काटा गया है। डब्ल्यूटीसी चक्र 2023-25 में प्रत्एक टेस्ट जीतने पर 12 अंक और ड्रॉ होने पर चार अंक दिए जाते हैं। चौथे टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए ऑस्ट्रेलिया के 10 अंक काटे गए। मेजबान इंग्लैंड को हालांकि एशेज श्रृंखला में ज्यादा नुकसान हुआ और पांच में से चार टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए उसके 19 अंक काटे गए। आईसीसी ने कहा, इंग्लैंड ने एजबस्टन में पहले टेस्ट में निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंके, लार्ड्स में दूसरे टेस्ट में नौ, ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में तीन और द ओवल में पांचवें और अंतिम टेस्ट में पांच ओवर कम फेंके।

इस तरह इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में दो, दूसरे टेस्ट में नौ, चौथे टेस्ट में तीन ओर पांचवें टेस्ट में पांच अंक से कुल 19 अंक गंवाए। ओवर गति से जुड़ी नई सजा की घोषणा पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान की गई थी और इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया गया। अंक काटने के अलावा इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पर जुर्माना भी लगाया गया। आईसीसी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया पर मैनचेस्टर टेस्ट (चौथे टेस्ट) में 10 ओवर कम फेंकने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है (प्रत्एक कम ओवर के लिए पांच प्रतिशत और अधिकतम 50 प्रतिशत)। आईसीसी ने कहा, इंग्लैंड पर धीमी ओवर गति के कारण पहले टेस्ट के लिए 10 प्रतिशत, दूसरे टेस्ट के लिए 45 प्रतिशत, चौथे टेस्ट के लिए 15 प्रतिशत और पांचवें टेस्ट के लिए 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। श्रीलंका को उसकी सरजमीं पर 2-0 से हराकर पाकिस्तान 24 अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है। भारत 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# सिंधू, श्रीकांत और प्रणय ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में, मंजूनाथ ने उलटफेर किया

**भाषा।** सिडनी

**स्टार** खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत सीधे गेम में जीत के साथ बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे जबकि मिथुन मंजूनाथ ने चौथे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी सिंगापुर के कीन ईउ लोह को हराकर उलटफेर किया।

दुनिया के 50वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ ने पुरुष एकल के पहले दौर के 41 मिनट चले मुकाबले में लोह को 21-19 21-19 से हराया। मंजूनाथ इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के अगले दौर में मलेशिया के दो खिलाड़ियों ली जी जिया और लियोंग जुन हाओ के बीच होने वो मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

इस बीच लक्ष्य सेन चोट के कारण हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ पुरुष एकल मैच के बीच से हट गए। लक्ष्य ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब वह पहले गेम में 0-5 से पीछे थे।

मौजूदा सत्र में टूर पर सात प्रतियोगिताओं के पहले दौर में शिकस्त झेलने वाली पांचवी वरीय सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर में हमवतन अष्मिता चालिहा को 36 मिनट में 21-18 21-13 से हराया।

पुरुष एकल के पहले दौर के अन्य मुकाबलों में दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने जापान के केंता निशिमोतो को 21-18 21-7 से हराया जबकि एचएच प्रणय कड़े मुकाबले में हांगकांग के च्युक ईयु ली 21-18 16-21 21-15 से शिकस्त दी।

उभरते हुए खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने भी ऑस्ट्रेलिया के नाथन टैंग को 21-12 21-16 से हराया।

महिला एकल में आकर्षी कश्यप ने मलेशिया की जिन वेई गोह को 21-15 21-17 से हराया लेकिन मालविका बंसोड़ को चीनी ताइपे की यू पो पेई के खिलाफ 20-22 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

दूसरे दौर के बार टूर्नामेंट के महिला एकल में सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी बचेगी क्योंकि अगले दौर में सिंधू और आकर्षी आमने सामने होंगी।

मिश्रित युगल में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी को पहले दौर में दुनिया की पांचवें नंबर की सियुंग जेई सियो और यू जुंग चेई की कोरिया की जोड़ी के खिलाफ 14-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारतीय टीम हांगझोउ में नहीं जीती तो क्वालीफायर के लिए पाक जाएगी: टिर्की

**भाषा।** चेन्नई

**हॉकी** इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय पुरुष टीम अगर 23 सितंबर से शुरु होने वाले आगामी हांगझोऊ खेलों से 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में विफल रहती है तो क्वालीफायर खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी।

नियमों के अनुसार एशियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को सीधे ओलंपिक में जगह मिलेगी लेकिन अन्य देशों को क्वालीफायर खेलने होंगे और इस बार इनके आयोजन के स्थल के तौर पर पाकिस्तान और स्पेन की पहचान की गई है।

टिर्की ने बुधवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, हम हांगझोउ में काम पूरा (ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना) करने की कोशिश करेंगे। लेकिन अगर किसी कारण से हम क्वालीफाई नहीं कर पाते तो क्वालीफायर के लिए कुछ स्थल (पाकिस्तान और स्पेन) निर्धारित किए गए हैं। इसलिए जहां भी ए आयोजित होंगे, हम निश्चित रूप से जाएंगे।

पाकिस्तान जाने के लिए सरकारी मंजूरी की जरूरत होती है और यह देखना होगा कि अगर ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है कि राष्ट्रीय हॉकी टीम को क्वालीफायर खेलने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने की जरूरत होगी तो केंद्र का रूख क्या रहता है।

जब पूछा गया कि खिलाड़ी चीन के लिए रवाना होने से पहले एशियाई चैम्पियंस ट्राफी खेलकर खुद पर चोटिल होने का जोखिम उठा रहे हैं तो टिर्की ने कहा कि कोई खिलाड़ी ट्रेनिंग या अभ्यास मैचों के दौरान भी चोटिल हो सकता है। उन्होंने कहा, ध्यान देने वाली सबसे अहम चीज यह है कि हम प्रत्एक बड़े टूर्नामेंट से पहले अभ्यास मैच खेलते हैं। तो क्या तब चोटिल होने का डर नहीं लगा रहता? इसलिए मुझे लगता है कि हमें इस टूर्नामेंट को सकारात्मक तरीके से अभ्यास के तौर पर लेना चाहिए और यह भी प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट है। टिर्की ने कहा, अभी एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए कुछ समय बचा है। चोटें अभ्यास मैच के दौरान भी लग सकती हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हमें इससे ज्यादा परेशान नहीं होना चाहिए और अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान लगाना चाहिए।

चेन्नई में 16 साल में पहली बार प्रतिस्पर्धी अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की वापसी होगी।

## कांस्य पदक जीतने पर पाकिस्तानी भाला फेंक एथलीट को बधाई दी नीरज चोपड़ा ने

**कराची।** भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले पाकिस्तान के युवा भाला फेंक एथलीट मोहम्मद यासिर को फोन करके बधाई दी। यासिर ने बैंकॉक में टूर्नामेंट के दौरान 79.93 मीटर के थ्रो से तीसरा स्थान हासिल किया। यासिर ने जियो टीवी से कहा, हाल में भाला फेंक स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के बाद जब नीरज चोपड़ा ने मुझे फोन किया और मेरे प्रदर्शन की प्रशंसा की तो मेरे लिए खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने मुझे भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं भी दीं। भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप में छह स्वर्ण, 12 रजत से कुल 27 पदक अपने नाम किए थे और पाकिस्तान के लिए एकमात्र पदक यासिर ने जीता। पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम ने चोटिल होने के कारण इस चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था। यासिर ने कहा कि वह चोपड़ा के प्रदर्शन और उनके ट्रेनिंग दिनचर्या का अनुकरण करते हैं। यासिर ने कहा, पाकिस्तान और भारतीय खिलाड़ियों के बीच सिर्फ यही अंतर है कि उन्हें लंबे समय के लिए विदेशी कोच के साथ ट्रेनिंग करने का मौका मिलता है और वो भी ऐसे देशों की सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं में जो शीर्ष एथलीट तैयार करने के लिए मशहूर हैं।

# भारत में मिलता है घर जैसा प्यार, द्विपक्षीय हॉकी फिर से शुरू होनी चाहिए

**भाषा।** नई दिल्ली

**अपने** खेलने के दिनों में भारत में काफी लोकप्रिय रहे पाकिस्तान हॉकी के पूर्व स्टार फॉरवर्ड और मौजूदा कोच रेहान बट का कहना है कि दुनिया में सबसे ज्यादा मजा उन्हें भारत में ही खेलने में आया है जहां उन्हें हमेशा घर जैसा प्यार मिला है और अब समय आ गया है कि दोनों एशियाई दिग्गजों के बीच द्विपक्षीय हॉकी बहाल की जाए।

तीन ओलंपिक और दो विश्व कप समेत पाकिस्तान के लिए 274 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके रेहान चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए आई पाकिस्तानी टीम के कोच हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का बहुचर्चित मुकाबला नौ अगस्त को होना है। रेहान ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा, मैंने सुना है कि भारत पाकिस्तान मैच के सारे टिकट बिक गए हैं। इस मैच का जबर्दस्त क्रेज है और मुझे लगता है कि भारत पाकिस्तान हॉकी की इस लोकप्रियता को भुनाने के लिए द्विपक्षीय हॉकी फिर शुरू होनी चाहिए। प्रायोजकों, प्रसारकों और खिलाड़ियों सभी को इससे फायदा होगा।

जर्मनी में चैम्पियंस ट्रॉफी 2002 में आखिरी मिनटों में दो गोल करके पाकिस्तानी टीम को भारत पर चमत्कारिक जीत दिलाने वाले बट ने कहा, मैने दुनिया भर में हॉकी खेली है लेकिन जो मजा हिंदुस्तान में खेलने में आता था, वह और कहीं नहीं। ऐसा लगता था मानो हम पाकिस्तान में ही खेल रहे हैं। यहां हमें हमेशा बहुत प्यार मिला और अच्छे दोस्त भी बने।

पाकिस्तान ने एसीटी में युवा टीम भेजी है जिसमें अधिकांश खिलाड़ी जूनियर एशिया कप टीम के हैं और मकसद एशियाई खेलों के लिए सही संयोजन तलाशना है। रेहान ने कहा, पिछले दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद हमने इस बार दीर्घकालिन रणनीति बनाई है। टीम में कप्तान उमर भुट्टा और राणा वाहिद ही अनुभवी खिलाड़ी हैं और करीब 70 प्रतिशत खिलाड़ी तो सीनियर स्तर पर भारत का सामना पहली बार ही करेंगे।

आखिरी बार चेन्नई में 2007 एशिया कप में खेलने वाले इस स्टार फॉरवर्ड ने भारत के खिलाफ मैच के दबाव के बारे में कहा, चूंकि हमारी टीम युवा है और भारत दुनिया की चौथे नंबर की टीम है तो खिलाड़ियों पर दबाव तो रहेगा ही। लेकिन भारत पर अपनी धरती पर खेलने का दबाव रहेगा। अगर हमारी टीम भारत के खिलाफ अच्छा खेलती है तो उसका आत्मविश्वास बढेगा। उन्होंने कहा कि एसीटी के जरिए पाकिस्तानी टीम चीन के हांगझोउ में अगले महीने से होने वाले एशियाई खेलों की अपनी तैयारी को पुख्ता करने उतरी है। उन्होंने कहा, हमारे युवा खिलाड़ियों में काफी संभावना है और एसीटी में खेलकर उन्हें अच्छा अनुभव मिलेगा। हम एशियाई खेलों के जरिए ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं। इसी के लिए पाकिस्तानी हॉकी का बुनियादी ढांचा भारत की तरह मजबूत बनाने पर काम कर रहे हैं। जूनियर खिलाड़ियों का सीनियर स्तर खेलने का माध्यम बनेगा यह टूर्नामेंट। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने का माद्दा है। एशियाई खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य रहे रेहान ने कहा, भारत विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर है और अगर इसी तरह खेलती रही तो पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार होगी। एसीटी में तो भारत को फाइनल तक पहुंचने में दिक्कत नहीं आनी चाहिए और हम भी 12 अगस्त के खिताबी मुकाबले में जगह बनाकर हॉकीप्रेमियों को भारत. पाकिस्तान फाइनल का तोहफा देना चाहेंगे।

## एशियाई खेलों की तैयारी को पुख्ता करने उतरेगी भारतीय टीम

**चेन्नई।** खिताब की प्रबल दावेदार और तीन बार की चैम्पियन भारतीय टीम यहां बृहस्पतिवार से शुरू हो रही एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए एशियाई खेलों की अपनी तैयारी पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और यहां राधाकृष्णन स्टेडियम पर चीन के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस मैदान पर 2007 के बाद पहली बार कोई बड़ा टूर्नामेंट हो रहा है। भारत 2011 के बाद पहली बार एसीटी की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम का मकसद अपने खिलाड़ियों को आजमाना और एशियाई प्रतिद्वंद्वियों का आकलन करना होगा। एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच खेले जाएंगे। एशियाई खेलों के जरिए पेरिस ओलंपिक का सीधे टिकट मिलेगा लिहाजा भारतीय टीम एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी को हलके में नहीं लेगी। इसके साथ ही खिलाड़ियों को एशियाई खेलों के लिए तरोताजा और चोटमुक्त भी रखना होगा। एशियाई खेलों से महज पांच सप्ताह पहले एसीटी के आयोजन पर टीमों ने ऐतराज जताया है लेकिन भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, आपको मैच अभ्यास चाहिए और इसलिए खेलना जरूरी है। अच्छी बात यह है कि इसका आयोजन भारत में ही हो रहा है।